आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

आज
* डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम जयंती

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 273 | उज्जैन, गुरुवार 15 अक्टूबर, 2026 | आश्विन शुक्ल 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

11.40 लाख रेलवे कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस मिलेगा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने दिवाली से पहले रेलवे के करीब 11.40 लाख कर्मचारियों को 78 दिन का बोनस देने की मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव के मुताबिक, इस पर करीब 2,009 करोड़ रु. खर्च होंगे। बुधवार को कैबिनेट बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा, सरकार ने तीन पेंशन योजनाओं से इंदिरा गांधी का नाम हटाकर उनमें प्रधानमंत्री शब्द जोड़ने का फैसला किया है। दिव्यांगों की पेंशन नियमों में भी बदलाव को मंजूरी दी गई है। इसके तहत अब दिव्यांगों को 18 साल की बजाय जन्म से पेंशन मिलेगी।

सीजेपी को अमेरिका से फंडिंग मिल रही : सिंगर मैरी मिलबेन

वॉशिंगटन डीसी। हॉलीवुड सिंगर मैरी मिलबेन ने कॉकरोच जनता पार्टी पर अमेरिका से फंडिंग मिलने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के विरोधी अमेरिकी डोनर्स अभिजीत दीपके को पैसा भेज रहे हैं। उनके मुताबिक इस पैसे का इस्तेमाल भारत में अशांति फैलाने और सरकार के काम में रुकावट डालने के लिए किया जा रहा है। मिलबेन ने एक्स पर पोस्ट कर भारत के युवाओं से आवाज उठाने की अपील करते हुए लिखा, यह चुप रहने का समय नहीं है।

लखनऊ में 15 दिनों से बाढ़, 5 लाख लोग प्रभावित

नई दिल्ली। लखनऊ में 15 दिनों से बाढ़ के हालात बने हुए हैं। 5 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। सबसे ज्यादा परेशानी फैजुल्लागंज में है। यहां 50 से 60 हजार से अधिक घर आधे से ज्यादा पानी में डूबे हैं। कुछ इलाकों में जलस्तर घटा है, लेकिन लोगों की मुश्किलें कम नहीं हुई हैं। सड़कों पर नाव चल रही हैं। राजस्थान में आज एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस एक्टिव होगा, जिसके असर से 16 अक्टूबर तक राज्य के उत्तर-पूर्वी जिलों में आंधी-बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले गिर सकते हैं। मौसम विभाग ने 14 अक्टूबर को 5 जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है।

राष्ट्रपति भवन में दिखाई जा सकती है फिल्म रामायण



दावा- राजनीतिक नेताओं के लिए स्क्रीनिंग की तैयारी, अनुमतियां लेने में जुटे मेकर्स

मुंबई। फिल्म रामायणः पार्ट वन 5 नवंबर को रिलीज होने वाली है। इसी दिन दिल्ली के राष्ट्रपति भवन में राजनीतिक नेताओं के लिए फिल्म की स्क्रीनिंग हो सकती है। मिड-डे की रिपोर्ट में ऐसा दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, मेकर्स इस खास स्क्रीनिंग के लिए जरूरी अनुमतियां लेने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक कार्यक्रम की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, स्क्रीनिंग में रणबीर कपूर, यश, साई पल्लवी और फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा, मेकर्स फिल्म के दो प्रीमियर आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। इनमें से एक मुंबई और दूसरा दिल्ली में हो सकता है। मुंबई में प्रीमियर के लिए नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर का नाम सामने आया है। बता दें कि फिल्म 'रामायण' के पहले पार्ट का ट्रेलर 30 जुलाई को सुबह 4:15 बजे, ब्रह्म मुहूर्त के शुभ अवसर पर दुनिया भर में लॉन्च किया था। 'रामायण' के ट्रेलर को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम समेत कई भाषाओं में एक साथ डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज किया गया था।

नैनो न्यूज

- **बिहार** : पटना में दर्दनाक हादसे में गंगा में नाव डूबी, 13 मौतें, मरने वालों में एक ही परिवार की 7 बच्चियां।
- **मुंबई** : 10 मंजिला इमारत में लगी भीषण आग, जान बचाने के लिए बालकनी से लटके लोग, 2 महिलाओं की मौत।
- **नई दिल्ली** : कैबिनेट से मंजूरी, आईडीबीआई बैंक की 60.72% हिस्सेदारी बेचेगी सरकार, फेयरफैक्स की कनाडाई कंपनी करेगी अधिग्रहण।
- **नई दिल्ली** : एअर इंडिया फ्लाइट से मिला हाईजैक अलर्ट, पायलट का इनकार, जर्मनी-दिल्ली फ्लाइट की जयपुर में इमरजेंसी लैंडिंग कराई, कैप्टन स्मित मच्छार ने भी ऐसा मैसेज भेजा था।
- **इजराइल** : पाकिस्तानी पायलटों की नो-एंट्री, नेतन्याहू सरकार ने बैन लगाया; राजनयिक संबंध नहीं रखने वाले देशों के क्रू पर सख्ती की।
- **होर्मुज** : बारूदी सुरंग से टकराकर जहाज डूबा, जंग शुरू होने के बाद पहली बार ऐसा हुआ, 2500 कंटेनर थे।

वोट के अधिकार पर हमला बर्दाश्त नहीं, विपक्ष और युवा एकजुट होकर भाजपा के खिलाफ लड़ेंगे

विपक्षी दलों और छात्रों की एकजुटता पर जोर, एसआईआर प्रक्रिया पर उठाए सवाल, मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

विपक्षी दलों और युवा संगठनों की एकजुटता पर जोर देते हुए वक्ता ने भाजपा पर लोकतंत्र और संविधान की बुनियादी भावना पर हमला करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि देश के नागरिक अपने मतदान के अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करने को तैयार हैं। किसी भी स्थिति में कथित तौर पर छीने गए जनादेश या कमजोर लोकतंत्र को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

वक्ता ने कहा कि जब आम नागरिक अपने मतदान के अधिकारों की मांग को लेकर सड़कों पर उतरते हैं, तब उनके विरोध प्रदर्शन के अधिकार को भी सीमित करने की कोशिश नहीं होनी चाहिए। लोकतंत्र में असहमति जताना और सरकार से सवाल पूछना नागरिकों का अधिकार है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान के मूल सिद्धांतों को कमजोर कर रही है।

विपक्षी दलों और युवाओं की एकजुटता पर जोर



वक्ता ने कहा कि देश के आम लोगों ने लोकतंत्र की स्थापना और संविधान की रक्षा के लिए संघर्ष किया है तथा बलिदान दिए हैं। ऐसे में वे कथित तौर पर प्रभावित जनादेश और समझौता किए गए लोकतंत्र को स्वीकार करने के लिए तैयार नहीं हैं। उन्होंने विपक्षी दलों के एकजुट होने को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि छात्र और देश के युवा भी इस मुद्दे पर साथ खड़े हैं। उन्होंने दावा किया कि आने वाले महीनों में विपक्षी दलों और युवाओं का प्रमुख संघर्ष भाजपा के खिलाफ होगा। उनके अनुसार, मतदान के अधिकारों से जुड़ा सवाल केवल चुनावी प्रक्रिया तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों से भी जुड़ा है।

एसआईआर प्रक्रिया पर सवाल- वक्ता ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि विपक्षी दल लंबे समय से इसकी निष्पक्षता को लेकर चिंता जता रहे हैं। उन्होंने आशंका व्यक्त की कि इस प्रक्रिया का इस्तेमाल मतदाता सूची को अद्यतन करने के बजाय राजनीतिक लाभ के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि मतदाता सूची तैयार करने की प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं रही, तो इससे चुनावी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो सकती है। वक्ता ने कहा कि नागरिकों को यह भरोसा होना चाहिए कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने और संशोधित करने की प्रक्रिया पारदर्शी तथा निष्पक्ष तरीके से संचालित की जा रही है।

सरकार की आलोचना को राष्ट्रविरोधी बताने पर आपत्ति

वक्ता ने कहा कि सरकार की आलोचना करने वालों को राष्ट्रविरोधी या गद्दार कहकर उनकी आवाज दबाने का प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। उनके अनुसार, सरकार की नीतियों और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने भाजपा और चुनावी व्यवस्था से जुड़ी संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मतदान के अधिकारों की रक्षा के लिए विपक्षी दलों, छात्रों और युवाओं की एकजुटता आवश्यक है। वक्ता का मुख्य संदेश यह था कि मतदाता अधिकारों, चुनावी पारदर्शिता और लोकतांत्रिक मूल्यों से जुड़े सवालों पर विपक्षी दलों तथा युवाओं को एकजुट होकर आवाज उठानी चाहिए। हालांकि, एसआईआर प्रक्रिया और चुनाव आयोग के संबंध में लगाए गए आरोप वक्ता के दावे हैं; उनकी स्वतंत्र पुष्टि के लिए संबंधित तथ्यों और चुनाव आयोग के पक्ष की जांच आवश्यक है।

चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त पर निशाना

वक्ता ने चुनाव आयोग की भूमिका पर भी सवाल उठाए और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता को लेकर उठ रही चिंताओं का संतोषजनक समाधान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी संस्था की विश्वसनीयता उसके कामकाज की पारदर्शिता और निष्पक्षता से तय होती है। मतदाता अधिकारों को लेकर उठ रहे सवालों पर चुनाव आयोग को जवाब देना चाहिए।

मध्यप्रदेश में गहराया बिजली संकट, कांग्रेस ने सरकार को घेरा

ग्रामीण इलाकों में कटौती से किसान परेशान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में बिजली संकट अब गहराता जा रहा है। प्रदेश के कई जिलों में अघोषित बिजली कटौती के चलते अब विपक्ष के साथ सरकार के मंत्री भी सवाल उठाने लगे हैं। सोमवार को हुई कैबिनेट की विषेष बैठक में भी प्रदेश में बिजली संकट का मुद्दा उठा। उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने बिजली कटौती का मुद्दा मुख्यमंत्री के सामने उठाया जिसका कई वरिष्ठ मंत्रियों ने समर्थन किया है। इससे पहले मंत्री गौतम टेटवाल भी राजगढ़ में बिजली कटौती को लेकर सोशल मीडिया पर अधिकारियों के रवैये पर सवाल उठा चुके है।

वहीं आगर-मालवा में बिजली समस्या को लेकर किसान जब राजगढ़ के सांसद रोडमल नागर को अपनी समस्या सुना रहे थे, तब उन्होंने बिजली की समस्या मानते हुए कैमरा बंद करने को कहा। इसके साथ ही राजस्व मंत्री



करण सिंह वर्मा को अपने क्षेत्र में बिजली कटौती के कारण विरोध का सामना करना पड़ा है।

कई जिलों में अघोषित बिजली कटौती- मध्यप्रदेश में बिजली संकट गहराने के बीच ग्रामीण और अर्धशहरी क्षेत्रों में बिजली कटौती से किसानों की परेशानी बढ़ती जा रही है। प्रदेश के करीब 75 प्रतिशत ग्रामीण और अर्धशहरी इलाकों में दो से आठ घंटे तक बिजली कटौती की जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर बिजली कटौती होने और खेती-किसानी के सीजन में अघोषित बिजली कटौती से जनता अब सड़त पर उतरने लगी है। सीहोर, राजगढ़, देवास, अलीराजपुर, दमोह सहित कई जिलों में बिजली संकट को लेकर लोगों ने अपना विरोध दर्ज कराया है। हालांकि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन जैसे प्रमुख शहरों को इस कटौती से अलग रखा गया है।

किसानों के सामने बड़ी चुनौती- ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती का सीधा असर खेती पर पड़ रहा है। धान की फसल को बचाने के लिए किसानों को समय पर सिंचाई की जरूरत है, लेकिन बिजली नहीं मिलने से खेतों में पानी पहुंचाना मुश्किल हो रहा है। आने वाले दिनों में गेहूं की बुवाई के दौरान भी पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराना बड़ी चुनौती बन सकता है। गेहूं की बुवाई से पहले प्रदेश को चार से छह हजार मेगावॉट अतिरिक्त बिजली की जरूरत पड़ सकती है। दूसरी ओर, थर्मल पावर प्लांटों में कोयले की कमी, कम बारिश के कारण हाइडल बिजली उत्पादन प्रभावित होने और सौर ऊर्जा के भंडारण की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से बिजली आपूर्ति पर दबाव बढ़ रहा है।

कांग्रेस ने बिजली कटौती पर सरकार को घेरा

मध्यप्रदेश में बिजली संकट को लेकर सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस ने प्रदेश में बिजली कटौती का मुद्दा उठाते हुए सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी का आरोप है कि ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में बिजली की अनियमित आपूर्ति से किसान परेशान हैं। खेतों में सिंचाई प्रभावित होने के कारण धान की फसल सूखने का खतरा बढ़ रहा है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने बिजली कटौती पर सरकार को घेरते हुए लिखा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार में खींचतान, जनता बिजली संकट से परेशान। प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती से आम जनता और किसान बेहाल है। कैबिनेट की विशेष बैठक में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा समेत 12 मंत्री बिजली कटौती पर सवाल उठा रहे हैं।

पति को मारकर नीले-ड्रम में भरने वाली मुस्कान को होगी फांसी

प्रेमी साहिल को भी सजा-ए-मौत : मेरठ कोर्ट

एजेंसी ▸▸ मेरठ



मेरठ में प्रेमी के साथ मिलकर पति सौरभ राजपूत की हत्या करने वाली मुस्कान को फांसी की सजा सुनाई गई। उसके प्रेमी साहिल को भी कोर्ट ने फांसी की सजा सुनाई।

सजा सुनाते हुए जज ने कहा- अधर्म के काम पर सजा देना धर्म होता है। मुस्कान-साहिल आप दोनों ने ही सौरभ की नृशंस हत्या की है। इसलिए माफी स्वीकार नहीं होगी। सजा सुनाने से पहले जेल में बंद मुस्कान और साहिल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जोड़ा गया। मुस्कान रस्तोगी और साहिल फूट-फूटकर रोने लगे। जज ने मुस्कान से पूछा- तुम अपने पति सौरभ राजपूत की हत्या में दोषी हो, क्या सजा चाहती हो? उसने जवाब दिया- मेरी बच्चियों का ख्याल रखा जाए। फिर वह खामोश हो गई। इसके बाद साहिल से यही सवाल पूछा गया, तो वह चुप रहा। सजा के ऐलान के बाद सौरभ की मां रो पड़ीं। कहा- शांति से न्याय मिल गया। सौरभ राजपूत की हत्या 3 मार्च, 2025 को हुई थी। मुस्कान और साहिल ने सबूत मिटाने के लिए सौरभ के शव को 5 टुकड़ों में काटकर नीले ड्रम में भर दिया था। इसके बाद उस पर सीमेंट का घोल डाल दिया था।

फांसी की सजा मिलने के बाद साहिल और मुस्कान को लेकर जिला कारागार के भीतर भी व्यवस्था बदल गई है। फैसला आने के बाद शाम को जेल प्रशासन की बैठक हुई।

राहुल यूथ प्रोटेस्टर्स को साथ लाए, पुलिस पर लगाए आरोप

छात्रा ने कहा- प्राइवेट पार्ट पर मारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

एसआईआर के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन करने वाले छात्रों ने बुधवार को राहुल गांधी से मुलाकात की। राहुल ने सभी के साथ मिलकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। जिसमें छात्रों ने दिल्ली पुलिस पर मारपीट और हिरासत में ज्यादती करने के आरोप लगाए।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में एनएसयूआई के छात्र, कार्यकर्ताओं और कंटेंट क्रिएटर्स ने अपने साथ घटनाएं बताईं। एक छात्रा ने प्राइवेट पार्ट पर लात मारने का आरोप लगाया, जबकि दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा अदिरा ने दावा किया कि पुलिस की पिटाई से उसके एक कान से सुनने की क्षमता चली गई। एक अन्य प्रदर्शनकारी ने आरोप लगाया कि पुलिस आरएसएस भाजपा से जुड़े लोगों के कहने पर प्रदर्शनकारियों को हिरासत में ले रही थी। राहुल ने छात्रों से घटनाओं के वीडियो और दूसरे सबूत सुरक्षित रखने को कहा। उन्होंने कहा कि इन सबूतों के आधार पर पुलिसकर्मियों से लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त तक, जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की जाएगी।

सीजेपी कल दिल्ली में करेगी प्रदर्शन दीपके बोले- जेल में डाल दो, परवाह नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने 16 अक्टूबर को प्रदर्शन का ऐलान किया। दीपके ने बुधवार को वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि, सभी लोग 16 अक्टूबर को शाम 5 बजे तिरंगा लेकर कनॉट प्लेस पहुंचे। ये लोग मुझे भी जेल में डाल सकते हैं लेकिन मुझे परवाह नहीं।

एयरपोर्ट से बाहर निकलते समय भीड़ उन पर चिल्लाने लगी। एक पैसेंजर ने कहा- क्यों देश को खराब कर रहा भाई। इस पर दीपके ने बस थम्स अप का इशारा किया और चुपचाप चले गए। उधर सीजेपी प्रवक्ता आशुतोष रांका और सौरव दास को दिल्ली की स्पेशल कोर्ट ने 5 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया है।

राज्य सरकार ने 23 आईएएस अफसरों के तबादले किए

सुखवीर बने सीएम के प्रमुख सचिव, रश्मि को हेल्थ, भरत को जनसंपर्क में सचिव का प्रभार, 11 कलेक्टर भी बदले

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

राज्य सरकार ने मंगलवार देर रात बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 23 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिए। इनमें 11 जिलों के कलेक्टर भी शामिल हैं। पीडब्ल्यूडी और स्वास्थ्य-चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव सुखवीर सिंह को सीएम डॉ. मोहन यादव का प्रमुख सचिव बनाया गया है। वहीं, एमपीआरडीसी के एमडी भरत यादव को जनसंपर्क विभाग के सचिव की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।

सूत्रों के मुताबिक, सूची लगभग फाइनल थी। तभी सीएम ने जनसंपर्क विभाग में भी बदलाव करने की बात रखी। अंतिम समय में भरत का नाम जोड़ा गया।

जनसंपर्क छोड़ना चाहते थे अनुपम राजन : एसीएस अनुपम राजन जनसंपर्क विभाग का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे थे। कुछ दिन पहले उन्होंने उच्च स्तर पर यह जिम्मेदारी छोड़ने की इच्छा जताई थी। तर्क था कि विभाग में ज्यादातर काम पहले हो जाते हैं और बाद में केवल कार्योत्तर मंजूरी के लिए फाइलें आती हैं। ऐसे में यह जिम्मेदारी दूसरे अधिकारी को भी दी जा सकती है। अगस्त में हुए तबादलों के दौरान भी भरत को इंदौर कमिश्नर बनाने पर विचार हुआ था, पर अंतिम समय में नाम हट गया था।



स्वास्थ्य में डेढ़ महीने में बदलाव : स्वास्थ्य की जिम्मेदारी अब एसीएस रश्मि अरुण शमी को मिली है। अगस्त में अशोक वर्णवाल के मुख्य सचिव बनने पर सुखवीर को यह विभाग मिला था। डेढ़ महीने में ही उन्हें सीएम का पीएस बनाया गया है।

जीआईएस 2027 की तैयारी, एमएसएमई को नया सचिव : ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) 2027 की तैयारियों के बीच सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग को लंबे समय बाद नया सचिव मिला है। 2004 बैच के आईएएस जॉन किंग्सली एआर को विभाग की पूरी जिम्मेदारी सौंपी गई है। नगरीय विकास विभाग के आयुक्त संकेत भोंडवे को नई दिल्ली में मध्यप्रदेश भवन के आवासीय आयुक्त की भी जवाबदारी दी गई है। वह अब दिल्ली में रहकर सिंहस्थ और दूसरी योजनाओं के लिए केंद्र से तालमेल बिठाने का भी काम करेंगे।

इन्हें दिया अतिरिक्त प्रभार

केसी गुप्ता - कुटीर एवं ग्रामोद्योग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया, लेकिन उद्यानिकी का अतिरिक्त प्रभार दिया। **शोभित जैन** - पीएस आयुष की मौजूदा जिम्मेदारी के साथ कुटीर एवं ग्रामोद्योग का अतिरिक्त प्रभार दिया। **संकेत भोंडवे** - आयुक्त, नगरीय प्रशासन के साथ दिल्ली स्थित मप्र भवन के आवासीय आयुक्त अतिरिक्त प्रभार दिया। **स्वतंत्र कुमार सिंह** - मछुआ कल्याण सचिव की मौजूदा जिम्मेदारी के साथ इंडस्ट्री का अतिरिक्त प्रभार दिया। **भरत यादव** - एमपीआरडीसी के एमडी के साथ जनसंपर्क सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया। **अभय अरविन्द बेडेकर** - पर्यटन बोर्ड के एएमडी की मौजूदा जिम्मेदारी के साथ आयुक्त व संचालक पुरातत्व का अतिरिक्त प्रभार दिया। **अंशुमन राज** - ईएसबी के एएमडी के साथ साथ अपर मिशन संचालक समग्र का अतिरिक्त प्रभार

इन्हें किया अतिरिक्त प्रभार से मुक्त

अनुपम राजन - जनसंपर्क के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया। **नीरज मंडलोई** - को एमएसएमई के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया। **मदन विभीषण नागरगोजे** - आयुक्त पुरातत्व के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया। **कुमार पुरुषोत्तम** - मंडी बोर्ड के एमडी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त किया।

मध्य प्रदेश सरकार ने अब खजाना भरने अन्य राज्यों में स्थित संपत्तियों के मॉनेटाइजेशन की कर ली तैयारी

अपनी 117 साल पुरानी धरोहर प्रॉपर्टी को बेचेगी मध्यप्रदेश सरकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने अब खजाना भरने अन्य राज्यों में स्थित संपत्तियों के मॉनेटाइजेशन की तैयारी कर ली है। इस कड़ी में मुंबई के कोलाबा इलाके में स्थित हेरिटेज प्रॉपर्टी एडवर्ड विला बेचा जाएगा। इस प्रॉपर्टी के हस्तांतरण के लिए ट्रांजेक्शन एडवाइजर की सेवाएं ली जा रही हैं। अच्छी कीमत मिलने पर इसकी लीज का हस्तांतरण कर दिया जाएगा।

वर्तमान में यह संपत्ति मध्य प्रदेश सरकार के एक विशेष अतिथि गृह के रूप में उपयोग की जा रही है। इसके पहले कैबिनेट केरल के वायनाड में स्थित प्रॉपर्टी को बेचने के फैसले पर मुहर लगा चुकी है। लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग वर्ष 2016 से अभी तक प्रदेश की 101 शासकीय संपत्तियों को नीलामी के माध्यम से बेच चुका है। इससे सरकार को 1110 करोड़ का राजस्व मिला है।



वित्त विभाग की प्रोविडेंट इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड (पीआइसीएल) अभी इस हेरिटेज प्रॉपर्टी का प्रबंधन कर रही है। कंपनी ने ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त करने के लिए 30 अक्टूबर तक प्रस्ताव आमंत्रित किए हैं। यह प्रॉपर्टी मप्र सरकार द्वारा एमसीजीएम से 13 नवंबर 2012 से 13 नवंबर 2035 तक 30 वर्षों के लिए लीज पर ली गई है। इसका प्लॉट साइज 1168.90 वर्ग मीटर है। वर्तमान में इसका वार्षिक लीज रेंट 13.71 लाख रु. है। सरकार इस प्रॉपर्टी के शेष लीज अधिकारों की बिक्री जहां है, जैसा है की स्थिति में करना बाहती है। इससे राज्य के खजाने में अधिकतम राशि आ सकेगी। बता दें, 2019 में तत्कालीन सीएम कमलनाथ ने भी इस प्रॉपर्टी का निरीक्षण किया था। यह मुंबई के सबसे पुराने इलाकों में से एक हैं।

एडवाइजर नियुक्त करने बुलाए प्रस्ताव

1909 में बना था 'एडवर्ड विला' भवन, बाद में हेरिटेज घोषित- एडवर्ड विला का भवन 1909 में बना था। बाद में इसे हेरिटेज भवन के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इसमें पत्थर और ईंट की चिनाई से बनी मोटी दीवारें हैं जिन पर दोनों तरफ प्लास्टर किया गया है, और आंतरिक ईंट की विभाजन दीवारें हैं। फर्श में लकड़ी के बीम, तख्ते और कोबा के साथ सीमेंट/पॉलिश किए हुए शाहबाद टाइल लगे हैं। भवन में भूतल के अलावा दो ऊपरी मंजिलें हैं जो सीढ़ी द्वारा मुख्य भवन से जुड़ी हुई हैं। प्रत्येक मंजिल पर दो फ्लैट हैं और पास वाले ढांचे में नौकरों के कमरे हैं। कुल निर्मित क्षेत्रफल 1,246.07 वर्ग मी. है (भूतल 611.90, प्रथम मंजिल 551.89 और दूसरी 82.28 वर्ग मीटर)।

इन प्रदेशों में भी हैं मध्यप्रदेश की संपत्तियां- केरल- वायनाड जिले में 554 एकड़ की बीनाची एस्टेट है। इस जमीन का एक बड़ा हिस्सा प्राइवेट फॉरेस्ट एक्ट के तहत केरल सरकार के अधीन था। पीआइसीएल ने हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। इसे मुआवजा लेकर केरल को ही सौंपा जाएगा। **मुंबई-** मुंबई के गोरेगांव में मप्र की लगभग 2.5 एकड़ (10,460 वर्गमीटर) जमीन है। मुंबई में ही दूसरी प्रॉपर्टी 2 हजार वर्ग मीटर से अधिक की एक तीन मंजिला प्रिंसेज बिल्डिंग है। जर्जर होने के बाद रीडेंसिफिकेशन स्कीम से पुनर्निर्माण कराया जा रहा है। **नागपुर-** नागपुर में सड़क परिवहन निगम ने 1956 में बस डिपो के लिए जमीन खरीदी थी। यह जमीन महाराष्ट्र सरकार के नाम पर दर्ज होने के बाद विवाद शुरू हो गया था। हालांकि इस विवाद को अब सुलझा लिया गया है। इसकी कीमत भी करोड़ों में है। **उत्तरप्रदेश-** उत्तर प्रदेश के झांसी में भी मध्य प्रदेश सरकार की लगभग 19 एकड़ जमीन है। ग्वालियर रियासत के समय की इस जमीन पर फिलहाल उत्तर प्रदेश सरकार का कब्जा है। मप्र सरकार इस प्रॉपर्टी को लेकर भी चर्चा कर रही है।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

पड़ोसी की तरह हुई हमारी व्यवस्था

धर्मनगरी के देवासगेट क्षेत्र का इतिहास महाआयोजन को देखते हुए बदल गया है। सालों ही नहीं दशकों तक यहां से लोक परिवहन के साधन मिलने का एक मुख्य केंद्र था। 1992 के महाआयोजन के समय नानाखेड़ा क्षेत्र में नई लोक परिवहन के वाहनों के केंद्र की व्यवस्था कर दी गई थी। आधे अधुरेपन से ही तत्कालीन दौर में यह केंद्र चालू कर दिया गया था। बाद में हर महाआयोजन के दौरान इस क्षेत्र के सहित शहर के सभी मार्गों के शहरी क्षेत्र से बाहर लोक परिवहन के साधनों का अलग-अलग केंद्र बनाया जाता रहा है। इस बार भी महाआयोजन से कुछ माह पूर्व की उम्मीद सभी को थी लेकिन निर्माण कार्यों में बराबर बड़े लोक परिवहन के वाहनों के कारण से बराबर बाधा की स्थिति बन रही थी। सड़कों पर आमजन के दो पहिया वाहनों से निकलने में भी परेशानी की स्थिति बराबर देखी जाती रही है। इस परेशानी के साथ ही देवास गेट क्षेत्र को भी विकास कार्यों की सौगात के साथ नवीनीकृत रूप में लाना आवश्यक हो गया है। यहां शहर की संस्था काफी कुछ नया स्वरूप दे सकती है और शहर में आने वाले पर्यटकों के लिए काफी कुछ जुटाते हुए संस्था भी अपनी आय के साधन को नए स्वरूप में ला सकती है। वर्तमान में लोक परिवहन के साधनों से उसे कुछ खास नहीं मिल रहा था। ऐसे में शहर की संस्था को भी अपनी संपत्ति के पूर्ण दोहन का पूरा हक है। तय है जिम्मेदारों ने योजना पर अमल के लिए मन बना लिया होगा और आने वाले समय में शहर के निवासियों एवं पर्यटकों को योजना के आकार लेने पर लाभ मिल सकेगा। खुसूर-फुसूर है कि लोक परिवहन के साधनों का एक मुख्य केंद्र से परे शहर के बाहर वाली व्यवस्था पड़ोसी शहर जैसी ही हो जाएगी। सामने आ रही योजना अनुसार आने वाले समय में अलग-अलग क्षेत्रों की यात्रा के लिए धर्मनगरी से आने जाने वालों को अलग-अलग स्थानों से लोक परिवहन के साधन पकड़ने पड़ेंगे। यानिकी थोडी सी जेब हल्की करना पड़ सकती है। इसे कम करने के लिए जिम्मेदारों को वैकल्पिक व्यवस्था पर विचार करना चाहिए।

नैनो न्यूज

- **रोलर स्केटिंग** की जिला स्तरीय स्पर्धा आज, उज्जैन में रोलर स्केटिंग की जिला स्तरीय स्पर्धा गुरुवार को सुदामा नगर, जैन मंदिर के पीछे, चामुंडा माता चौराहा के पास आयोजित की जाएगी।
- **भैरवगढ़ तीर्थधाम** में आज मनेगा माणिभद्र यक्षराज का 541वां प्राकट्य दिवस, 51 कुंडीय महायज्ञ और महापूजन के साथ गूंजेगा भक्तिरस, साधु-साध्वी भगवंतों की मिलेगी पावन निश्रा
- **उज्जैन को** सूखाग्रस्त घोषित करने की मांग, कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, किसानों का कर्ज और बिजली बिल माफ करने सहित विशेष राहत पैकेज देने का आग्रह
- **कांग्रेस** का दो माह तक चलेगा 'वोट बचाओ देश बचाओ' अभियान, हर ब्लॉक में लगेगी चौपाल, 20 अक्टूबर से शुरू होने वाली दिग्विजय सिंह की यात्रा पर भी हुई चर्चा
- **केंद्रीय दूरसंचार** मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उज्जैन के एडवोकेट आजम शेख को केंद्रीय दूरसंचार सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया।
- **श्री वल्लभ वैष्णव** मंडल का तीन दिवसीय रास गरबा महोत्सव आज से, गंगा गार्डन में सजेगा गरबा प्रांगण, विभिन्न श्रेणियों में मिलेंगे पुरस्कार, हर दिन शामिल होंगे विशेष अतिथि
- **राष्ट्र सेविका** समिति के 90 वर्ष पूर्ण होने पर 16 को होगा प्रकट कार्यक्रम, लोकमान्य तिलक विद्यालय मैदान में जुटेगी मातृशक्ति, अखिल भारतीय प्रमुख कार्यवाहिका करेंगी मार्गदर्शन
- **महावीर भवन** में आचार्य श्री विजयराज जी म.सा. के 68वें जन्मदिवस पर हुए सामूहिक सामायिक व एकासना, संत श्री विनोद मुनि जी महाराज साहब को मिला तरुणाचार्य पद
- **अभाविप कार्यकारिणी** घोषित, परिहार बने महानगर अध्यक्ष और सिद्धार्थ यादव लगातार दूसरी बार मंत्री, छात्रों की समस्याओं का समाधान और युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना रहेगी प्राथमिकता
- **अपेक्स बैंक** की शाखा फींगज उज्जैन अब नवीन भवन ए.के. बिल्डिंग चौराहा उज्जैन में स्थानांतरित होने जा रहीं है, जहां सम्मानीय बैंक ग्राहकों को शाखा का नया स्वरूप एवं अधिक सुविधायें प्राप्त होगी।
- **51 कलाकारों** द्वारा नुत्यांजलि के माध्यम से मां हरसिद्धि की आराधना,
- **सकल सिंधी** समाज के गरबा महोत्सव में छह समूहों ने दी प्रस्तुतियां
- **शिक्षा विद्यार्थियों** को समझदार नहीं चालाक बना रही, चौपाल संस्था ने किया अंतरराष्ट्रीय हास्य व्यंग्य कवि संपत सरल का अभिनंदन
- **उज्जैन में** जल्द बनेगा श्री राम लोक, भूमि का चयन पूरा, मुंबई के फिल्म निर्माता काशीनाथ कुमार ने अलख उज्जयिनी के गरबा मंच से की घोषणा
- **उज्जैन सत्याग्रह** के 9वें दिन कांग्रेस व बसपा का मिला समर्थन, मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे और एसआईआर प्रक्रिया रद्द करने की मांग, नेताओं ने कहा- मताधिकार की रक्षा जरूरी

मानव और पशुओं के लिए है बेहद खतरनाक, 70 देशों में पहले से प्रतिबंधित

कीटनाशक पैराक्वेट डाइक्लोराइड के उपयोग पर लगाया प्रतिबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मानव एवं पशुओं के जीवन के लिए खतरनाक पैराक्वेट डाइक्लोराइड नामक कीटनाशक के उपयोग पर राज्य शासन ने पूरी तरह से प्रतिबंध लगा दिया है। यह कीटनाशक मानव और पशुओं के लिए बेहद हानिकारक है। भारत सरकार की अधिसूचना के सूचना जारी होने के उपरांत यह कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही राज्य शासन ने निमार्ता कम्पनियों के पास बचा स्टॉक तत्काल नष्ट करने के निर्देश हैं।

किसान कल्याण और कृषि विकास विभाग के अधिकारिक सूत्रों के अनुसार इस खतरनाक कीटनाशक का निर्माण करने वाली कंपनियों द्वारा विक्रय और भण्डारण पर तत्काल रोक लगाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। जिन निर्माताओं के पास पैराक्वेट डायक्लोराइड के पंजीकरण प्रमाण पत्र है उन्हें तत्काल केन्द्रीय कीटनाशी बोर्ड और पंजीकरण समिति को वापस करने के निर्देश दिए हैं। इस कीटनाशक के बचे स्टाक को वापस बुलाकर नियम, प्रक्रिया अनुसार नष्ट करने की कार्रवाई करने के लिए भी निर्देश दिए हैं। भारत सरकार ने कीटनाशक अधिनियम 1968 के तहत पैराक्वेट डाइक्लोराइड के नए रजिस्ट्रेशन और पहले से जारी सभी रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट्स को रद्द कर इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। दुनिया के लगभग 70 देशों में इसका उपयोग पहले से प्रतिबंधित है।

मूंग की खेती में किसान फसल को जल्दी निकालने के लिए इसका उपयोग करते रहे



पत्तों की तरह फेफड़ों को नुकसान पहुंचाता है

यह पौधों के हरे हिस्सों के संपर्क में आते ही उन्हें तेजी से जलाकर नष्ट कर देता था। इसे 'ग्रामोक्सोन' जैसे ट्रेड नाम से भी जाना जाता है। यह इंसानों और जानवरों के लिए अत्यधिक विषैला है। इसके शरीर में जाने या संपर्क में आने से फेफड़े और गुर्दे (किडनी) गंभीर रूप से खराब हो जाते हैं। इसका कोई विशिष्ट एंटीडोट (विषारोधी इलाज) उपलब्ध नहीं है।

स्वास्थ्य के लिए खतरनाक

यह एक अत्यंत विषैला केमिकल है। इसके संपर्क में आने या इसके अवशेषों वाली मूंग के सेवन से कैंसर, लिवर, किडनी और मस्तिष्क से जुड़ी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। यदि यह शरीर में चला जाए या गलती से पिया जाए, तो इसका कोई इलाज या एंटीडोट नहीं है, जिससे यह जानलेवा साबित होता है।

मूंग कटाई के पहले उपयोग होता है

किसान मूंग की फसल में पैराक्वेट डाइक्लोराइड का उपयोग फसल की कटाई से ठीक पहले पत्तियों को सुखाने और फसल को जल्दी पकाने के लिए करते हैं। इसका छिड़काव करने से मूंग के हरे पौधे और पत्तियां 24 से 72 घंटों के भीतर पूरी तरह सूख जाती हैं। पत्तियां सूख जाने से फसल को काटना और थ्रेसिंग करना आसान हो जाता है, जिससे मजदूरों का खर्च और समय बचता है। भारत सरकार के नियमों के अनुसार इसका उपयोग मूंग की फसल पर करने की अनुमति नहीं थी, लेकिन इसके बावजूद किसान अवैध रूप से इसका शॉर्टकट के रूप में इस्तेमाल करते रहे हैं।

नवरात्र में अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की 500 छात्राओं का किया पूजन


नन्हीं बच्चियों में देवत्व उतार लाई जिजीविषा

संस्था अध्यक्ष डॉक्टर सतिंदर कौर सलूजा ने भोजन करवा कर भेंट किए उपहार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवी की आराधना के महापर्व नवरात्र में उज्जैन की संस्था जिजीविषा ने एक ऐसा मंगल आयोजन किया, जिसमें मानो नन्ही बच्चियों में देवत्व उतर आया। संस्था अध्यक्ष समाजसेवी डॉ. सतिंदर कौर सलूजा ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित अनुसूचित जाति बालिका छात्रावास की 500 से अधिक बालिकाओं का पूजन कर उन्हें उपहार भेंट किए। सभी बेटियों के सिर पर चुनरी ओढ़ाकर पावों में पायल पहनाई गई।

संस्था जिजीविषा की सचिव ममता सांगते ने बताया कि समाजसेवी व प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. सलूजा प्रतिवर्ष नवरात्र में कन्याओं का पूजन करती हैं। उनका उद्देश्य होता है कि बेटियों में धर्म व संस्कार के साथ-साथ देश व समाज के प्रति सद्भावना जागे। इसी उद्देश्य से बुधवार को नवरात्र की चतुर्थी तिथि पर 500 बच्चियों को मंगल तिलक लगाकर पूजन किया गया। पूजन के पश्चात सिर पर चुनरी और पांव में पायल पहना कर बेटियों को उपहार दिए गए। कार्यक्रम में संस्था जिजीविषा की उपाध्यक्ष श्रीमती सासा जैन, कोषाध्यक्ष अनवर जहां एलची, लोगसभा मीडिया हाउस के एडिटर व एमडी ईश्वर शर्मा, वरिष्ठ नवीन कन्या छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती पूर्णिमा चौहान, जनजातीय कार्य विभाग के प्राचार्य डॉ. राजेश साहू, पल्लवी यादव, अधीक्षक महेंद्र भदौरिया, अधीक्षिका पवित्रा परमार, प्रीति चंदेल, दीपा पचौरी, रेखा भारतीय, उमा मालवीय, ज्योतिबाला सिंदल, कविता ललावत सहित अन्य उपस्थित रहे।



आदिवासी गरबा गीतों पर झूम उठीं बेटियां

भोजन के बाद संस्था सदस्यों और सभी बेटियों ने आदिवासी लोकगीतों पर एक साथ गरबा किया। चूंकि छात्रावास में सभी बेटियों आदिवासी समुदाय की हैं, इसलिए गरबा भी गुजराती भजनों के बजाय आदिवासी मजरे, टोलों और गांवों में गाये जाने वाले लोकगीत-भजनों पर ही किया गया।

बेटियों की शक्ति को जागृत करना जरूरी

डॉ. सलूजा ने बेटियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप नारी के रूप में इस समाज की वास्तविक शक्ति हैं। यदि आप जागृत रहीं तो यह समाज भी जागृत रहेगा। वर्तमान दौर में इस बात की सबसे अधिक आवश्यकता है कि समाज की बेटियां संस्कारित हों और विवेकशील बनी रहें। यदि बेटियां सुसंस्कृत बनी रहीं, तो देश व समाज भी संस्कारित बना रहेगा।

आज संस्कार मिलेंगे, तो कल देशभक्त बनेंगे

कार्यक्रम में डॉ. सलूजा ने कहा कि इस तरह के आयोजन बेटियों को धर्म और संस्कार से जोड़ते हैं। इन बेटियों को आज संस्कार मिलेंगे, तो यह कल देशभक्त बनकर समाज के हित के कार्य करेंगी। आयोजन में जिजीविषा की सदस्य भागवंती महावीर, रश्मि गहलोत, समीक्षा व्यास, प्रियंका यादव, अर्चना अखंड, टीना राठौर आदि ने बेटियों के पूजन और भोजन में सहयोग किया।

नीलगंगा क्षेत्र से हटाया अतिक्रमण

मकानों, दुकानों और गैरेज के आसपास की कार्रवाई, 2 पीपल के पेड़ भी किए शिफ्ट



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत नगर निगम ने नीलगंगा क्षेत्र में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की। बुधवार को प्लेटफॉर्म क्रमांक 8 के सामने मुख्य मार्ग के किनारे किए गए करीब 8 से 10 अवैध अतिक्रमण और निर्माण हटाए गए।

निगम की टीम ने जेसीबी की मदद से मकानों, दुकानों और गैरेज आदि के आसपास किए गए अतिक्रमणों को हटाया। कार्रवाई का उद्देश्य सड़क पर आवागमन सुगम बनाना और सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं व साधु-संतों की आवाजाही के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध कराना है। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान पर्यावरण संरक्षण का भी ध्यान रखा गया। नगर निगम ने दो पीपल के पेड़ों को पुनः प्रत्यारोपित कर लोटी स्कूल परिसर में स्थानांतरित किया। निगम का उद्देश्य सिंहस्थ 2028 से पहले प्रमुख मार्गों को व्यवस्थित करना है, ताकि महापर्व के दौरान यातायात और श्रद्धालुओं की आवाजाही में किसी तरह की परेशानी न हो।

पेशवाई के लिए महत्वपूर्ण है मार्ग

नीलगंगा तालाब से निकलने वाली पेशवाई इसी मार्ग से होकर गुजरती है। सिंहस्थ महापर्व के दौरान इस मार्ग पर साधु-संतों, श्रद्धालुओं और विभिन्न अखाड़ों की आवाजाही रहेगी। ऐसे में रास्ते को व्यवस्थित करना और आवागमन में बाधाएं दूर करना जरूरी है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम शहर के प्रमुख मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई कर रहा है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। निगम आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान लोटी तिराहे से नीलगंगा पेशवाई मार्ग के बीच प्लेटफॉर्म क्रमांक 8 के सामने किए गए अतिक्रमणों को हटाने के निर्देश संबंधित जोनल अधिकारी को दिए थे। इस क्षेत्र में कुछ मकानों और दुकानों द्वारा सड़क किनारे अतिक्रमण किए जाने से आवागमन में परेशानी हो रही थी।

वीरान हो गया देवासगेट बस स्टैंड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वर्षों पुराना देवासगेट बस स्टैंड जो शहर के मध्य रहकर बाजारों को गुलजार करता रहा वह उदासी के आंसू बहाता नजर आ रहा है। एलीवेटेड ब्रिज के निर्माण के चलते बस स्टैंड यकायक नानाखेडा शिफ्ट कर दिया गया। जहां कभी सुबह से रौनक देखने को मिलती थी आज वीरान पड़ा हुआ है। भूले-भटके कुछ यात्री जब यहां बस न होने पर पूछताछ करते हैं तब निराशा ही उनके हाथ आती है। ज्यादातर दूर से आनेवाले यात्री उदास हो रहे हैं जो ट्रेन से रेल्वे स्टेशन पर उतरकर बस द्वारा अपने ठिकाने पहुंचने के लिए देवासगेट आ रहे हैं। ऐसे में आगर रूट वाले यात्री रिक्शा द्वारा मोहन नगर तक बस पकड़ने जा रहे हैं तो इंदौर जानेवाले नानाखेड़ा पहुंच रहे हैं।



चिंतामन गणेश मंदिर का मुख्य गेट बंद होने से व्यापारी भड़के

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चिंतामन गणेश मंदिर का मुख्य गेट बुधवार सुबह बंद किए जाने पर फूल-प्रसादी के व्यापारियों ने सड़क पर जाम लगा दिया। व्यापारियों को आशंका थी कि गेट स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है, जबकि मंदिर के सामने खुदाई और बड़ा गड्ढा होने के कारण सुरक्षा के लिहाज से इसे अस्थायी रूप से बंद किया गया था। करीब एक घंटे तक चले विरोध के बाद प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में गेट खोल दिया गया।



दरअसल, मंदिर के सामने सड़क पर निर्माण कार्य चल रहा है। इस दौरान खुदाई और बड़ा गड्ढा होने के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिहाज से मुख्य गेट कुछ समय के लिए बंद कर दिया गया था। श्रद्धालुओं को पीछे के गेट से प्रवेश दिया जा रहा था। व्यापारियों को लगा कि मुख्य गेट स्थायी रूप से बंद किया जा रहा है। इसके बाद फूल-प्रसादी की दुकान लगाने वाले व्यापारी एकत्र हुए और विरोध शुरू कर दिया। मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बताया कि गेट बंद करने का निर्णय केवल आधे से एक घंटे के लिए लिया गया था। सामने खुदाई का काम चलने के कारण श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए अस्थायी व्यवस्था की गई थी। व्यापारियों ने इसे गेट स्थायी रूप से बंद करने का निर्णय समझ लिया, जिससे वे एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर प्रशासनिक अधिकारी और तहसीलदार मौके पर पहुंचे। व्यापारियों ने निर्माण कार्य के दौरान सहयोग करने और वाहनों की व्यवस्था संभालने की बात कही।

यात्रियों को घेरने के फेर में पूरा गेट रहता है जाम, निकलने की परेशानी

बसों का आवागमन रुका फिर भी रेलवे स्टेशन पर हालत बदतर

ई-रिक्शा और आटो की मनमानी, स्टेशन परिसर में अंदर भी यही हाल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देवासगेट बस स्टैंड अब इतिहास बन गया। पिछले तीन दिनों से बसों का आवागमन यहां से बंद किया जा चुका है। इसके चलते पूरा देवासगेट क्षेत्र मैदान सा हो गया है। निजी बसों के आफिसों पर इक्का दुक्का लोग ही दिख रहे हैं। इससे यातायात व्यवस्था में सहायता मिलेगी लेकिन रेलवे स्टेशन के गेट पर अब भी यातायात बदहाल है। यहां ई-रिक्शा एवं आटो वालों का गार्डन में घुमने जैसा कृत्य आवागमन में बाधा पहुंचा रहा है।

निर्बाध आवागमन के लिए सिंहस्थ28 के निर्माणों के चलते देवासगेट बस स्टैंड को नानाखेडा शिफ्ट किया गया है। बसों का आवागमन रूकने से एलिवेटेड ब्रिज निर्माण में भी सहायता मिलेगी और यातायात भी सुचारू रूप से जारी रह सकेगा। इसके चलते सोमवार से ही बसों का आवागमन देवासगेट से बंद कर दिया गया था। लगातार तीसरे दिन इसी व्यवस्था पर बसों का संचालन किया जा रहा है। नानाखेड़ा से ही बसों को चलाया जा रहा है।



आगर रोड पर जमे बस संचालकों को हटाया

बुधवार को कुछ बस संचालकों ने आगर रोड पर राजीव नगर के पास के एक खाली क्षेत्र पर से बसों का संचालन शुरू कर दिया। ये सभी बसें बड़नगर, रतलाम, आगर, महिदपुर जैसे अंचल के लिए जाने वाली थी। इसके चलते भूमि मालिक ने प्रशासन को शिकायत की थी। स्थल पर पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारियों ने पहुंचकर बस संचालकों से चर्चा की। इस दौरान बस संचालकों ने बताया कि नानाखेड़ा बस स्टैंड इंदौर की बसों के लिए तो सुविधाजनक है लेकिन बडनगर, रतलाम, आगर, नागदा, तराना क्षेत्र की ओर जाने वाली बसों के लिए वहां से चलाया जाना नुकसान का सौदा बैठ रहा है। नानाखेड़ा से अतिरिक्त चक्कर लगाकर आना पड़ रहा है। इसमें यात्रियों का समय भी व्यर्थ जा रहा है और करीब एक घंटे बेवजह यात्रियों को बस में बैठकर शहर के अंदर ही घुमना पड़ रहा है। इस दौरान बस संचालकों ने आगर रोड से संचालित, बड़नगर, नागदा, रतलाम, आगर, तराना की बसों के लिए उपयुक्त स्थान का चयन कर वहां से बसों के संचालन की मांग की।

रेलवे स्टेशन के बाहर अब भी जाम-

सोमवार से पूर्व देवासगेट से बसों का संचालन होता था ऐसे में बसों के रेलवे स्टेशन के सामने से निकलने से आवागमन में बाधा की बात कही जाती रही है। पिछले तीन दिनों से बसों के यहां से आवागमन पूरी तरह से बंद होने के बाद भी रेलवे स्टेशन के गेट का क्षेत्र बाधाओं से मुक्त नहीं हो पा रहा है। यहां आवागमन सुविधाजनक न होकर छोटे वाहनों ई-रिक्शा एवं आटो के कारण बाधित है। छोटे वाहन चालक सवारी के फेर में रेलवे स्टेशन के गेट के सामने जमे रहते हैं। इसके साथ ही सवारी लेने के लिए क्षेत्र में गार्डन की तरह घुमते हैं। ऐसे में छोटे चौपहिया एवं दुपहिया वाहन सवारों को आवागमन में बराबर समस्या बनी हुई है।

स्टेशन परिसर में भी यही हाल

रेलवे स्टेशन परिसर में लाईन लगाकर खड़े रहने वाले ई-रिक्शा एवं आटो भी ऐसे हालातों में खड़े किए जाते हैं कि यात्रियों को सामान के साथ आवागमन में परेशानी होती है। रेलवे स्टेशन के आरक्षण कार्यालय जाने पर कार टैक्सी स्टैंड से आवागमन में बाधा हो रही है। यही हाल अंदर आटो स्टैंड के कारण बन रहे हैं। आरक्षण एवं अन्य कार्य से जाने वाले यात्रियों को बाधा रहित आवागमन यहां मुश्किल बना हुआ है।

प्री-पेड मात्र दिखावा बना

रेलवे स्टेशन पर कुछ समय पूर्व प्री-पेड बूथ की शुरूआत की गई थी। कुछ समय तक यह वाहवाही का माध्यम बना था लेकिन एक बार फिर से मनमानी की स्थिति की दर वसूलने का काम शुरू हो चुका है। यात्रियों से मनमाना किराया वसूलने की स्थिति फिर से कायम हो रही है। न तो मीटर से किराया लिया जा रहा है न ही नियम से किराया लिया जा रहा है।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | गुरुवार 15 अक्टूबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

खाद्य कारोबारकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

इंदौर। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, मध्य प्रदेश के निर्देशन में तथा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन, इंदौर द्वारा आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण, खाद्य नमूना संग्रहण एवं जनजागरूकता की कार्रवाई निरंतर की जा रही है। दूरभाष पर प्राप्त शिकायत के आधार पर प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रसोई में खाद्य पदार्थ खुले रखे पाए गए, तैयार खाद्य पदार्थों पर टैगिंग नहीं थी, डस्टबिन खुले पाए गए तथा खाद्य पदार्थों का भंडारण व्यवस्थित नहीं था।

मदिरा के अवैध परिवहन, के विरुद्ध कार्रवाई होगी तेज

इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज आबकारी विभाग के कार्यों एवं गतिविधियों की जिला स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी सहित विभाग के अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि मदिरा के अवैध परिवहन, विक्रय एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रखी जाए। इस संबंध में संचालित अभियान को और अधिक तेज करते हुए प्रभावी बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में अप्रैल से सितंबर 2026 तक इंदौर जिले में आबकारी विभाग को कुल 1,175 करोड़ 47 लाख 84 हजार 187 रुपये की आय प्राप्त हुई है। पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 956 करोड़ 66 लाख 68 हजार 600 रुपये की आय प्राप्त हुई थी।

छात्रों का मुफ्त दुर्घटना बीमा करवाएगी यूनिवर्सिटी

इंदौर। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय तक्षशिला परिसर के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट (यूटीडी) में पढ़ने वाले 14 हजार छात्रों का मुफ्त एक्सीडेंटल और स्वास्थ्य बीमा (मेडिक्लेम) कराया जाएगा। इस विशेष सुविधा के लिए छात्रों से कोई भी अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों के नामांकन नंबर के आधार पर डाटा जुटाने की प्रक्रिया जारी है और 1 जनवरी से इस योजना को शुरू करने की पूरी तैयारी कर ली गई है। पाठ्यक्रम पूरा करके पासआउट होने के बाद छात्र स्वतः ही इस बीमे के दायरे से बाहर हो जाएंगे। यह योजना कुल 3 चरणों में लागू की जाएगी। यूटीडी के 30 विभागों के छात्रों का एक्सीडेंटल बीमा किया जाएगा। इन्हीं 14 हजार यूटीडी छात्रों को स्वास्थ्य बीमा का लाभ भी प्रदान किया जाएगा। डीएवीवी से सम्बद्ध 240 कॉलेजों के 2.30 लाख स्टूडेंट्स का दुर्घटना बीमा कराया जाएगा।

जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न



इंदौर। कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज कलेक्टर कार्यालय में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ट्रैफिक डीसीपी राजेश त्रिपाठी, अपर कलेक्टर नवजीवन विजय पवार सहित विभिन्न संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर श्री शिवम वर्मा ने निर्देश दिए कि जिले में जहां सड़कों, पुलों एवं ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है, वहां डायवर्सन और सर्विस रोड की मरम्मत के साथ ही आम नागरिकों के सुगम आवागमन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने तथा प्रगतिरत सड़कों, पुलों एवं ओवरब्रिज के कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि शहर में यातायात को सुगम बनाने के लिए लेफ्ट टर्न को चौड़ा करने की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाए। दुर्घटना संभावित क्षेत्रों अर्थात ब्लैक स्पॉट को चिह्नित कर वहां आवश्यक सुधार कार्य प्राथमिकता से किए जाएं, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की आशंका को कम किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़कों पर पैदल चलने वाले नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए। ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे राहगीरों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो और उन्हें सुरक्षित रूप से सड़क पार करने सहित पैदल चलने के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें।

नैनो न्यूज

- **देवास – खेतों में तालाबों से बढ़ी किसानों की आय-** देवास जिले में किसानों ने खेतों में हजारों जल संग्रहण तालाब बनाए हैं। इससे सिंचाई की उपलब्धता बढ़ी और गेहूं, तिलहन, डेयरी तथा मत्स्य पालन से अतिरिक्त आय के अवसर मिले।
- **आगर मालवा – नवरात्रि में वीआईपी दर्शन बंद-** नलखेड़ा स्थित मां बगलामुखी मंदिर में नवरात्रि के दौरान वीआईपी दर्शन बंद करने की व्यवस्था लागू की गई। इसका उद्देश्य सभी श्रद्धालुओं को समान रूप से दर्शन का अवसर देना है।
- **शाजापुर – सौर ऊर्जा परियोजनाओं से बढ़ेगी बिजली क्षमता-** शाजापुर सौर ऊर्जा परियोजना के जरिए मध्यप्रदेश की नवीकरणीय बिजली उत्पादन क्षमता बढ़ाने की दिशा में काम आगे बढ़ा है। सौर ऊर्जा निवेश से औद्योगिक बिजली जरूरतों को भी लाभ मिल सकता है।
- **सुसनेर – कृषि आधारित कारोबार पर नजर-** आगर मालवा जिले के सुसनेर क्षेत्र में कृषि उपज, खाद-बीज और कृषि उपकरणों का कारोबार स्थानीय अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा है। आगामी रबी सीजन में किसानों की मांग से बाजार की गतिविधियां बढ़ने की उम्मीद है।
- **रतलाम – तार उद्योग के कारोबार में बड़ा बदलाव-** रतलाम वायर के तार निर्माण कारोबार का अधिग्रहण किए जाने की खबर सामने आई है।

शिवराज के बगावती तेवर से मोहन सरकार की मुश्किलें बढ़ीं, तीन मामलों में अपनी ही सरकार को घेरा

अलग रूख... मामा बने शकुनी तो मोहन ने दिखाई अपनी लीला

खिवनी से कोसमी तक आदिवासियों के मुद्दे पर मुखर हुए मामा, मूंग खरीदी को लेकर भी उठाए सवाल; भाजपा के भीतर सियासी खींचतान की चर्चाएं तेज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश की राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के तेवर इन दिनों चर्चा का विषय बने हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के फैसलों पर शिवराज की सार्वजनिक नाराजगी ने पार्टी के भीतर राजनीतिक समीकरणों को लेकर अटकलें तेज कर दी हैं। खासकर सीहोर जिले के बुधनी क्षेत्र के कोसमी गांव में आदिवासी परिवारों के घर तोड़े जाने के मामले में शिवराज का अपनी ही सरकार के अधिकारियों के खिलाफ खुलकर सामने आना सियासी चर्चा का केंद्र बन गया है।

शिवराज सिंह चौहान ने 11 अक्टूबर को कोसमी गांव पहुंचकर प्रभावित आदिवासी परिवारों से मुलाकात की और कार्रवाई पर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए तथा मामले को मुख्यमंत्री और भाजपा प्रदेश नेतृत्व के सामने उठाने की बात कही। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, वन विकास निगम की कार्रवाई में बारेला आदिवासी समुदाय के 12 परिवारों के घर प्रभावित हुए। अधिकारियों की ओर से इसे वन भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई बताया गया है। इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के अनुसार, शिवराज ने सवाल उठाया कि जिन आदिवासी परिवारों ने भाजपा को वोट देकर सरकार बनाने में योगदान दिया, उन्हीं के साथ ऐसा व्यवहार क्यों हुआ।

तीन घटनाएं, एक राजनीतिक संदेश

शिवराज और मोहन सरकार के बीच मतभेदों की चर्चा केवल कोसमी तक सीमित नहीं है। इससे पहले जून 2025 में देवास जिले के खिवनी क्षेत्र में आदिवासी परिवारों के घरों पर कार्रवाई के मामले में भी शिवराज ने हस्तक्षेप किया था। उस समय मुख्यमंत्री मोहन यादव ने संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की थी। इसके अलावा मूंग खरीदी में देरी और किसानों की परेशानी को लेकर भी शिवराज की नाराजगी की खबरें सामने आईं। इन घटनाओं को जोड़कर देखा जाए तो यह स्पष्ट है कि आदिवासी हितों और किसानों के मुद्दों पर शिवराज सार्वजनिक रूप से अपनी सरकार से अलग रुख दिखा चुके हैं। हालांकि इन घटनाओं को मुख्यमंत्री के खिलाफ सुनियोजित राजनीतिक अभियान कहना फिलहाल अटकल होगी। शिवराज की नाराजगी को जनहित से जुड़ी वास्तविक चिंता भी माना जा सकता है। राजनीतिक सवाल यह है कि यदि सरकार के भीतर संवाद और समन्वय प्रभावी हैं, तो एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री को बार-बार सार्वजनिक रूप से हस्तक्षेप क्यों करना पड़ रहा है?

मामा की नाराजगी के पीछे राजनीतिक पीड़ा भी?- शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री पद से हटने और मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद प्रदेश की राजनीति में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर कई चर्चाएं हुई थीं। शिवराज के समर्थकों के बीच यह सवाल भी उठता रहा है कि जिस नेता के चेहरे पर विधानसभा चुनाव लड़ा गया, उसे सत्ता की कमान क्यों नहीं मिली। दूसरी ओर, भाजपा ने मोहन यादव को विधायक दल का नेता चुनकर मुख्यमंत्री बनाया और पार्टी ने इस निर्णय को स्वीकार किया। इसी पृष्ठभूमि में शिवराज के मौजूदा तेवरों को कुछ राजनीतिक विश्लेषक पुराने नेतृत्व और नए नेतृत्व के बीच शक्ति संतुलन की बहस से जोड़कर देख सकते हैं। लेकिन शिवराज की नाराजगी का वास्तविक उद्देश्य क्या है, इसका निष्कर्ष उनके सार्वजनिक बयानों और प्रमाणित तथ्यों के आधार पर ही निकाला जा सकता है।

सिंधिया प्रकरण से तुलना, लेकिन परिस्थितियां अलग- राजनीतिक गलियारों में शिवराज के तेवरों की तुलना वर्ष 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया की बगावत से भी की जा सकती है। उस समय सिंधिया कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आए थे और मध्यप्रदेश की तत्कालीन कांग्रेस सरकार गिर गई थी। मौजूदा स्थिति उससे अलग है। शिवराज भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्र सरकार में मंत्री हैं। उनके द्वारा अपनी ही सरकार के किसी निर्णय की आलोचना करना अपने आप में पार्टी छोड़ने या बगावत का प्रमाण नहीं है।

आयुक्त मनीष सिंह का अति आत्मविश्वास सरकार पर पड़ सकता है भारी

मीडिया से टकराव के बीच मोहन सरकार की छवि प्रभावित

अफसरशाही के रवैये से बढ़ सकती है सरकार की मुश्किलें, जनसंपर्क और मीडिया प्रबंधन की कार्यशैली पर उठने लगे सवाल

अधिकारी का आत्मविश्वास और प्रशासनिक जवाबदेही के बीच अंतर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/उज्जैन

किसी भी सरकार की छवि केवल मुख्यमंत्री के भाषणों, जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों से नहीं बनती, बल्कि प्रशासनिक अधिकारियों के व्यवहार और सरकार की आलोचना करने वालों के प्रति उसके रवैये से भी तय होती है। जब किसी वरिष्ठ अधिकारी की कार्यशैली को लेकर मीडिया जगत में असंतोष की चर्चा होती है, तो उसका असर संबंधित विभाग तक सीमित नहीं रहता। सवाल अंततः सरकार की कार्यप्रणाली, उसकी संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति उसके दृष्टिकोण पर भी उठने लगते हैं।

मध्यप्रदेश में आयुक्त मनीष सिंह की कार्यशैली को लेकर यदि मीडिया के साथ टकराव या पत्रकारों पर अनावश्यक दबाव डालने की शिकायतें सामने आ रही हैं, तो यह सरकार और प्रशासन दोनों के लिए गंभीर विषय है। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि के लिए संबंधित घटनाओं, आदेशों, संवाद और प्रभावित मीडिया संस्थानों का पक्ष सामने आना आवश्यक है।

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से अपेक्षा की जाती है कि वे स्पष्ट निर्णय लें, नियमों का पालन कराएं और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करें। लेकिन प्रशासनिक दृढ़ता और आलोचना के प्रति असहिष्णुता दो अलग-अलग बातें हैं। अधिकारी का आत्मविश्वास तभी सकारात्मक माना जा सकता है, जब उसके फैसले नियमों, पारदर्शिता और सार्वजनिक जवाबदेही की कसौटी पर खरे उतरें।

मोहन सरकार की छवि पर क्यों पड़ सकता है असर?

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार के सामने प्रशासनिक अनुशासन के साथ लोकतांत्रिक संवाद बनाए रखने की जिम्मेदारी भी है। जनता सामान्यतः प्रशासनिक अधिकारियों के हर फैसले को अलग-अलग नहीं देखती, बल्कि सरकारी तंत्र के व्यवहार को सरकार की कार्यशैली से जोड़कर समझती है। ऐसी स्थिति में यदि किसी अधिकारी के व्यवहार को लेकर मीडिया जगत में लगातार असंतोष हो और सरकार समय रहते संवाद नहीं करे, तो आलोचना मुख्यमंत्री और सरकार तक पहुंच सकती है। इससे यह धारणा बनने का जोखिम रहता है कि प्रशासनिक तंत्र जनता और मीडिया की शिकायतों के प्रति पर्याप्त संवेदनशील नहीं है। हालांकि सरकार की छवि वास्तव में कितनी प्रभावित हुई है, यह स्थापित करने के लिए पत्रकार संगठनों के बयान, संबंधित घटनाओं का रिकॉर्ड और सरकार की प्रतिक्रिया देखना जरूरी होगा।


सरकार को स्पष्ट करना चाहिए अपना रुख

ऐसी शिकायतों की स्थिति में सरकार और संबंधित विभाग को तथ्यों के आधार पर अपना पक्ष स्पष्ट करना चाहिए। यदि किसी अधिकारी के खिलाफ मीडिया संस्थानों या पत्रकारों ने औपचारिक शिकायतें की हैं, तो उनका परीक्षण निष्पक्ष तरीके से होना चाहिए। वहीं यदि शिकायतें तथ्यहीन हैं, तो प्रशासन को दस्तावेजों और स्पष्ट स्पष्टीकरण के माध्यम से स्थिति सामने रखनी चाहिए।

मुख्यमंत्री कार्यालय और जनसंपर्क विभाग के लिए भी यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया से जुड़े विवादों का समाधान समय पर हो। सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने के लिए विश्वसनीय संवाद आवश्यक है, लेकिन यह संवाद तभी मजबूत रहता है जब सवाल पूछने और आलोचना करने की स्वतंत्रता का भी सम्मान किया जाए।

मीडिया से संवाद कमजोर हुआ तो बढ़ सकती हैं दूरियां

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मीडिया और प्रशासन का संबंध केवल प्रेस विज्ञप्ति जारी करने या सरकारी कार्यक्रमों की खबर प्रकाशित कराने तक सीमित नहीं है। पत्रकारों को सवाल पूछने, सरकारी दावों की जांच करने और सार्वजनिक महत्व के मामलों पर जवाब मांगने का अधिकार है। इसी तरह प्रशासन को भी गलत तथ्यों का खंडन करने और अपनी कार्रवाई का पक्ष रखने का अवसर मिलना चाहिए। यदि अधिकारियों और पत्रकारों के बीच संवाद की जगह टकराव बढ़ता है, तो उसका नुकसान दोनों पक्षों को हो सकता है। प्रशासन जनता की समस्याओं और जमीनी स्थितियों से जुड़े महत्वपूर्ण सवालों से दूर हो सकता है, जबकि मीडिया और सरकारी तंत्र के बीच अविश्वास बढ़ सकता है। इसलिए विवादों का समाधान व्यक्तिगत प्रतिष्ठा के बजाय संस्थागत संवाद और नियमों के आधार पर किया जाना चाहिए।



व्यक्ति से बड़ा पद और पद से बड़ी संस्था

प्रशासनिक व्यवस्था किसी एक अधिकारी की कार्यशैली पर निर्भर नहीं हो सकती। अधिकारियों का अधिकार नियमों और कानून से आता है तथा उनकी जवाबदेही भी उसी व्यवस्था के प्रति होती है। किसी वरिष्ठ अधिकारी के निर्णयों या व्यवहार पर सवाल उठना अपने आप में अनुशासनहीनता नहीं है; सवालों का उत्तर तथ्यों और नियमों से दिया जाना चाहिए। यदि आयुक्त मनीष सिंह को लेकर मीडिया जगत में असंतोष की वास्तविक घटनाएं सामने आई हैं, तो उन्हें नजरअंदाज करने के बजाय संवाद और निष्पक्ष परीक्षण के माध्यम से समाधान निकालना प्रशासन के हित में होगा। सरकार की प्रतिष्ठा बनाए रखने का सबसे प्रभावी तरीका आलोचना को दबाना नहीं, बल्कि पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही से काम करना है।

मीडिया का काम सरकार और प्रशासन के फैसलों की पड़ताल करना, कमियों को सामने लाना और जनता की समस्याओं को आवाज देना है। समाचारों से असहमति होने पर प्रशासन के पास तथ्यात्मक स्पष्टीकरण, आधिकारिक प्रतिक्रिया और कानूनी उपाय जैसे रास्ते उपलब्ध हैं। किसी समाचार से असहमति के आधार पर पत्रकारों या मीडिया संस्थानों पर अनुचित दबाव डालने की शिकायतें हों, तो उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए।

बुद्धिजीवियों को जानवरों की तरह हांकने की कोशिश?

पत्रकार संगठन आवाज उठाएं, स्वाभिमान की लड़ाई लड़ रहे कुछ पत्रकार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल/उज्जैन

पत्रकारिता केवल खबरें लिखने, प्रेस विज्ञप्तियां प्रकाशित करने या सरकारी कार्यक्रमों की जानकारी जनता तक पहुंचाने का माध्यम नहीं है। यह लोकतंत्र का वह महत्वपूर्ण स्तंभ है, जिसकी जिम्मेदारी सत्ता और प्रशासन से सवाल पूछने, जनता की समस्याओं को सामने लाने और व्यवस्था को जवाबदेह बनाने की है। लेकिन जब पत्रकारों को सम्मानजनक संवाद के बजाय कथित तौर पर अपमानजनक व्यवहार का सामना करना पड़े, तो सवाल केवल किसी एक व्यक्ति के सम्मान का नहीं, बल्कि पूरी पत्रकारिता की गरिमा का बन जाता है। मध्यप्रदेश में प्रशासनिक कार्यशैली और मीडिया के साथ व्यवहार को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पत्रकार संगठनों की भूमिका भी चर्चा के केंद्र में है। यदि किसी अधिकारी के व्यवहार से पत्रकारों, बुद्धिजीवियों या मीडिया संस्थानों को अपमानित महसूस हो रहा है, तो यह जरूरी है कि संबंधित घटनाओं की पड़ताल हो और पत्रकार संगठन तथ्यों के आधार पर अपनी बात मजबूती से रखें।

क्षणिक लाभ के लिए सम्मान से समझौता?

पत्रकारिता के क्षेत्र में सरकारी विज्ञापन, प्रशासनिक संपर्क, आयोजन संबंधी सुविधाएं और संस्थागत संबंध कई बार महत्वपूर्ण हो जाते हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कहीं तात्कालिक लाभ की अपेक्षा में कुछ लोग अनुचित व्यवहार को अनदेखा तो नहीं कर रहे। हालांकि किसी व्यक्ति के बारे में ऐसा निष्कर्ष निकालने के लिए ठोस तथ्य जरूरी हैं, लेकिन व्यापक सिद्धांत स्पष्ट है—किसी भी संस्थागत लाभ के बदले आत्मसम्मान और स्वतंत्रता को गिरवी नहीं रखा जाना चाहिए।

कुछ पत्रकार क्यों लड़ रहे हैं आत्मसम्मान की लड़ाई?

किसी भी पेशे में सभी लोगों की प्राथमिकताएं एक जैसी नहीं होतीं। कुछ लोग टकराव से बचना चाहते हैं, कुछ अपने संस्थान के व्यावहारिक हितों को प्राथमिकता देते हैं और कुछ ऐसे भी होते हैं जो किसी विवाद में सार्वजनिक रूप से अपना पक्ष रखने का निर्णय लेते हैं। पत्रकारिता में भी यह विविधता दिखाई दे सकती है। लेकिन आत्मसम्मान की लड़ाई का अर्थ केवल विरोध करना नहीं है। इसका अर्थ है अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना, तथ्यों पर टिके रहना और अनुचित व्यवहार के सामने नियमसम्मत तरीके से आवाज उठाना। यदि कुछ पत्रकार वास्तव में ऐसी शिकायतों के खिलाफ खड़े हैं, तो उनकी मांगों और घटनाओं का निष्पक्ष परीक्षण होना चाहिए।

---

18 साल की शिवराज सरकार: व्यापमं से पोषण आहार तक विवादों का लंबा सिलसिला

घोटालों के आरोप के मामले में शिवराज और मोहन सरकार के बीच कांटे की टक्कर

कांग्रेस के 254 कथित घोटालों वाले आरोपपत्र से लेकर ऑडिट की आपत्तियों और किसान गोलीकांड तक

सरकारी व्यवस्था की पारदर्शिता और योजनाओं के क्रियान्वयन पर हुई बहस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश में शिवराज सिंह चौहान का मुख्यमंत्री के रूप में लंबा कार्यकाल राज्य की राजनीति में कई बड़ी योजनाओं, विकास संबंधी घोषणाओं और प्रशासनिक फैसलों के लिए जाना जाता है। इसी अवधि में कुछ ऐसे विवाद भी सामने आए, जिन्होंने भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता, सरकारी योजनाओं में निगरानी, सार्वजनिक निर्माण की गुणवत्ता, किसान समस्याओं और सरकारी धन के उपयोग पर गंभीर सवाल खड़े किए। व्यापमं प्रकरण, पोषण आहार योजना में ऑडिट संबंधी आपत्तियां, ई-टेंडरिंग में कथित छेड़छाड़, मंदसौर गोलीकांड और चुनाव से पहले कांग्रेस द्वारा जारी कथित घोटालों का आरोपपत्र इसी बहस के प्रमुख विषय रहे। शिवराज सिंह चौहान दिसंबर 2005 में पहली बार मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उनके कार्यकाल में बीच में नेतृत्व परिवर्तन हुआ, लेकिन वे मार्च 2020 में फिर मुख्यमंत्री बने और दिसंबर 2023 तक पद पर रहे। इतने लंबे शासनकाल का आकलन केवल योजनाओं और घोषणाओं के आधार पर नहीं, बल्कि प्रशासनिक जवाबदेही, सरकारी खर्च, कृषि और सार्वजनिक सेवाओं के वास्तविक परिणामों के आधार पर भी किया जाना जरूरी है।

व्यापमं प्रकरण: भर्ती परीक्षाओं की विश्वसनीयता पर सबसे बड़ा सवाल

मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मंडल यानी व्यापमं से जुड़ा विवाद शिवराज सरकार के कार्यकाल के सबसे चर्चित मामलों में रहा। वर्ष 2013 में मामला व्यापक रूप से सामने आने के बाद सरकारी नौकरियों की भर्ती और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में प्रवेश परीक्षाओं की निष्पक्षता पर सवाल उठे। आरोपों में फर्जी परीक्षार्थियों, दूसरे व्यक्तियों के माध्यम से परीक्षा दिलाने और चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं जैसे मामले शामिल थे। मामले की जांच आगे बढ़ने पर अनेक लोगों के खिलाफ कार्रवाई हुई। केंद्रीय जांच ब्यूरो ने नवंबर 2017 में व्यापमं से जुड़े एक मामले में 592 लोगों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया था। हालांकि आरोपपत्र दाखिल होना अपने आप में सभी आरोपियों का दोष सिद्ध होना नहीं है। इसी अवधि में परीक्षा मंडल के कामकाज से संबंधित नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट ने भी प्रशासनिक व्यवस्था और निगरानी से जुड़ी कमियों पर ध्यान दिलाया। इस प्रकरण का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव युवाओं के भरोसे से जुड़ा था। सरकारी नौकरी पाने के लिए वर्षों तक मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों के मन में यह सवाल पैदा हुआ कि चयन वास्तव में योग्यता के आधार पर हुआ या नहीं। लंबे समय तक सत्ता में रही सरकार के सामने परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित, पारदर्शी और विश्वसनीय बनाने की जिम्मेदारी थी।

पोषण आहार योजना: बच्चों के हक और सरकारी धन के उपयोग पर सवाल

सितंबर 2022 में मध्यप्रदेश में पोषण आहार कार्यक्रम से संबंधित ऑडिट निष्कर्षों को लेकर बड़ा विवाद सामने आया। योजना का उद्देश्य बच्चों, गर्भवती महिलाओं, स्तनपान कराने वाली माताओं और अन्य पात्र लाभार्थियों तक पूरक पोषण पहुंचाना था। लेकिन लाभार्थियों के आंकड़ों, परिवहन, उत्पादन और वितरण के रिकॉर्ड में सामने आई विसंगतियों ने सरकारी निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए। समकालीन मीडिया रिपोर्टों में लगभग 110.83 करोड़ रुपये के पोषण आहार वितरण से जुड़ी विसंगतियों का उल्लेख किया गया। कुछ परिवहन रिकॉर्ड में ट्रकों के स्थान पर दोपहिया वाहनों और ऑटो जैसे वाहनों के पंजीकरण नंबर दर्ज होने की बात भी सामने आई। इससे सामग्री के वास्तविक परिवहन, वितरण और भुगतान के रिकॉर्ड का मिलान करने की जरूरत सामने आई। तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने उस समय ऑडिट रिपोर्ट की स्थिति और विभाग को अपना पक्ष रखने का अवसर दिए जाने संबंधी सवाल उठाए थे। इसलिए इस मामले में ऑडिट की आपत्तियों, विभागीय जवाब और अंतिम जांच के परिणामों को अलग-अलग देखना जरूरी है।

ई-टेंडरिंग मामला: सरकारी ठेकों की पारदर्शिता पर विवाद

वर्ष 2018 में मध्यप्रदेश की इलेक्ट्रॉनिक निविदा प्रणाली में कथित छेड़छाड़ का मामला सामने आने के बाद सरकारी ठेकों की पारदर्शिता पर सवाल उठे। आरोप था कि कुछ विभागों के टेंडर दस्तावेजों में बदलाव कर निविदा प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास किया गया। आर्थिक अपराध अन्वेषण शाखा ने वर्ष 2019 में इस मामले में प्रकरण दर्ज किया। बाद में तकनीकी जांच को लेकर खबरें प्रकाशित हुईं, जिनमें मध्यप्रदेश जल निगम के तीन ई-टेंडरों में छेड़छाड़ की पुष्टि होने की जानकारी दी गई। संबंधित टेंडर रद्द किए जाने की भी रिपोर्ट सामने आई। हालांकि नवंबर 2022 में विशेष भ्रष्टाचार निरोधक अदालत ने इस मामले के छह आरोपियों को बरी कर दिया। अदालत के फैसले के अनुसार अभियोजन पक्ष आरोप साबित नहीं कर सका। इसलिए इस पूरे प्रकरण को सिद्ध घोटाले के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं होगा।

मंदसौर गोलीकांड: किसान आंदोलन और प्रशासनिक फैसलों पर सवाल

जून 2017 में मंदसौर में किसान आंदोलन के दौरान पुलिस गोलीबारी में किसानों की मौत ने पूरे प्रदेश में गंभीर प्रतिक्रिया पैदा की। यह घटना शिवराज सरकार के कार्यकाल के सबसे संवेदनशील विवादों में शामिल रही। किसानों की मांगों में कृषि उपज के उचित दाम, कर्ज का दबाव, खेती की बढ़ती लागत और कृषि व्यवस्था से जुड़ी समस्याएं प्रमुख थीं। किसान आंदोलन के दौरान तनाव बढ़ने के बाद हुई गोलीबारी ने प्रशासन की तैयारी, संवाद और कानून-व्यवस्था संभालने के तरीके पर सवाल खड़े किए।

न्यूज कालम



पोदनपुरम में आदिनाथ मंडल विधान की आराधना, 48 अर्घ्य समर्पित

सनावद। नगर से तीन किलोमीटर दूर स्थित श्री क्षेत्र पोदनपुरम में नव दिवसीय नवरात्रि विधान के अंतर्गत प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इसी क्रम में बुधवार को बड़े बाबा भगवान आदिनाथ मंडल विधान का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ 48 अर्घ्य समर्पित कर आराधना की। सन्मति जैन काका ने बताया कि आश्विन शुक्ल चतुर्थी पर प्रातःकाल भगवान के पंचामृत अभिषेक और वृहद शांतिधारा के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद आर्यिका पूर्णमति माताजी द्वारा रचित बड़े बाबा आदिनाथ मंडल विधान संपन्न हुआ। विधान रचाने का सौभाग्य ज्ञानचंदजी, राहुल भूच तथा सुरेश कुमार और सुकेश कुमार पंचोलिया परिवार को प्राप्त हुआ। ट्रस्टी वारिश जैन ने भगवान आदिनाथ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर हैं। उन्होंने मानव समाज को असि, मसि, कृषि, शिल्प, विद्या और वाणिज्य की शिक्षा देकर कर्मयुग का प्रवर्तन किया। आदिनाथ मंडल विधान की आराधना से सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चारित्र की भावना सुदृढ़ होती है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, विधान का श्रवण, वाचन और अर्घ्य समर्पण पुण्य अर्जन तथा आत्मकल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है।इस अवसर पर सुनील भूच, शरणम जैन, मोक्षिता जैन, भव्या जैन, रजनी भूच, माया पंचोलिया, मंदा भूच सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। श्री क्षेत्र पोदनपुरम में जारी इस धार्मिक आयोजन से वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

माता मंदिर में महाआरती, युवाओं ने लिया नशामुक्ति का संकल्प



सनावद। शारदीय नवरात्रि के दूसरे दिन सनावद के स्थानीय माता मंदिर में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। मंदिर समिति के आमंत्रण पर थाना प्रभारी धर्मेंद्र यादव कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से माता की पूजा-अर्चना कर महाआरती की तथा नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। महाआरती के बाद थाना प्रभारी यादव ने उपस्थित श्रद्धालुओं और युवाओं को संबोधित करते हुए नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि नशा युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। नशीले पदार्थों की लत व्यक्ति के साथ-साथ उसके परिवार और समाज के लिए भी गंभीर समस्या बन सकती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहने और अपनी ऊर्जा सकारात्मक कार्यों में लगाने का आह्वान किया। यादव ने कहा कि युवाओं को नशे के बजाय ईश्वर की भक्ति, अच्छे विचारों और रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ना चाहिए। उन्होंने परिवार की महिलाओं सहित सभी नागरिकों से भी अपील की कि वे अपने आसपास नशे की समस्या के प्रति जागरूक रहें और युवाओं को इससे दूर रखने में सहयोग करें। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित नागरिकों, युवाओं और श्रद्धालुओं ने नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने का संकल्प लिया। इस दौरान मंदिर परिसर माता के जयकारों और भजनों से गूंज उठा। आयोजन में बड़ी संख्या में शहरवासी शामिल हुए और नशामुक्ति के संदेश की सराहना की।

नव-सृजन का महिला गरबा महोत्सव बना आकर्षण, हजारों महिलाएं कर रहीं सहभागिता



सनावद। नवरात्रि के उल्लास के बीच सनावद में संस्था नव-सृजन का महिला गरबा महोत्सव आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मां दुर्गा की आराधना और पारंपरिक गरबा की धुनों के बीच हजारों महिलाएं उत्साह के साथ आयोजन में शामिल हो रही हैं। भव्य नवदुर्गा पंडाल में धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और नारी शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। आयोजन में महिलाओं की बड़ी भागीदारी से पंडाल में उत्सव का माहौल है। गरबा महोत्सव के माध्यम से संस्था नव-सृजन महिलाओं को धार्मिक और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़ने के साथ उनके सम्मान, सामाजिक एकता और सहभागिता का संदेश दे रही है। महिलाओं की सुविधा और सुरक्षित आयोजन को ध्यान में रखते हुए व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। महिला गरबा महोत्सव का संयोजन संस्था नव-सृजन के संयोजक प्रभात उपाध्याय कर रहे हैं। आयोजन की व्यवस्थाओं और संचालन में राजेश पाल, गजेंद्र उपाध्याय, दुर्गेश परिहार, बलराम पंवार, गुड्डू बाबा, आनंद सोनकर, सुनील माली, पमेंद्र दरबार, अश्विन दुबे, युवराज परिहार, कानू सोलंकी, हर्षित शिवेक सहित संस्था के अन्य सदस्य सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। टीम द्वारा बड़ी संख्या में पहुंच रही महिलाओं की सुविधा और कार्यक्रम के सुचारु संचालन पर ध्यान दिया जा रहा है।

चलती कार में अचानक लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

नेपानगर। चलती कार में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया।



नेपानगर-अंबाडा सड़क मार्ग पर कल देर रात हुई इस घटना में चालक की सूझबूझ से उसकी जान बच गई। जानकारी के अनुसार कार के इंजन से अचानक धुआं उठने लगा। चालक ने तत्काल वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल विभाग के अमले ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कार पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। पुलिस द्वारा आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

विधायक महेश पटेल ने डुडवा फलिया में 6.07 लाख की विद्युत डीपी का किया उदघाटन, किसानों को मिलेगी राहत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अलीराजपुर



जोबट विधानसभा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को मजबूत बनाने और ग्रामीणों एवं किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक सेना महेश पटेल ने छोटा ईटारा ग्राम पंचायत के डुडवा फलिया में विधायक निधि से 6 लाख 7 हजार रुपये की लागत से स्थापित विद्युत डीपी का उद्घाटन किया। विद्युत डीपी की स्थापना से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। साथ ही स्थानीय किसानों को कृषि कार्यों और सिंचाई के लिए बिजली सुविधा मिलने से लाभ होने की उम्मीद है।

ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की समस्या का सीधा असर किसानों की खेती और आमजन के दैनिक जीवन पर पड़ता है। समय पर बिजली उपलब्ध नहीं होने से किसानों को खेतों में सिंचाई करने में परेशानी होती है, वहीं ग्रामीण परिवारों को भी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में डुडवा फलिया में ६ लाख ७ हजार रुपये की लागत से विद्युत डीपी की स्थापना क्षेत्र के किसानों और ग्रामीणों के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

नई विद्युत डीपी से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को सुचारु बनाने में सहायता मिलेगी। इससे किसानों को खेतों में सिंचाई करने, फसलों की बेहतर देखभाल करने और कृषि कार्य समय पर पूरा करने में सुविधा मिलने की उम्मीद है। वहीं ग्रामीण परिवारों को भी घरेलू कार्यों, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए बेहतर बिजली सुविधा मिल सकेगी।इस अवसर पर विधायक सेना महेश पटेल ने कहा कि जोबट विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों और किसानों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। किसानों को खेती और सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली मिले तथा ग्रामीणों को बिजली संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े, इसके लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं।

छोटा ईटारा ग्राम पंचायत के डुडवा फलिया में विधायक निधि से 6 लाख 7 हजार रुपये की लागत से विद्युत डीपी स्थापित की गई है। इससे क्षेत्र में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर बनाने और किसानों को कृषि कार्यों में सुविधा प्रदान करने में मदद मिलेगी।

विधायक ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का विकास तभी संभव है, जब लोगों को बिजली, सड़क, पानी सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध हों। किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर बिजली सुविधा मिलने से खेती-किसानी के कार्यों को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि जोबट विधानसभा क्षेत्र के गांवों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आगे भी प्रयास जारी रहेंगे।



गायक सुदेश भोसले किशोर दा की समाधि पर शीश नवाकर हुए भावुक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खण्डवा

में सौभाग्यशाली हूं मुझे किशोर दा के साथ काम करने का अवसर मिला। उनके साथ देश विदेश में अनेको आयोजनों में साथ रहकर उनसे बहुत कुछ सीखा। यह स्थान हमारे लिए तीर्थ है। यह उदगार किशोर दा की पुण्यतिथि पर खण्डवा में संस्कृति विभाग व जिला प्रशासन द्वारा आयोजित राष्ट्रीय किशोर कुमार सम्मान के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह व संगीत संध्या में टीम के साथ गायन की प्रस्तुति देने आए ख्याति प्राप्त गायक सुदेश भोसले मुंबई ने कार्यक्रम के पूर्व खण्डवा पधारने पर किशोर दा की समाधि पर शीश नवाकर कहे।

जानकारी देते हुए किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच के प्रवक्ता सुनील जैन व सचिव नारायण बाहेती ने बताया की समाधि पर सम्मानित होने वाले अभिनेता रघुवीर यादव, सुदेश भोसले ने किशोर सांस्कृतिक प्रेरणा मंच एवं नगर पालिका निगम के संयुक्त तत्वावधान में किशोर दा की समाधि पर दो जलेबी का भोग लगाकर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम मे गायक सुदेश भोसले ने मुझे ओर जीने की चाहत ना होती अगर तुम ना होते गाने की प्रस्तुति दी, श्री भोसले ने कहा कि एक ऐसा कलाकार जिसके गीत बच्चे युवा और बुजुर्ग आज भी गुनगुनाते हैं, तीन से चार सालों तक उनके साथ रहा और उनकी हर कला को सीखने का मौका मिला।



स्व. वेस्ता पटेल की स्मृति में पंचेश्वर मुक्ति धाम को 2 लाख रुपये देंगे महेश पटेल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अलीराजपुर

शहर के पंचेश्वर मुक्तिधाम में विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेश पटेल ने अपने दिवंगत पिता एवं पूर्व विधायक स्वर्गीय वेस्ता पटेल की स्मृति में बगीचे के निर्माण के लिए 2 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में हाईमास्ट लाइट लगवाने की भी घोषणा की।

महेश पटेल ने अपने पूज्य पिता स्वर्गीय वेस्ता पटेल की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से पंचेश्वर मुक्तिधाम समिति को बगीचे के निर्माण के लिए २ लाख रुपये देने की घोषणा की थी। इसी क्रम में आज मुक्तिधाम परिसर में समिति के सदस्यों की उपस्थिति में उन्होंने उक्त राशि प्रदान की।इस अवसर पर महेश पटेल ने कहा कि सामाजिक एवं जनहित से जुड़े कार्यों में सहयोग देना समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का एक माध्यम है। मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर आवश्यक सुविधाओं का विकास होना चाहिए, ताकि यहां आने वाले लोगों को बेहतर वातावरण और सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने मुक्तिधाम परिसर में हाईमास्ट लाइट लगवाने की भी घोषणा की। हाईमास्ट लाइट लगने से रात्रि के समय परिसर में रोशनी की बेहतर व्यवस्था होगी।



विद्यार्थियों ने सीखा स्वच्छता,पर्यावरण जागरूकता और संवेदना का पाठ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत हरसुख दिगंबर जैन हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वानी के विद्यार्थियों ने स्थानीय शिव कुंज में स्वच्छता, पौधारोपण एवं संवेदना जागरूकता का अनुकरणीय कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थी स्वच्छता जागरूकता हेतु शिव कुंज परिसर पहुंचे। वहां उन्होंने बड़वानी नगरपालिका के सहयोग से स्वच्छता कार्य किया तथा स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने शिव कुंज परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस आयोजन का सबसे हृदयस्पर्शी पक्ष तब रहा जब विद्यार्थियों को आशा आश्रम ले जाया गया। वहां उन्होंने निराश्रित मनोरोगियों से संवाद कर उनकी पीड़ा को समझा।

इस अनुभव के माध्यम से विद्यार्थियों ने दया, प्रेम, सहयोग और करुणा की सनातन भारतीय परम्परा का जीवंत पाठ सीखा।इस अवसर पर डॉ. दुबे ने कहा कि सही अर्थों में इस तरह की गतिविधियां ही परियोजना आधारित गतिविधियां हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी जीवन का पाठ अपने बाह्य अनुभव के आधार पर सीखते हैं और ऐसे अनुभव से उपजा ज्ञान और संवेदना उन्हें एक नई जीवनदृष्टि देता है।



हाथ धुलाई दिवस समारोह अभियान के माध्यम से दिया स्वच्छता का संदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, बड़वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा गोद ग्राम बड़गांव एवं महाविद्यालय परिसर में नियमित गतिविधि के अंतर्गत हाथ धुलाई दिवस समारोह अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रणजीत सिंह मेवाड़े द्वारा किया उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को हाथ धुलवाकर व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। विद्यार्थियों को बताया गया कि भोजन करने से पहले, शौचालय का उपयोग करने के बाद तथा गंदगी के संपर्क में आने पर साबुन से अच्छी तरह हाथ धोना आवश्यक है।

नियमित रूप से हाथ धोने की आदत अपनाने से अनेक संक्रामक बीमारियों से बचाव किया जा सकता है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रंजना चौहान ने विद्यार्थियों को स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा अपने परिवार एवं समाज में भी स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ निर्मला मौर्य ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है।

कचरा स्थल बना आकर्षक मिनी गार्डन

बड़वानी । नगर पालिका परिषद बड़वानी द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 में पूर्व में कचरा एकत्रित होने वाले स्थान का कायाकल्प कर उसे सुंदर ज्मिनी गार्डनज् के रूप में विकसित किया गया।इस पहल के तहत स्थल पर रंग-रोगन कर सौंदर्यीकरण किया गया तथा वार्डवासियों की सुविधा के लिए बैठक एवं लाइटिंग की व्यवस्था की गई। इस प्रयास से क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर एवं आकर्षक स्वरूप मिला है।

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह मुक्त भारत अभियान

नेपानगर। बालिका दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग, नेपानगर परियोजना एवं जस्टिस फॉर राइट चिल्ड्रन संस्था (आस) के अंतर्गत ग्राम हैदरपुर की पीएम श्री स्कूल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेपानगर परियोजना अधिकारी प्रगति खराड़िया ने बालक-बालिकाओं और क्षेत्र की महिलाओं को जानकारी देते हुए बताया कि हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वूमन के तहत महिला सशक्तीकरण, समुदाय में लैंगिक समानता, गुड टच-बैड टच, लड़कियों का सम्मान व सुरक्षा, ऊर्जा महिला डेस्क के बीच समन्वय कर हिंसा उन्मूलन हेतु कार्यक्रम की जानकारी दी गई। साथ ही बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित जानकारी प्रदान कर समुदाय को जागरूक किया गया। वहीं संस्था आस के सदस्य राजेंद्र मसाने द्वारा बालविवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत बाल विवाह रोकथाम, बालश्रम रोकथाम, पॉक्सो एक्ट एवं बालश्रम एक्ट से संबंधित जानकारी दी जावेगी।

सामान्य सभा की बैठक 22 को

बड़वानी। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक का आयोजन 22 अक्टूबर को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। जिला पंचायत सीईओ श्री अर्पित गुप्ता ने बताया कि बैठक में पूर्व बैठक का कार्यवाही विवरण, जिला पंचायत, नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग एवं जनजातीय कार्य विभाग के कार्यो एवं योजनाओं समीक्षा की जावेगी।

22 प्रमुख स्टेशनों पर 'मेरी सहेली' टीम तैनात, 45 ट्रेनों में दैनिक एस्कॉर्ट की सुविधा

मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) की रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) निरंतर निगरानी, महिलाओं पर केंद्रित विशेष पहलों और शिकायतों के तुरंत समाधान के माध्यम से यात्रियों की सुरक्षा को सुदृढ़ कर रहा है। महिला यात्रियों, विशेषकर अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मविश्वास सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए बचाव के उपाय, ट्रेन के भीतर सुरक्षा और समय पर मदद पहुँचाने जैसी व्यवस्थाएं की गई हैं। इस दिशा में एक अहम पहल 'मेरी सहेली' है, जिसके तहत एनएफआरके 22 प्रमुख स्टेशनों पर विशेष टीमें तैनात की गई हैं। ये टीमें महिला यात्रियों, विशेषकर अकेले यात्रा करने वाली महिलाओं से बातचीत करती हैं, उन्हें आवश्यकसहायता प्रदान करती हैं और उनकी यात्रा को सुरक्षित एवं आरामदायक बनाने के लिए विश्वास दिलाती हैं। इसके अलावा, आरपीएफके जवान प्रतिदिन एनएफआरमें औसतन 45 ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा हेतु एस्कॉर्ट करते हैं।

12 घंटे में पिकअप चोरी का पर्दाफाश, 24 लाख का मशरूका जब्त; तीन आरोपी गिरफ्तार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

सनावद पुलिस ने पिकअप चोरी की वारदात का महज 12 घंटे में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 10 लाख रुपये कीमत की चोरी गई बोलेरो पिकअप और वारदात में इस्तेमाल की गई 14 लाख रुपये की स्विफ्ट कार बरामद की है। जब्त मशरूके की कुल कीमत 24 लाख रुपये बताई गई है। पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर को गृह निर्माण कॉलोनी निवासी ललित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उनके भाई की बोलेरो पिकअप रेलवे क्रॉसिंग के पास दुकान के सामने गली में खड़ी थी, जिसे अज्ञात बदमाश चुरा ले गए। शिकायत पर थाना सनावद में अपराध क्रमांक 445/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) में मामला दर्ज किया गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन (ग्रामीण) अनुराग एवं उप महानिरीक्षक निमाड़ रेंज सिमला प्रसाद के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक रविन्द्र वर्मा ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शकुन्तला रुहल और एसडीओपी बड़वाह मुकेश इजारदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक धर्मेन्द्र यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले तथा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। जांच के दौरान मिले सुरागों के आधार पर राऊ निवासी अभिषेक उर्फ कान्हा, विनोद ठाकुर और महू के पत्ती बाजार निवासी रिजवान उर्फ रज्जू को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पुलिस के मुताबिक, पूछताछ में तीनों ने पिकअप चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पिकअप के खराब लॉक को चिह्नित कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। जांच में तीनों आरोपियों के खिलाफ इंदौर, राऊ, पीथमपुर, महू और किशनगंज के विभिन्न थानों में चोरी, मारपीट, सट्टा के प्रकरण दर्ज है।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति पिपलिया, जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक/मंडी/नि./26-27/672 पिपलिया, दिनांक:-12.10.2026

—// निविदा आमंत्रण सूचना //—

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (एकीकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिष्ठित दर आधार पर सीलबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। क्रमांक 2026_MPSAM_542464_1 एवं 2026_MPSAM_542463_1 अंतर्गत ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 16.10.2026 समय 10.30 से दिनांक 05.11.2026 सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर प्राप्त होगी, एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल http://www.mpmandiboard.gov.in पर भी अवलोकनीय होगी।

नोट:- आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर ही प्रदर्शित किया जावेगा।

सचिव
कृषि उपज मंडी समिति, पिपलिया
जिला-मंदसौर (म.प्र.)

भारसाधक अधिकारी
कृषि उपज मंडी समिति, पिपलिया
जिला-मंदसौर (म.प्र.)

न्यूज -कॉलम

दो साल के बालक को मिली बाल आरक्षक की नियुक्ति



उज्जैन। मंदसौर में पदस्थ आरक्षक रंजीतसिंह डोडिया की 26 जनवरी 2026 को सड़क दुर्घटना में आकस्मिक मृत्यु होने पर उज्जैन पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने मनवीयता और संवेदनशीलता का परिचय देते हुये दिवंगत आरक्षक के 2 वर्षीय पुत्र मनवीत को बाल आरक्षक के पद पर अनुकंपा नियुक्ति प्रदान की है। मध्यप्रदेश में पहली बार 2 साल के बालक को बाल आरक्षक के पद पर नियुक्ति दी गई है। बताया जा रहा है कि मंदसौर में पद खाली नहीं होने पर बालक को उज्जैन में नियुक्ति पत्र सौंपा गया है। दिवंगत आरक्षक की पत्नी द्वारा पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति दिये जाने का पत्र सौंपा था। पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में संज्ञान लेकर सभी दस्तावेजों की कार्रवाई को पूर्ण कराया और बुधवार को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होने 2 वर्षीय बाल आरक्षक को स्नेह के रूप में चॉकलेट भेंट की।

एक और कव्वाली दूसरी ओर चल रहा था जुआ

उज्जैन। बड़नगर तहसील के ग्राम झलारिया में असलम बाबा की दरगाह पर कव्वाली का आयोजन रखा गया था। रात में चल रही कव्वाली के बीच दरगाह के पीछे बैठकर कुछ युवक जुआ खेल रहे थे। पुलिस को सूचना मिली तो उपनिरीक्षक सुनील परमार टीम के साथ दरगाह के पीछे पहुंचे और घेराबंदी कर जुआ खेल रहे चार युवकों को हिरासत में लिया। मौके से ताश पत्ती और 14 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की। जुआ खेलने वालों को थाने लाया गया। चारों के खिलाफ जुआ एक्ट अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। उप निरीक्षक परमार के अनुसार जुआ खेलने वालों में दो युवक मोहम्मद रफीक पिता इब्राहिम अंडा गली और मंजूर पिता सलीम अहमद निवासी लोहे का पुल उज्जैन के रहने वाले हैं और दो बांसवाडा राजस्थान के ग्राम कुशलगढ़ निवासी विजय पिता नरेशचंद्र त्रिवेदी और जितेन्द्र पिता ओमप्रकाश हैं। चारों कव्वाली सुनने के लिए बड़नगर आए थे। उनके कुछ साथी भी जुए की महफिल में शामिल लेकिन पुलिस की घेराबंदी से पहले ही वह चले गए थे।

सब्जी की थैली नहीं देने पर हम्माल से मारपीट

उज्जैन। चिमनगंज सब्जी मंडी में रात के समय महालक्ष्मी कॉलोनी में रहने वाला श्याम पिता बंसीलाल यादव 63 साल हम्माली का काम कर रहा था उसके पास सब्जी की थैली थी, उसी दौरान नाना हम्माल वहां पहुंचा और सब्जी की थैली मांगने लगा। श्याम यादव ने थैली देने से मना किया तो नाना ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। मारपीट में घायल सामने मामले की शिकायत चिमनगंज थाने पहुंचकर की। पुलिस द्वारा नाना के खिलाफ मारपीट की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। नाना के खिलाफ पूर्व में भी प्रकरण दर्ज होना बताया जा रहा है। मारपीट का दूसरा मामला फाजलपुरा में मोहम्मद असलम पिता अब्दुल हामिद मंसूरी के साथ होने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने नारायण बाथम के खिलाफ दर्ज किया। नारायण बाथम ने पुरानी रंजिश के चलते घर में घुसकर मोहम्मद असलम के साथ मारपीट की।

ट्रक की टक्कर से डिवाइडर पर चढ़ी कार क्षतिग्रस्त

उज्जैन। कैलाश एम्पायर कॉलोनी में रहने वाले डॉक्टर नरेंद्र पिता रमेश चंद्र मंडोरिया अपनी कार क्रमांक एमपी 13 एएम 8561 से रात 11:30 बजे के लगभग देवास होते हुए उज्जैन लौट रहे थे। नागझिरी थाना क्षेत्र के ग्राम चंदेसरा में पीछे से आए ट्रक ने उनकी कार को टक्कर मार दी। तेजगति से लगी टक्कर के बाद डॉ. मंडोरिया का संतुलन बिगड़ गया और कार डिवाइडर पर चड़ गई गनीमत रही कि कार ने पलटी नही खाई। अन्यथा बड़ा हादसा हो सकता था। टक्कर मारने के बाद चालक ट्रक लेकर मौके से भाग निकला। कार क्षतिग्रस्त होने पर डॉ. मंडोरिया ने मामले की शिकायत नागझिरी थाना पुलिस से की। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। लोगों की मदद से डिवाइडर पर चली कार को निकाला गया। दुर्घटना की जानकारी लगने पर परिवार ग्राम चंदेसरा पहुंच गया था।

दिन	234-9		335-1
मेन बाजार	300-3		190-0
कल्याण नाइट	179-7		670-3
मिलन डे	278-7		580-3
मिलन नाइट	238-3		145-0
मधुर डे	150-6		389-0
मधुर नाइट	120-3		127-9
शुभांक	4	9	3

राजस्थान के युवक से 28 किलो डोडाचूरा बरामद...

मादक पदार्थ के साथ ट्रेन के इंतजार में खड़ा था युवक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 5 पर ट्रेन का इंतजार कर रहे युवक के पास मादक पदार्थ होने की सूचना मिलने पर जीआरपी-आरपीएफ की टीम ने घेराबंदी की। युवक के पास से 28 किलो डोडाचूरा बरामद हो गया।

धार्मिक नगरी में देशभर से ट्रेनों की यात्रा कर उज्जैन पहुंचने वालों की सुरक्षा में आरपीएफ-जीआरपी द्वारा लगातार स्टेशन परिसर से प्लेटफार्म तक विशेष चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सूचना मिली थी कि प्लेटफार्म नम्बर 5 पर एक युवक मादक पदार्थ लेकर खड़ा है। वह ट्रेन का इंतजार कररहा है। जीआरपी टीआई सुनील कुमार गुप्ता और आरपीएफ निरीक्षक नरेन्द्र यादव की टीम ने पकड़ने के लिये



घेराबंदी। युवक ने भागने का प्रयास किया लेकिन घेराबंदी में पकडा गया। उसके पास से 2 बैग बरामद किये गये। जिसकी तलाशी लेने पर उसमें मादक पदार्थ 28 किलो डोडाचूरा भरा होना पाया गया। जिसकी कीमत 1 लाख रूपये आंकी गई। जीआरपी टीआई गुप्ता ने बताया कि युवक से पूछताछ में उसका नाम अजय कुमार पिता भंवरलाल 28 साल निवासी वार्ड नं. 1 पोस्ट आसन थाना टाडगढ़ जिला अजमेर (राजस्थान) सामने आया। उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 का प्रकरण दर्ज किया गया है।

उज्जैन से राजस्थान जाने की फिराक में था- जीआरपी टीआई ने बताया कि पूछताछ में आरोपी युवक ने कबूल किया कि उसे मादक पदार्थ उज्जैन बस स्टेंड देवासगेट क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा दिया गया था। वह ट्रेन के माध्यम से मादक पदार्थ राजस्थान लेकर जाने वाला था। पूर्व में भी मादक पदार्थ उज्जैन से राजस्थान लेकर जा चुका है। बदले में उसे रूपये मिलते है। टीआई के अनुसार उसे मादक पदार्थ और पैसे देने वाले की जानकारी जुटाई जा रही है। पूर्व में भी पंजाब के 2 महिलाओं को इसी तरह से तस्करी करते पकड़ा गया था। लेकिन उस वक्त मुख्य आरोपी गिरफ्त में नहीं आ सका था।

टे:न के माध्यम से हो रही तस्करी

कुछ समय से देखा जा रहा है कि मादक पदार्थ के साथ अवैध कारोबार करने वाले ट्रेन के माध्यम से तस्करी कर रहे है। पूर्व में भी मादक पदार्थ और अवैध शराब के साथ आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। उज्जैन स्टेशन पर यात्रियों की संख्या दिन-ब-दिन बड़ रही है। इसी का फायदा अवैध कारोबार करने वालों द्वारा उठाने का प्रयास किया जा रहा है। लेकिन महाकाल लोक बनने और आगामी सिंहस्थ को देखते हुये रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ-जीआरपी की सक्रियता काफी बड़ गई, जिसके चलते अवैध कारोबार करने वाले पकड़े जा रहे है।

10 साल के बेटे की गवाही पर मिली उम्रकैद की सजा.....

प्रेमी के साथ मिलकर पति को उतारा था मौत के घाट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

46 माह पहले हुई हत्या के मामले में मृतक के बेटे की गवाही पर न्यायालय ने मृतक की पत्नी उसके प्रेमी और साथी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। आरोपियों को मृतक के 2 बच्चों को पी?त प्रतिकर योजना में आर्थिक सहायता दिलाने के आदेश दिए हैं।

24 दिसंबर 2022 को भैरवग? थाना क्षेत्र के ग्राम झिरनिया में रहने वाले गंगाराम ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसके बेटे जितेन्द्र बंजारा की लाश मिली है। पुलिस घटनास्थल पहुंची थी, मामला हत्या का होना सामने आया था। जांच में पता चला था कि मृतक जितेन्द्र की पत्नी पूजा के अवैध संबंध राकेश पिता भैरूसिंह कुशवाह के साथ है। इस आधार पर पुलिस ने जांच शुरू की, पता चला कि मृतक ने पत्नी को राकेश के साथ देख लिया था। जिसको लेकर विवाद हुआ था। राकेश ने अपने साथी ईश्वर गोवर्धन बंजारा को बुला लिया था। तीनों ने मिलकर जितेन्द्र की हत्या कर दी थी। राकेश ने गर्दन मरो? दी, ईश्वर सिंह ने मारपीट शुरू कर दी थी। तभी पूजा ने घर में रखी हथौ?ी से पति जितेंद्र के सिर पर जानलेवा हमला कर दिया था। जितेन्द्र की मौत होने के बाद तीनों ने उसका शव घर के पास बने गड्ढे में छिपा दिया था। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर अभियोग पत्र



न्यायालय में प्रस्तुत किया था। उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने बताया कि घटना के दौरान मृतक जितेन्द्र का 10 वर्षीय पुत्र मौजूद था। सुनवाई के दौरान बालक के कथन अदालत में लिये गये। जो महत्वपूर्ण साक्ष्य बने। बालक ने अपने सामने पिता के साथ हुई घटना को विस्तृत रूप से बताया। जिसके आधार पर 46 माह बाद पंचम अपर सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार शर्मा ने फैसला सुनाते हुये तीनों आरोपियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा से दंडित किया। आरोपियों पर 31 हजार का अर्थदंड भी लगाया गया है। प्रकरण में विशेष लोक अभियोजक भारतसिंह कनेल और नितेश कृष्णन द्वारा पैरवी की गई। न्यायालय द्वारा प्रकरण में फैसला सुनाते हुये नोट लिखा कि मृतक के नाबालिग पुत्र और पुत्री के पुर्नवास के लिये पीडित प्रतिकार योजना में आर्थिक सहायता बतौर प्रतिकार दिलाई जाये।

ऑटो से आए 2 बदमाशों ने किया युवक का अपहरण

देवासगेट पर हुई घटना के बाद जांच में जुटी पुलिस

उज्जैन। देवासगेट पर रात 9 बजे उसे वक्त अफरा तफरी मच गई, जब ऑटो से आए जो बदमाशों ने एक युवक का अपहरण कर लिया। युवक के साथ मारपीट की गई। घटना की जानकारी लगते ही मामला पुलिस के पास पहुंचा। अपहरण करने वाले युवक को छोड़कर भाग निकले।

बताया जा रहा है कि शास्त्री नगर में रहने वाला सागर जाट रात में देवास गेट पहुंचा था अन्नपूर्णा मंदिर के पास हाथों से आए दो बदमाशों ने उसका अपहरण कर लिया। बदमाश उसे अपने साथ ले गए और मारपीट की। युवक के अपहरण की जानकारी पुलिस को लगी तो पड़ताल शुरू की गई। सागर जाट के परिजन भी थाने पहुंच गए थे इस बीच सागर जाट रेलवे स्टेशन माल गोदाम के पास से घायल हालत में मिल गया। पुलिस ने उससे पूछताछ की तो पता चला कि अपहरण करने वालों में टिल्लू देवड़ा और एक अन्य युवक शामिल था। मामला पुरानी रंजीश से जुड़ा होना सामने आ रहा है। सीएसपी दीपिका शिंदे ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है देवास गेट क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देखे जा रहे हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी यह भी सामने आई है कि सागर जाट कुछ समय पहले ही जेल से छूट कर आया है और वह अपने दोस्त से मिलने देवास के आया था।

तेजगति से दौड़ती कार बुधवार दोपहर पिता-पुत्र को कुचल दिया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

तेजगति से दौड़ती कार बुधवार दोपहर पिता-पुत्र को कुचल दिया। दुर्घटना में पुत्र की मौत हो गई। पिता घायल हुआ है। पुलिस ने कार जप्त कर मृतक पुत्र का पोस्टमार्टम कराया।

इंगोरिया थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम पाटियाखेड़ी मार्ग पर कार चालक ने बाइक पर सवार पिता-पुत्र को कुचल दिया था। दुर्घटना होते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। चालक कार छो?कर भाग निकला। घायल पिता-पुत्र की पहचान कमल बागरी 40 साल और कृष्णपाल बागरी 11 साल निवासी पाटियाखेड़ी के रूप में हुई। दोनों को उपचार के लिये उज्जैन रवाना किया। लेकिन चरक अस्पताल पहुंचने पर कृष्णपाल की मौत होना सामने आया। मौके से कार जप्त कर ली गई थी। कृष्णपाल की मौत होने पर अस्पताल पुलिस चौकी ने पोस्टमार्टम कराया है। घायल पिता का उपचार चल रहा है। परिजनों का कहना था कि पिता-पुत्र बाइक से सामान खरीदने बाजार जा रहे थे।

महाकाल थाना क्षेत्र में चारधाम मंदिर के पास भाटी ट्रेवल्स की बस में गौंड बस्ती में रहने वाले हरी पिता मंगल महाराज 70 साल को कुचल दिया था। बुधवार सुबह हुई दुर्घटना में घायल हरी महाराज को उपचार के लिये अस्पताल ले जाया गया। जहां कुछ घंटे चले उपचार के बाद मौत हो गई। मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने बस जप्त की है। भैरवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम जलालखेड़ी में मंगलवार-बुधवार रात बाइक सवार जीवन पिता भागीरथ 25 साल को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया था। गंभीर घायल जीवन को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

कचरा पृथक्करण नहीं करने पर डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट पर 50 हजार का जुर्माना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के नियमों तथा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा के लिए बुधवार को नगर निगम के मीटिंग हॉल में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस दौरान वार्डों में कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित नहीं किए जाने पर आईईसी एजेंसी डिवाइन वेस्ट मैनेजमेंट पर 50 हजार का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए गए।

अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह एवं उपायुक्त श्री योगेंद्र सिंह पटेल की उपस्थिति में आयोजित बैठक में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाने, कचरे के पृथक-पृथक संग्रहण और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में अधिकारियों ने निर्देशित किया कि घरों से निकलने वाले कचरे का स्रोत पर ही पृथक्कीकरण सुनिश्चित किया जाए। जो नागरिक कचरा पृथक-पृथक देने में सहयोग नहीं कर रहे हैं, ऐसे घरों को चिह्नित कर पहले समझाइश दी जाए नहीं मानने पर नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करें। साथ ही नागरिकों को गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए जागरूक किया जाए तथा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों में भी कचरे का पृथक-पृथक संग्रहण सुनिश्चित किया जाए।

वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए- स्वास्थ्य अधिकारियों एवं स्वच्छता निरीक्षकों को कचरा संग्रहण वाहनों की नियमित मॉनिटरिंग करने और निर्धारित रूट चार्ट के अनुसार कार्य सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि घरों से निकलने वाला कचरा केवल डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाहनों में ही लिया जाए। रोड स्वीपिंग वाहनों में घरेलू कचरा डालने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई व्यक्ति या संबंधित कर्मचारी रोड स्वीपिंग वाहन में घरेलू कचरा डालता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए। रोड स्वीपिंग से निकलने वाले कचरे की मात्रा कम करने के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई।

जीवीपी पॉइंट समाप्त करने का अभियान- बैठक में नगर निगम की आईईसी टीम को शहर में चिह्नित कचरा संवेदनशील स्थलों (जीवीपी पॉइंट) को समाप्त करने के लिए प्रभावी कार्रवाई करने तथा इस दिशा में लगातार मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सभी वार्डों में नियमित एवं प्रभावी स्वच्छता गतिविधियां संचालित करने और जनजागरूकता अभियान के माध्यम से नागरिकों की सहभागिता बढ़ाने पर जोर दिया गया।

ये थे उपस्थित- बैठक में सहायक आयुक्त रविकांत मगरदे, प्रफुल्ल गठरे, राघवेंद्र सिंह पालिया, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर, हरीश व्यास, सभी सेक्टरों के स्वच्छता निरीक्षक एवं आईईसी एजेंसी के सदस्य उपस्थित रहे।

पुलिस ने पकडा तो स्टंटबाज बोले अब नहीं करेगें गलती



उज्जैन। तेजगति से कार चलाकर स्टंट करने वाले 3 युवकों का मामला पुलिस के पास पहुंचने पर कार नम्बर से उनकी तलाश शुरू की गई। युवक कोतवाली थाना क्षेत्र के मिल्कीपुरा में रहने वाले नावेद उर्फ नब्बू पिता जहीर खान, साकेत पिता जीही खान और आश्मीर पिता उस्मान अहमद सामने आये। तीनों को हिरासत में लिया गया मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई। युवकों ने कान पकड़ कर भविष्य में स्टंटबाजी की गलती नहीं करने की बात कहीं। पुलिस द्वारा वाहन चालकों से अपील करते हुये कहा कि यातायात नियमों का पालन करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं तथा सड़क पर स्टंट करने जैसी खतरनाक गतिविधियों से बचें। आपकी छोटी-सी लापरवाही स्वयं के साथ-साथ अन्य लोगों के जीवन को भी खतरे में डाल सकती है। सुरक्षित वाहन चलाएं और दूसरों की सुरक्षा का भी ध्यान रखें।

कुख्यात बदमाश ने फोडे स्कार्पियों के कांच

उज्जैन। गुर्जर गैंग के कुख्यात बदमाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोहननगर में खड़ी स्कार्पियों के कांच फोड़ दिये। बदमाश ने स्कार्पियों मालिक को धमकाया। पुलिस ने चार बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है। चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि अलुसबह ढांचा भवन में रहने वला गुर्जर गैंग का कुख्यात बदमाश अनमोल गुर्जर अपने 3 साथियों के साथ मोहननगर पहुंचा था। उसने वहां रहने वाले मदनलाल पिता हरदास की स्कार्पियों के कांच फोड़े और उसके पुत्र को धमकाया। बदमाश गुर्जर ने अवैध वसूली की मांग भी की। पुलिस के अनुसार मदनलाल की शिकायत पर मामले में अनमोल के खिलाफ नामजद प्रकरण दर्ज किया गया है। उसके तीन अन्य साथियों की पहचान के प्रयास किये जा रहे है। विदित हो कि अनमोल गुर्जर की कई महिनों से देवासगेट थाना पुलिस को तलाश है।

9 अक्टूबर से शुरू हुए अभियान में 4 स्थानों पर लगाए गए बोमा से 327 पकडे गए....

चौथे दिन ग्राम मनसाया में 74 कृष्णमृणों का रेस्क्यू

अबकी बार नौरादेही अभ्यारण्य में छोडने के लिए वाहन रवाना हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शाजापुरङ्कशुजालपुर क्षेत्र में कृष्णमृग (ब्लैकबक) कैप्चर एवं स्थानांतरण अभियान का द्वितीय चरण जारी है। अभियान के अंतर्गत बुधवार को चौथे स्थल से शाम कालापीपल तहसील के ग्राम मनसाया में 74 कृष्णमृगों को सफलतापूर्वक रेस्क्यू किया गया। अभियान के दौरान आज शाम हेलीकॉप्टर ने भी उड़ान भरी। इससे पूर्व तीन स्थानों पर लगाए बोमा से 253 कृष्णमृगों को रेस्क्यू कर कूनो राष्ट्रीय उधान में छोडा गया था।

बुधवार शाम को पूर्ण हुए आपरेशन में कुल 74 कृष्णमृगों को हेलीकाप्टर के उपयोग के उपरांत रेस्क्यू किया गया। सभी 74 मृगों को महाराष्ट्र वन विभाग के मंगवाए गए



वन्य जीवो के परिवहन के लिए बने विशेष प्रकार के ट्रकों में भरकर सागर जिले के रानी दुर्गावती अभ्यारण्य नौरादेही के लिए रवाना किया गया है। यहां हाल ही में लाए गए एक मादा एवं एक नर चीता भी छोडे गए हैं। यहां प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए कृष्णमृगों को भी छोडा गया है। पिछले वर्ष शाजापुर में प्रथम अभियान के दौरान पकडे गए कृष्ण मृगों को काफी संख्या में उज्जैन संभाग अंतर्गत मंदसौर जिले के गांधी सागर वन्य जीव अभ्यारण्य में भी छोडा गया था। अभियान का उद्देश्य फसल हानि से प्रभावित स्थानीय ग्रामीण समुदायों की समस्याओं का निदान करना तथा मानवङ्कवन्यप्राणी द्वंद्व एवं वन्यप्राणियों से होने वाली फसल क्षति को कम करना है। साथ ही कृष्णमृगों को उनके अनुकूल वन क्षेत्र में सुरक्षित रूप से स्थानांतरित करना भी अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

द्वितीय चरण में कुल 2,000 कृष्णमृगों के स्थानांतरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मंगलवार को ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों को पकडकर कूनों राष्ट्रीय पार्क पशु चिकित्सक की देखरेख में ट्रकों में भरकर भेजा गया है। इससे पूर्व हन्नूखेड़ी और पोलायकला के खेतों से पहले दिन 97,दुसरे दिन 79 कृष्णमृगों को पकड कर कूनो पार्क भेजा गया जा चुका है।

किसान समस्याओं को लेकर आज उज्जैन में आंदोलन

उज्जैन। किसान समस्याओं को लेकर गुरूवार को उज्जैन में बडे प्रदर्शन की संभावना है। भारतीय किसान संघ जिला ईकाई ने इसका आव्हान किया है।आंदोलन के तहत उज्जैन जिला कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया जा कर अपनी मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन को किसान सौंपेगे। किसान संघ के जिलाअध्यक्ष बहादुरसिंह आंजना के सोश्यल मिडिया पर जिले के किसानों से उज्जैन आने का आव्हान किया है।

पश्चिमी रेलवे
विभिन्न रचनाएँ
संभागीय रेलवे प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिमी रेलवे, छठी मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई - 400 008, क्रमांक: 1. ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/184 दिनांक 12/10/2026. कार्य एवं स्थान: विरार-जोरावासन खंड: उदवाड़ा - यातायात क्षेत्र का विकास, पीएफ सतहीकरण, सीओपी, पीएफ चौड़ीकरण, उपयोगिता स्थानांतरण कार्य और शौचालय ब्लॉकों का निर्माण, विदेश मंत्रालय और दिव्यांगजन दिशानिर्देशों के अनुपालन में। (विद्युत (पी) कार्यों सहित मिश्रित निविदा)। लगभग। कार्य की लागत: ₹ 18,33,94,831.74. ईएमडी: ₹ 36,67,900/-. क्रम संख्या: 2. ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/26-27/185 दिनांक 12/10/2026. कार्य और स्थान: विरार-जोरावसन खंड: 1. वलसाड स्थित आरपीएफ जोनल ट्रेनिंग सेंटर में स्कूल भवन का पूर्ण नवीनीकरण। 2. एडीईएन/वलसाड के अधिकार क्षेत्र में आने वाले मौजूदा स्टाफ क्वार्टरों का सुधार, जैसे संरचनात्मक मरम्मत, फर्श, जल निकासी, दरवाजे-खिड़की का काम, पेंटिंग आदि। (विद्युत (बिजली) कार्यों सहित संयुक्त निविदा)। लागत: 5,79,36,088.86 रुपये। ₹ अनुमानित कार्य की अनुमानित लागत: ईएमडी: 11,58,700 रुपये। दोनों निविदाएं जमा करने की तिथि और समय: 05.11.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। दोनों निविदाएं खोलने की तिथि और समय: 05.11.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0702
हमें फेसबुक पर फॉलो करें: facebook.com/WesternRly



भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ना सहज, मधुर और आनंददायक है। इसके विपरीत ज्ञान के मार्ग पर थोड़ी दूर तक चलने के बाद ही मनुष्य कई बार ऐसे प्रश्नों और संशयों से घिर जाता है, जैसे कोई प्यासा व्यक्ति चारों ओर फैले मरुभूमि में भटक रहा हो। इसलिए साधना का मार्ग कोई बौद्धिक चर्चा मात्र नहीं, बल्कि जीवन को भीतर से बदलने की प्रक्रिया है। साधना चाहे जिस रूप में की जाए, उसे इसी संसार में करना होगा। मृत्यु के बाद साधना का अवसर नहीं मिलता। इसलिए जीवन के रहते ही यह तय करना आवश्यक है कि हमें किस दिशा में आगे बढ़ना है- दिव्यता या पशुता और जड़ता की ओर?

सामान्य मनुष्य अक्सर यह पहचान नहीं पाता कि वह किस दिशा में जा रहा है? जिस प्रकार सड़क पर मरम्मत का काम चल रहा हो, तो यात्रियों को सावधान करने के लिए ह्यआगे खतरा हैह्न का बोर्ड लगाया जाता है, उसी तरह समाज के सजग और संवेदनशील लोगों का यह दायित्व है कि वे दूसरों को उनके जीवन की गलत दिशा के प्रति सचेत करें। इसका अर्थ किसी पर अपनी मान्यता थोपना नहीं, बल्कि प्रेमपूर्वक यह स्मरण कराना है कि जीवन केवल भौतिक उपलब्धियों का नाम नहीं है। लोगों को सही दिशा में प्रेरित करना समाज के प्रति हमारा महत्वपूर्ण मानवीय दायित्व है। ब्रह्म की ओर बढ़ते साधक के मन से संकीर्ण विचार और छोटे-छोटे स्वार्थ मिटने लगते हैं। ब्रह्म का अर्थ ही व्यापकतम सत्ता है- जिसमें सबका समावेश है। इसलिए ब्रह्म से प्रेम करने का वास्तविक अर्थ है, समस्त अस्तित्व से प्रेम करना। ब्रह्म साधक के लिए कोई पराया नहीं रहता। वह प्रत्येक प्राणी में परम सत्ता की उपस्थिति अनुभव करने का प्रयास करता है। यही भाव उसकी दृष्टि को व्यापक बना देता है। उसे समस्त धरती अपना घर लगती है। भाषा, जाति, क्षेत्र और अन्य सामाजिक विभाजन उसके प्रेम की सीमा निर्धारित नहीं करते। वह मनुष्य को भीतरी चेतना के आधार पर देखने लगता है।

यह दृष्टि केवल मनुष्य तक सीमित नहीं रहती। छोटे से छोटे जीव के प्रति भी उसके मन में करुणा और आत्मीयता उत्पन्न होती है। जिस प्रकार एक विशाल हाथी और एक छोटी चींटी, दोनों प्रकृति के विराट जीवन-जाल का हिस्सा हैं, उसी प्रकार प्रत्येक प्राणी अस्तित्व की एक महत्वपूर्ण कड़ी है। इसलिए साधक के लिए किसी जीव का महत्व उसके आकार, शक्ति या सामाजिक प्रतिष्ठा से तय नहीं होता। आखिरकार साधना मनुष्य को इसी अनुभूति की ओर ले जाती है कि यह पूरा ब्रह्मांड उससे अलग नहीं है। यही जीवन का वास्तविक विस्तार है। यही वह अवस्था है, जिसे ब्रह्म साधना के जरिये अमरत्व की अनुभूति की दिशा में बढ़ना कहा जा सकता है।

सम्पादकीय

नशाखोरी से लड़े पंजाब

पंजाब के मानसा में नशा विरोधी कार्यकर्ता परमिंदर सिंह झोटा की दिनदहाड़े हत्या दुखद वारदात तो है ही, बेहद चिंताजनक भी है। इस घटना से पंजाब में ड्रग्स की समस्या एक बार फिर उभरकर सामने आई है। जैसे कि प्रारंभिक ब्योरे हैं, झोटा को एक स्थानीय दवा दुकान मालिक ने सामने से गोली मार दी, क्योंकि वह उसकी दुकान से प्रतिबंधित नशीली दवाओं की हो रही बिक्री का विरोध कर रहे थे। झोटा ने साल 2023 से ही नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ रखी थी और इसके कारण वह कई ड्रग्स तस्करों व बेईमान दवा दुकानदारों के निशाने पर थे। चूंकि वह खुद इस दलदल से बड़ी मुश्किल से बाहर निकले थे, इसलिए सूबे के नौजवानों को इसकी गिरफ्त में फंसते हुए नहीं देख सकते थे और इसीलिए अनेक मुकदमों के बावजूद वह अपने मिशन में लगे रहे। बहरहाल, यह कोई पहली घटना नहीं है, जिससे पंजाब में नशे के कारोबारियों के बढ़े हौसले की तस्दीक होती हो। अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब जालंधर जिले के लखनपाल में नशा विरोधी मुहिम के एक सक्रिय कार्यकर्ता राम गोपाल की हत्या कर दी गई थी। राम गोपाल के कत्ल को रात के अंधेरे में अंजाम दिया गया था, मगर झोटा को दिन की रोशनी में मार डाला गया।

विडंबना देखिए। पिछले कई विधानसभा चुनावों से पंजाब में ड्रग्स की समस्या एक निर्णायक मुद्दा बनता रहा है, मगर अकाली दल-भाजपा गठबंधन सरकार हो या कांग्रेस की कैप्टन अमरिंदर सिंह-चरणजीत सिंह चन्नी सरकार या आम आदमी पार्टी की भगवंत सिंह मान सरकार, किसी ने इस समस्या से निपटने में अपनी पूरी इच्छाशक्ति नहीं दिखाई। चन्नी सरकार को तो खैर बहुत वक्त नहीं मिल सका, मगर मौजूदा सरकार तो अपने कार्यकाल पूरे करने जा रही है। आखिर जो पंजाब खालिस्तानी आतंकवाद पर सफलतापूर्वक नियंत्रण करके देश-दुनिया के सामने मिसाल पेश कर सकता है, उसे ड्रग्स की समस्या से निपटने में मुश्किलें क्यों पेश आ रही हैं? पंजाब वह प्रांत है, जहां के नौजवानों ने भारतीय सेना में शौर्य और बलिदान के बेमिसाल उदाहरण पेश किए हैं; जहां के किसानों ने अपने खेतों में समृद्धि की फसलें ही नहीं उगाईं, बल्कि देश से भुखमरी के खात्मे में अहम भूमिका भी निभाई हैं। वहां की नौजवान पीढ़ी को नशे का घुन लगता गया है, तो यह सबके लिए सतर्क होने की बात है। गौर कीजिए, इसी साल जून में राज्यसभा में सरकार ने एक सवाल के जवाब में यह बताया था कि साल 2025 में ड्रोन के जरिये मादक पदार्थों की तस्करी की जो 305 घटनाएं दर्ज की गई थीं, उनमें से 298 घटनाएं केवल पंजाब सीमा पर हुईं।

नवरात्रि के उपवास में कितना लाभकारी

वॉटर फास्टिंग और ऑटोफैजी? जानिए शरीर के अंदर क्या होता है

नवरात्रि का पर्व आस्था, साधना, संयम और आत्मानुशासन का प्रतीक है। इन दिनों बड़ी संख्या में लोग मां दुर्गा की आराधना करते हुए उपवास रखते हैं। कोई फलाहार करता है, कोई दिन में एक बार भोजन करता है, तो कुछ लोग पूरे दिन केवल पानी पीकर रहने का संकल्प लेते हैं। इसी बीच स्वास्थ्य और फिटनेस के क्षेत्र में वॉटर फास्टिंग और ऑटोफैजी जैसे शब्द भी चर्चा में रहते हैं। दावा किया जाता है कि उपवास करने से शरीर की कोशिकाओं की सफाई होती है, वजन कम होता है और स्वास्थ्य को कई लाभ मिल सकते हैं। लेकिन इन दावों के पीछे विज्ञान क्या कहता है? क्या केवल पानी पीकर रहने से शरीर की प्राकृतिक सफाई तेज हो जाती है? और क्या नवरात्रि का उपवास स्वास्थ्य सुधारने का माध्यम बन सकता है?

क्या है वॉटर फास्टिंग?

वॉटर फास्टिंग का अर्थ है एक निश्चित अवधि तक भोजन और कैलोरी वाले पेय पदार्थों का सेवन बंद करके केवल पानी पीना। इस दौरान फल, दूध, जूस, चाय, कॉफी और अन्य खाद्य पदार्थ नहीं लिए जाते। सामान्य धार्मिक फलाहार से यह अलग है, क्योंकि फलाहार में शरीर को ऊर्जा, विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व मिलते रहते हैं। जब व्यक्ति भोजन करता है, तो शरीर भोजन से प्राप्त काबोर्हाइड्रेट, वसा और प्रोटीन का उपयोग ऊर्जा बनाने तथा ऊतकों की मरम्मत के लिए करता है। भोजन के बीच अंतराल बढ़ने पर शरीर ऊर्जा के लिए पहले से संचित ग्लाइकोजन का उपयोग करता है। इसके बाद ऊर्जा उत्पादन में वसा का योगदान बढ़ सकता है। हालांकि यह प्रक्रिया हर व्यक्ति में उसकी शारीरिक स्थिति, गतिविधि, भोजन और उपवास की अवधि के अनुसार अलग-अलग होती है। वॉटर फास्टिंग के समर्थक इसे वजन घटाने और चयापचय से जुड़े कुछ बदलावों के लिए उपयोगी बताते हैं। लेकिन लंबे समय तक केवल पानी पर रहने से कमजोरी, सिरदर्द, चक्कर, रक्तचाप में गिरावट, इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन और अन्य गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए इसे सामान्य धार्मिक उपवास का अनिवार्य या बेहतर विकल्प नहीं माना जाना चाहिए।

ऑटोफैजी क्या है

ऑटोफैजी शरीर की कोशिकाओं में होने वाली एक प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया है। इस शब्द का अर्थ मोटे तौर पर 'स्वयं का पुनर्चक्रण' है। इसमें कोशिकाएं अपने कुछ क्षतिग्रस्त या अनुपयोगी घटकों को तोड़कर उनके उपयोगी हिस्सों का दोबारा इस्तेमाल करती हैं।

इसे एक उदाहरण से समझा जा सकता है। जैसे किसी घर में पुराने, खराब या अनुपयोगी सामान को अलग करके उसके उपयोगी हिस्सों का पुनः इस्तेमाल किया जाता है, वैसे ही कोशिकाएं भी अपने अंदर मौजूद कुछ क्षतिग्रस्त प्रोटीन और अन्य घटकों का पुनर्चक्रण करती हैं। इस प्रक्रिया में लाइसोसोम नामक कोशिकीय संरचनाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऑटोफैजी कोशिकाओं के रखरखाव, पोषक तत्वों की कमी के दौरान अनुकूलन और कुछ क्षतिग्रस्त घटकों को हटाने में योगदान देती है। वैज्ञानिक इस प्रक्रिया का अध्ययन उम्र बढ़ने, चयापचय, संक्रमण और विभिन्न बीमारियों के संदर्भ में कर रहे हैं।

हालांकि यह समझना जरूरी है कि ऑटोफैजी कोई ऐसी प्रक्रिया नहीं है जो केवल उपवास करने पर ही शुरू होती हो। यह शरीर में सामान्य परिस्थितियों में भी चलती रहती है। उपवास और पोषक तत्वों की उपलब्धता में बदलाव इसके नियमन को प्रभावित कर सकते हैं, लेकिन मनुष्यों में यह तय करने का कोई प्रमाणित सार्वभौमिक नियम नहीं है कि ठीक 12, 16, 24 या 48 घंटे भूखे रहने पर ऑटोफैजी किसी निश्चित स्तर पर पहुंच जाती है।

क्या उपवास करने से शरीर की सफाई होती है?

उपवास के दौरान शरीर में ऊर्जा के उपयोग और कुछ कोशिकीय प्रक्रियाओं में बदलाव हो सकते हैं। इसी आधार पर ऑटोफैजी को लेकर रुचि बढ़ी है। लेकिन शरीर की कोशिकाओं का पुनर्चक्रण और शरीर से हानिकारक पदार्थों को निकालना दो अलग-अलग बातें हैं।

शरीर से अपशिष्ट पदार्थों को बाहर निकालने में मुख्य भूमिका लिवर, किडनी, फेफड़ों और पाचन तंत्र की होती है। केवल पानी पीकर रहने से शरीर में जमा सभी विषैले पदार्थ निकल जाते हैं या शरीर पूरी तरह 'डिटॉक्स' हो जाता है, इस दावे के पक्ष में पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं।

इसी तरह, उपवास से जुड़े कुछ लाभों के प्रमाण समय-सीमित भोजन और आंतरायिक उपवास के अध्ययनों में मिले हैं, लेकिन इन परिणामों को लंबे समय तक केवल पानी पीकर रहने पर सीधे लागू नहीं किया जा सकता। ऑटोफैजी पर प्रयोगशाला और पशु-अध्ययनों के निष्कर्षों को भी मनुष्यों में निश्चित स्वास्थ्य लाभ के रूप में प्रस्तुत करना उचित नहीं है।

वजन घटाने में कितना मददगार है उपवास?

वजन घटाने का मुख्य आधार लंबे समय तक शरीर द्वारा खर्च की जाने वाली ऊर्जा की तुलना में कम ऊर्जा का सेवन करना है। उपवास के कारण कुछ लोगों के लिए कुल कैलोरी कम लेना आसान हो सकता है। इससे वजन घटने में सहायता मिल सकती है। लेकिन शुरूआत में वजन में होने वाली तेज गिरावट का कुछ हिस्सा शरीर में जमा ग्लाइकोजन और उससे जुड़े पानी की कमी के कारण भी होता है। सामान्य भोजन शुरू करने पर इसका कुछ हिस्सा वापस बढ़ सकता है। इसलिए शुरूआती वजन घटने को पूरी तरह शरीर की चर्बी कम होना नहीं समझना चाहिए। यदि उपवास के बाद व्यक्ति बहुत अधिक तला-भुना, मीठा या कैलोरी वाला भोजन करता है, तो वजन घटाने का लाभ सीमित हो सकता है। दूसरी ओर, संतुलित भोजन, पर्याप्त प्रोटीन, नियमित शारीरिक गतिविधि और अच्छी नींद लंबे समय तक वजन नियंत्रित रखने में अधिक उपयोगी हैं।

उपवास को कैसे बनाएं स्वास्थ्य के अनुकूल?

नवरात्रि में उपवास का उद्देश्य केवल भोजन छोड़ना नहीं, बल्कि संयम और साधना भी है। इसलिए ऐसा तरीका चुनना अधिक व्यावहारिक है जिससे धार्मिक नियमों का पालन होने के साथ शरीर को जरूरी पोषण भी मिलता रहे। फलाहार करने वाले लोग अपनी परंपरा के अनुसार फल, दूध, दही, मेवे, मखाने और अन्य स्वीकार्य खाद्य पदार्थ शामिल कर सकते हैं। पनीर या दही जैसे विकल्प प्रोटीन उपलब्ध करा सकते हैं। साबूदाना और आलू जैसे खाद्य पदार्थ ऊर्जा देते हैं, लेकिन इनके साथ पोषण के अन्य स्रोत भी जरूरी हैं। पर्याप्त पानी पीना और जरूरत से अधिक नमक या चीनी लेने से बचना भी महत्वपूर्ण है।

सरकारी सर्वर डाउन

रोमांच चरम पर था और बाहर नेशनल मीडिया की दर्जनों ओबी वैन खड़ी थीं। कैमरों की बड़ी बड़ी लाइटों ने उस उजाड़ खेत को किसी फिल्म के सेट में बदल दिया था। एंकर चीख चीख कर बोल रहे थे कि क्या चमत्कार होगा और स्क्रीन पर 3डी एनिमेशन के साथ सांसों का लाइव काउंटडाउन चल रहा था। एसडीएम साहब ने माइक के सामने दावा किया कि रेस्क्यू ऑपरेशन विश्वस्तरीय है, ऑक्सीजन की सप्लाई चालू कर दी गई है और समानांतर सुरंग खोदने का मास्टर प्लान तैयार हो चुका है।

उस मास्टर प्लान के सामने एक तकनीकी अड़चन आ गई। पथरीली चट्टान को काटने वाली ड्रिलिंग मशीन पास के जिले में खड़ी थी, जिसे लाने के लिए सरकारी ट्रेजरी से डीजल का विशेष आवंटन पास होना था। रविवार होने की वजह से ट्रेजरी का डिजिटल सर्वर बारह घंटे के लिए मेंटेनेंस पर था। गड्ढे के मुहाने से दस कदम दूर धूल में बैठी चीकू की माँ कौशल्या छाती पीट रही थी और अपने बच्चे को निकालने की गुहार लगा रही थी, लेकिन महिला सिपाहियों ने उसे यह कहकर रोक दिया कि लाइव कैमरा फ्रेम खराब हो रहा है।

सुबह पांच बजे नीचे भेजे गए कैमरे की स्क्रीन पर ऑडियो वेव चमकी और मिट्टी की दरारों से बच्चे की सुबकती आवाज आई कि माँ अंधेरा है और डर लग रहा है। सोशल मीडिया पर प्रार्थनाएं शुरू हो गईं और टीआरपी आसमान छूने लगी, तभी इंजीनियर ने हाथ खड़े कर दिए कि जब तक ई साइन किया हुआ अनुमति पत्र नहीं मिलेगा वे खुदाई नहीं करेंगे। एसडीएम साहब ने भी नियमों के पालन को लोकतंत्र की रीढ़ बता दिया। प्रक्रिया और फाइलों के फेर में घड़ी की सुइयां आगे बढ़ती रहीं। सुबह नौ बजे जब डिजिटल अनुमति का प्रिंटआउट निकला और मशीन चली, तब तक कैमरे की स्क्रीन पर वह नन्हा हाथ स्थिर हो चुका था और ऑक्सीजन मॉनिटर की बत्ती लाल हो गई।



पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 15अक्टूबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास शुक्ला पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि- पंचमी01:28 उपरांत षष्ठी
नक्षत्र - ज्येष्ठा06:08 उपरांत मूल
योग- सौभाग्य21:52 शोभन
करण - बव
चन्द्रमा-दिन पूर्ण वृश्चिक मे है अगले दिन 6:30 पर धनु मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में आपके नेतृत्व की तारीफ होगी। व्यापार में लाभ का नया अवसर सामने आएगा।

वृषभ- प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी। वित्तीय स्थिति पहले से बेहतर होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, फुर्ती बनी रहेगी।

मिथुन- कार्यक्षेत्र में नए मुकाम हासिल करेंगे। व्यापार में योजनाबद्ध काम से लाभ होगा।

कर्क- दांपत्य जीवन में सुख और शांति रहेगी। आय में वृद्धि के संकेत मिल रहे हैं।

सिंह- मानसिक रूप से ऊर्जावान महसूस करेंगे। करियर में तरक्की की नई राहें खुलेंगी।

कन्या- व्यापार में बड़ा आर्थिक फायदा संभव है। प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता आएगी।

तुला- धन संबंधी समस्याएं दूर होंगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा, स्फूर्ति रहेगी। कार्यस्थल पर प्रभाव और मान-सम्मान बढ़ेगा।

वृश्चिक- व्यापार में नए साझेदार मिल सकते हैं। प्रेम जीवन में सुखद अनुभव होंगे।

धनु- वित्तीय पक्ष काफी मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा, मन प्रसन्न रहेगा।

मकर- कार्यक्षेत्र में समय प्रबंधन बहुत जरूरी होगा। व्यापार में लिखापढ़ी का ध्यान रखें। परिवार में मांगलिक माहौल रहेगा।

कुंभ- परिवार में सहयोग से बातें सुलझेंगी। अनावश्यक व्यय पर रोक लगाएं। शारीरिक थकान से बचें, नींद पूरी लें।

मीन- वाणी की मधुरता से लाभ के योग बनेंगे। व्यापार में विस्तार की योजनाएं फलेंगी।

कविता

ज्ञान के मंदिर में उठते सवाल...!

जिस आँगन में ज्ञान के दीप, अंधियारे को हरते हैं,
जब विचारों के फूल खिलें, सपने आकार गढ़ते हैं।
शिक्षा के पावन मंदिर में, ऐसे आरोप भी उभरते हैं,
तो सिर्फ कुछ नाम नहीं, विश्वास स्तंभ बिखरते हैं।
गुरु का पद मात्र पदवी नहीं, उत्तरदायित्व महान है,
शिष्य गरिमा की रक्षा, शिक्षा का सच्चा सम्मान है।
जिन हाथों में कलम थी, वे भविष्य सँवारने वाले थे,
यदि उन्हीं पर प्रश्न उठें, तो उत्तर कौन देने वाले हैं?
11 बेटियों की शिकायत, यह कागज की बात नहीं,
हर शिकायत के पीछे छिपी, होती 'पीड़ा' अनकही।
अब समय कि सत्य उभरे, हर तथ्य का सम्मान रहे,
दोष सिद्ध हो तो दंड मिले, निर्दोष का भी मान रहे।
ज्ञान तब सच्चा कहाएँ, जब आचरण उजला होगा,
गुरु का माथा तब चमके,जब शिष्य सुरक्षित होगा।
विश्वविद्यालय की ऊँची दीवारों, संदेश सुनाना तुम,
ज्ञान बड़ा है-पद न कोई, नारी सम्मान बचाना तुम।
क्योंकि शिक्षा 'डिग्री' नहीं, मानवता का विस्तार है,
जहाँ बेटियाँ सुरक्षित नहीं, वहाँ ज्ञान भी लाचार है।
न्याय हो ऐसा, सच पे टिके, न दबाव में झुके-बिके,
हर बेटी कहे-देश मेरा है, मेरी आवाज न्याय दिखें।
(संदर्भ-प्रोफेसर व सांसद के खिलाफ, छात्राओं के यौन उत्पीड़न का आरोप)



संजय तराणेकर
(दैनिक अवन्तिका)

पवित्र पावन नवरात्रि त्योहार

पवित्र पावन नवरात्रि त्योहार,
माताजी की निशदिन जयकार,
मां नौ रूप बदल के आएगी द्वार,
माताजी की निशदिन जयकार,
मां अम्बे, जय जगदंबे, मां काली
मां खप्परधारी देगी भक्तों को दुलार
माताजी की निशदिन जयकार,
मां भक्तों के सारे दुख हरेगी इस बार,
माताजी की निशदिन जयकार,
माता का संजा है अनोखा दरबार,
कन्याओं द्वारा गरबा स्तुति गान
की छटाऐं मनोरम दिखेगी
माता के पवित्र दरबार,
माताजी की निशदिन जयकार !
कर दे मां भक्तों का बेड़ा पार
पवित्र पावन नवरात्रि त्योहार !



मदन वर्मा (माणिक)
(दैनिक अवन्तिका)

विश्वात्मा

बॉधे जाते हैं मन्नतों के धागे, इस आस में रुका सौभाग्य जागे,
करुण प्रार्थनाएं परमेश्वर सुन ले, लाखों की भीड़ में हमें बस वो चुन लें ।
तकनीकी रास्ते बंद जहॉ हो जाते, याचक मुराद ले प्रभु के द्वार भागते,
अपराधों की क्षमा याचना कर प्रभु से, होते हल्के चिंताओं के पहाड़ से ।
पीपल नीम कभी वट को सूत बॉधतें, गहरा विश्वास जगा मन्नतें मॉगतें,
अशांत मन ताकि थोड़ा सुकून पा सके, अतृप्त इच्छाशक्ति सजग हो जाग सके ।
तजकर अवसाद नया संबंध जोड़ते,आस की दीप्ति से संशय बॉध तोड़ते,
रमें कोशिशें में ये धागा बस दमकें, फरियाद शीघ्र फलीभूत होकर चमकें ।
ये अटल विश्वास पुष्पित करता फल को, धागा ये खुशियों से भर देता कल को,
रूकावट मन की है हम यह जानें तो, आनंद यहीं है भीतर पहचानें तो ।
अनंत भंडार यहॉ लगती कमी हमें, खोजते चाहतों को हम इसमें उसमें,
गहरा हो जब रिश्ता अंतर्रात्मा से, अंकुरित तेज होता है विश्वात्मा से ।

- मोनिका डागा आनंद, चेन्नई

इस तरह खाएं लहसुन काट देता है पेट में जमी चर्बी

वेटलॉस करना वास्तव में बहुत मुश्किल है। स्ट्रिक्ट डाइट और जिम में घंटों पसीना बहाने में पसीने छूट जाते हैं। इसके बाद भी निराशा ही हाथ लगती है। अगर आप भी बढ़ते वजन से परेशान हो गए हैं। इसके लिए आजमाए हुए नुस्खों का भी शरीर पर कोई असर नहीं है, तो आयुर्वेद का तरीका अपनाएं। आयुर्वेद में लहसुन वेटलॉस करने का सबसे प्रभावी तरीका माना गया है। इसमें कई औषधीय गुण छिपे हुए हैं। लहसुन के सेवन से आप मोटापे के कारण होने वाली कई बीमारियों से भी बच सकते हैं। यहां कई तरीके बताए गए हैं, जिन्हें अपनी डेली डाइट का हिस्सा बनाकर वजन घटाने में आसानी होगी।

लहसुन की ग्रीन टी-

आपने शायद इसके बारे में पहले कभी ना सुना हो। लेकिन ये आयुर्वेदिक नुस्खा आपको वेटलॉस जर्नी में आपकी खूब हेल्प करेगा। ग्रीन टी में लहसुन डालकर आप ग्रीन टी को एक डिफरेंट ट्विस्ट दे सकते हैं। इसे बनाने के लिए सबसे पहले गर्म पानी में लहसुन की कलियां डालें और उसमें ग्रीन टी मिलाएं। अगर आप चाहें तो स्वाद के लिए इसमें थोड़ा सा शहद या अदरक भी मिला सकते हैं।



लहसुन की स्मूदी

लहसुन की स्मूदी वेटलॉस का बेहतरीन ऑप्शन है। अगर आप अपने दिन की शुरूआत स्मूदी से करते हैं, तो आप इसमें कच्चा लहसुन मिला लें। वजन घटाने के लिए इसमें लहसुन की एक कली डालें। जामुन और स्ट्रॉबैरी जैसे फलों के साथ लहसुन को मिलाकर बनाई गई स्मूदी पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ मेटाबोलिज्म में सुधार करती है, जिससे वजन घटाने का टास्क काफी आसान हो जाता है।

लहसुन एवोकैडो टोस्ट

हर किसी को लहसुन पसंद नहीं होता। कई लोगों को तो इसकी स्मेल से भी नफरत होती है। ऐसे में अगर वेटलॉस के लिए आप लहसुन को अपनी डाइट का हिस्सा बनाने की सोच रहे हैं, तो गार्लिक एवोकैडो टोस्ट बनाकर खाएं। इसे बनाना बेहद आसान है। इसके लिए सबसे पहले पके हुए एवोकैडो को होल व्हीट टोस्ट पर लगाएं और इसके ऊपर किसा हुआ कच्चा लहसुन डालें। लहसुन के साथ मिलकर एवोकाडो की क्रीमी लेयर आपके नाश्ते को हेल्दी और टेस्टी बना देगी।

नींबू लहसुन का पानी

अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं, तो अपने दिन की शुरूआत एक गिलास नींबू-लहसुन का पानी पीकर कर सकते हैं। इसके लिए आपको ज्यादा मेहनत नहीं करनी। एक गिलास में आधा नींबू और फिर बारीक कटा हुआ लहसुन और ऊपर से गर्म पानी डालें। इस पानी को पीने से आपके मेटाबॉलिज्म में सुधार के साथ पाचन भी बेहतर होता है।

गार्लिक योगर्ट डिप

वजन घटाने के लिए अगर आप देसी नुस्खे पर यकीन करते हैं, तो गार्लिक योगर्ट के रूप में अपने आहार में शामिल कर सकते हैं। इसे बनाने के लिए दही में कद्दूकस किया हुआ अदरक मिलाएं। सबसे अच्छी बात है कि इसे किसी भी चीज के साथ आसानी से खाया जा सकता है।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

नवरात्रि : परंपरा, प्रकृति और आत्ममंथन का पर्व

नवरात्रि आते ही घरों में पूजा-पाठ, देवी आराधना और व्रत का वातावरण बन जाता है। कहीं घट स्थापना होती है, कहीं दुर्गा सप्तशती का पाठ, तो कहीं गरबों की गूँज सुनाई देती है। बचपन से देखते आए इन अनुष्ठानों के साथ अनेक भावनाएँ और पारिवारिक स्मृतियाँ जुड़ी होती हैं। मेरे घर में भी नवरात्रि का विशेष महत्व रहा है। पिताजी के लिए इन दिनों का भाव कुछ अलग ही होता था और दशहरे पर तो उनका उत्साह देखते ही बनता था। उनके मन में यह गहरा विश्वास था कि यह पर्व बुराइयों पर अच्छाई की विजय और नकारात्मक प्रवृत्तियों के विनाश का संदेश देता है।

लेकिन समय के साथ जब परंपराओं को समझने और ज्योतिष शास्त्र का अध्ययन करने की जिज्ञासा बढ़ी, तो एक प्रश्न मन में उठा—क्या हम अपने धार्मिक पर्वों के अर्थ को केवल रीति-रिवाजों तक सीमित कर रहे हैं, या उनके पीछे छिपे संदेश को भी समझने का प्रयास करते हैं? नवरात्रि शब्द का अर्थ समझना इस प्रश्न की पहली सीढ़ी है। संस्कृत में नव शब्द के दो अर्थ हो सकते हैं—नौ और नया। लेकिन नवरात्रि शब्द का प्रचलित अर्थ है नौ रातें। इसलिए इसे केवल नवीन रात्रियों की शुरुआत कहना भाषाई दृष्टि से उचित नहीं होगा। फिर भी, यह विचार कि नवरात्रि हमारे जीवन में नवीनता, आत्मशुद्धि और सकारात्मक परिवर्तन का अवसर बन सकती है, अपने आप में सार्थक है।

प्रकृति में भी परिवर्तन का अपना चक्र है। पृथ्वी अपनी धुरी पर लगभग साढ़े तेईस अंश झुकी हुई है और सूर्य की परिक्रमा करती है। इसी कारण वर्ष भर दिन और रात की अवधि बदलती रहती है तथा ऋतुओं का क्रम बनता है। मार्च और सितंबर में विषुव के समय दिन और रात की अवधि लगभग बराबर होती है। सितंबर के विषुव के बाद उत्तरी गोलार्ध में रातें सामान्यतः लंबी और दिन छोटे होने लगते हैं। जून के आसपास दिन सबसे लंबे तथा दिसंबर के आसपास सबसे छोटे होते हैं। इन खगोलीय घटनाओं की तारीख हर वर्ष बदल सकती है और दिन-रात की वास्तविक अवधि स्थान के अनुसार भी अलग होती है।

भारतीय परंपरा में शरद ऋतु की नवरात्रि का विशेष स्थान है। यह समय प्रकृति में बदलते मौसम और जीवन की नई लय का अनुभव कराता है। हालांकि नवरात्रि की तिथियाँ चंद्र पंचांग के अनुसार निर्धारित होती हैं, इसलिए उनका विषुव की तारीख से हर वर्ष सीधा मेल नहीं बैठता। धार्मिक परंपरा और खगोलीय घटनाओं को समझते समय इस अंतर को पहचानना आवश्यक है। नवरात्रि के नौ दिन और नौ रातें देवी के विभिन्न स्वरूपों की आराधना, संयम, साधना और आत्मचिंतन के लिए समर्पित माने जाते हैं। दशहरा इस साधना के बाद विजय और शुभ संकल्प का प्रतीक बनकर आता है। रामायण की परंपरा में यह रावण पर श्रीराम की विजय से जुड़ा है, जबकि देवी परंपरा में महिषासुर पर माँ दुर्गा की विजय का स्मरण किया जाता है। दोनों कथाओं का मूल संदेश है कि अहंकार, अन्याय और आसुरी प्रवृत्तियों का अंत होना चाहिए।

यहाँ एक प्रश्न हम स्वयं से भी पूछ सकते हैं। यदि नवरात्रि में देवी की पूजा की, उपवास रखा और दशहरे पर रावण दहन देख लिया, तो क्या हमारी जिम्मेदारी पूरी हो गई? क्या हमारे भीतर का क्रोध, ईर्ष्या, अहंकार, छल और अन्याय के प्रति मौन भी समाप्त हुआ? यदि नहीं, तो पर्व का आध्यात्मिक उद्देश्य अभी अधूरा है। आस्था का अर्थ केवल अनुष्ठान करना नहीं, बल्कि अपने आचरण को बेहतर बनाना भी है। देवी की शक्ति का स्मरण हमें निर्बलों की रक्षा, महिलाओं के सम्मान, अन्याय के विरोध और अपने भीतर की बुराइयों से संघर्ष की प्रेरणा दे सकता है। दशहरे पर रावण का पुतला जलाना प्रतीक है; वास्तविक विजय तब होगी, जब हम अपने भीतर के अहंकार और बुरी प्रवृत्तियों को भी चुनौती देंगे। नवरात्रि के नाम में नव को नया मानकर नवीनता का संदेश लेना एक सुंदर आध्यात्मिक विचार हो सकता है, लेकिन शब्द का प्रचलित अर्थ बदलकर प्रस्तुत करना उचित नहीं। परंपराओं पर प्रश्न उठाना गलत नहीं, बल्कि उनके अर्थ को समझने का अवसर है। आवश्यकता केवल इतनी है कि श्रद्धा के साथ अध्ययन, जिज्ञासा के साथ विवेक और विश्वास के साथ सत्य की खोज भी बनी रहे। नवरात्रि की सार्थकता नौ रातें पूरी करने में ही नहीं, बल्कि नौ दिनों की साधना से अपने विचार, व्यवहार और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने में है। जब बाहर देवी की आराधना हो और भीतर मानवीय मूल्यों का जागरण, तभी यह पर्व सच्चे अर्थों में शक्ति, साधना और विजय का उत्सव बनता है।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी-5901 काबली- 3350-7951, बटला-3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली-10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेर्ण्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी-टंच- 2,26,000 पाट- 2,25,500।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

शुक्रवार को अमलावती में लगेगा जनविश्वास अभियान शिविर

शुजालपुर। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत शुक्रवार 16 अक्टूबर को ग्राम पंचायत अमलावती में शिविर आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत शुजालपुर के तत्वावधान में शिविर दोपहर 12 बजे से शुरू होगा। शासन के निदेर्शानुसार जनविश्वास अभियान 7 अगस्त 2026 से 8 जनवरी 2027 तक प्रत्येक शुक्रवार को संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अमलावती में शिविर आयोजित किया जा रहा है। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने क्षेत्रवासियों से शिविर में शामिल होकर शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

ग्राम बाईहेड़ा में शक्ति से सृजन योजना के तहत नारी सम्मान कार्यक्रम आयोजित

शाजापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के सर्जन शक्ति संचय अभियान अंतर्गत शक्ति से सृजन योजना के तहत ग्राम बाईहेड़ा के स्थानीय हिंगलाज माता मंदिर प्रांगण में नारी सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवांकुर संस्था कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी के सहयोग से शाजापुर विकासखंड के शाजापुर सेक्टर की ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पांच महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में दुर्गा सौराष्ट्रीय, मंजू सिलौदिया, किरण जायसवाल, सरोज सोनी एवं पलक सोनी का सम्मान किया गया। समिति के मोनू सिंह तोमर एवं कुणाल सिंह तोमर ने महिलाओं का स्वागत कर उन्हें सम्मानित किया।

सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने मारी बाजी

शाजापुर। अखिल भारतीय सॉफ्टबॉल और बेसबॉल प्रतियोगिता राजस्थान के बाड़मेर में संपन्न हुई, जिसमें शहर के दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर सीबीएसई के कुल 70 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। संस्था के मीडिया प्रभारी मोहित भावसार ने बताया कि आयोजित सॉफ्टबॉल अंडर प्रतियोगिता में 17 बॉयज की टीम प्रथम स्थान पर विजेता घोषित की गई और बेसबॉल प्रतियोगिता में अंडर 14 बॉयज की टीम ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया। अब विजेता रही अंडर 14 बॉयज की 3 जनवरी और 29 जनवरी 2027 में दिल्ली में आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में हिस्सा लेगी। वहीं अंडर 17 बॉयज की टीम आंध्र प्रदेश में होने वाली सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में भाग लेगी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता नौशाद खांन पिता मुमताज खान निवासी वार्ड क्रमांक 11 धोबी मोहल्ला गौतमपुरा तह. देपालपुर जिला इंदौर के स्वामित्व एवं आधिपत्य की एक भूमि जिसका सर्वे नम्बर 187/2 रकबा 0.40 हे. कुल किता 01 कुल रकबा 0.40 हे. याने दो बीघा ग्राम दंगवाडा में होकर इंगोरिया गौतमपुरा मुख्यमार्ग से लगी हुई होकर स्थित है उक्त भूमि की चतुर्सीमा पूर्व में भरत पिता नंदा जी, अंतरसिंह पिता घिसा जी की भूमि पश्चिम में इंगोरिया गौतमपुरा मुख्य मार्ग उत्तर में भरत पिता नंदा जी की भूमि दक्षिण में राजाराम पिता तेजराम की भूमि स्थित होकर उक्त भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने समक्ष गवाह के समक्ष सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता को मेरे पक्षकार के समक्ष गवाहान मे नगद प्राप्त कर लिया है तथा उपरोक्त बिकी की गई भूमि का विक्रय पत्र सम्पादन विगत एक से डेढ़ माह के मध्य किया जाना है यदि उपरौक्त वर्णित भूमि सबधीत किसी भी व्यक्ति व्यक्ति संस्था बैंक तथा शासकीय अर्धशासकीय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी व्यक्ति को भी आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन में सुबह 10:30 से शाम 6:00 बजे तक मय लिखित प्रमाण के प्रस्तुत करे तथा अपनी आपत्ति एंव दस्तावेजो का अवलोकन करवाये अन्यथा बाद अवधि मियाद समाप्त होने पर किसी भी प्रकार का कोई दावा, आपत्ति व वाद स्वीकार नही किया जावेगा एंव आपत्ति करने का कोई अधिकार सबंधीत पक्ष को नही रहेगा सूचित हो पाबंदी करे ।

दिनांक 15/10/2026

विजय कुमार त्रिवेदी
(दस्तावेज लेखक)
अजय त्रिवेदी एडवोकेट
कोर्ट परिसर बडनगर जिला
उज्जैन मो. 9826672595,
9098777976

तीसरे दिन पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों का रेस्क्यू

तीन दिन में 253 कृष्णमृगों को पकड़ा, अनुकूल वन क्षेत्रों में भेजने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

मालवांचल के शाजापुर-शुजालपुर क्षेत्र में मानव- वन्यप्राणी द्वंद्व और फ सलों को हो रहे नुकसान को कम करने के लिए कृष्णमृग पकड? और स्थानांतरित करने का अभियान जारी है। अभियान के तीसरे दिन मंगलवार को ग्राम पंचदेहरिया में 77 कृष्णमृगों का सफ ल रेस्क्यू किया गया। शुरूआती दो दिनों में 176 कृष्णमृगों को पकड़ा गया था। इस तरह तीन दिनों में कुल 253 कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया जा चुका है।

अभियान के दूसरे चरण में कुल 2000 कृष्णमृगों को उनके अनुकूल वन क्षेत्रों में स्थानांतरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। अभियान में दक्षिण अफ्रीका की विशेषज्ञ संस्था कंजर्वेशन सॉल्यूशंस का तकनीकी सहयोग लिया जा रहा है। वन विभाग के अधिकारियों, वन्यप्राणी चिकित्सकों और प्रशिक्षित मैदानी कर्मचारियों की टीम निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार रेस्क्यू और सुरक्षित परिवहन का कार्य कर रही है।

बोमा पद्धति से हो रहा रेस्क्यू

पंचदेहरिया में अभियान के



बाद अब बोमा मनसाया गांव की ओर अभियान स्थानांतरित किए जाने की जानकारी मिली है। अगले चरण में इस क्षेत्र में भी कृष्णमृगों का रेस्क्यू किया जाएगा। इसके लिए बोमा पद्धति अपनाई जाएगी।

बोमा पद्धति में वन्यप्राणियों को सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए किसी निर्धारित क्षेत्र में अस्थायी घेरा बनाया जाता है। इसके बाद प्रशिक्षित टीम योजनाबद्ध तरीके से हेलिकॉप्टर की मदद से कृष्णमृगों को घेरे की ओर ले जाती है। घेरे के भीतर पहुंचने पर उन्हें नियंत्रित कर सुरक्षित तरीके से बाडे में भेजा जाता है इस प्रक्रिया में वन्यप्राणियों को कम से कम तनाव और चोट पहुंचे, इसका विशेष ध्यान रखा जाता है। पकड़े गए कृष्णमृगों को स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक देखभाल के बाद निर्धारित वन क्षेत्रों में पहुंचाया जाता है।

किसानों को राहत देना भी उद्देश्य

अभियान का प्रमुख उद्देश्य कृष्णमृगों के कारण फ सलों को हो रहे नुकसान को कम करना और ग्रामीण क्षेत्रों में मानव-वन्यप्राणी संघर्ष की आशंका घटाना है। साथ ही कृष्णमृगों को उनके अनुकूल प्राकृतिक आवास में सुरक्षित रूप से स्थापित करना भी इसका महत्वपूर्ण पहलू है। वन विभाग ने अभियान में स्थानीय ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताते हुए वन्यप्राणी संरक्षण एवं किसानों की फ सलों की सुरक्षा के प्रयासों में निरंतर सहयोग की अपील की है।



हनी गोल्ड कंपनी की शिकायत पर कार्रवाई छापे में छत पर मिले 129 किलो चाय के पैकेट

अकोदिया। कलेक्टर सुश्री ऋतु बाफना तथा वरिष्ठ कार्यालय के निर्देश एवं मार्गदर्शन में हनी गोल्ड टी निर्माता गुरुनानक टी कंपनी इंदौर कम्पनी की और से मालिक संदीप खत्री द्वारा दी गई लिखित शिकायत पर पुलिस, राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त छापामार कार्यवाही में अकोदिया बस स्टैंड के पास स्थित किराना दुकान ललित कुमार लक्ष्मणदास की जांच में हनी गोल्ड राजू चाय इलायची युक्त 250 ग्राम तथा 1 किलो निर्माता आर डीटी कंपनी झूलेलाल नगर इंदौर हाईवे रोड कैम्पियन स्कूल इंडस्ट्रियल एरिया भोपाल और इलायची युक्त अमेरिकन गोल्ड टी 250 ग्राम निर्माता एसएसके स्टोर बैरागढ़ प्रथम दृष्टया बैच नंबर, पैक्ड ऑन, यूज बाय डेट जैसी जानकारी अंकित नहीं पाए जाने से मिसब्रांडेड होने तथा कॉपीराइट में कंपनी के द्वारा थाना के मॉल खाना में रखवाया। कुल 129 किलो चाय जप्त की हैं, जिसका बाजार मूल्य 50720 रुपये हैं। दुकान मालिक राजेशू पारदासानी निवासी बैरागढ़ भोपाल प्रतिदिन भोपाल से आकर दुकान का संचालन करता है, दुकानदार द्वारा अभी खरीदी बिल प्रस्तुत नहीं किया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री एमके वर्मा ने बताया कि प्रकरण में विवेचना जारी है, कमी त्रुटियों के संबंध में नोटिस दिए जाकर जवाब तलब किया गया है। कार्यवाही के दौरान शिकायतकर्ता कंपनी के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। जांच कार्यवाही में नायब तहसीलदार घनश्याम लोहार, जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी वर्मा एवं केएल कुम्भकार, कस्बा पटवारी, आरक्षक कुलदीप यादव शामिल रहे।

माता रानी की आरती के बाद पत्थर फेंकने की बात पर विवाद, पांच पर केस

- गुर्दाखेड़ी में जान से मारने की धमकी देने पांच आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर.

शुजालपुर से करीब 12 किलोमीटर दूर ग्राम गुदार्खेड़ी में माता रानी की आरती के बाद पत्थर फेंकने की बात को लेकर विवाद हो गया। फ रियादी राहुल राजपूत की शिकायत पर शुजालपुर मंडी थाना पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया। पुलिस ने घटना से जुड़े पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। घटना 12 अक्टूबर की रात करीब 8.30 बजे की बताई गई है, जबकि एफ आईआर रात करीब एक बजे दर्ज हुई।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार राहुल राजपूत अपने दोस्तों भवानी सिंह राजपूत, उमेश राजपूत और संजय राजपूत के साथ माता रानी की आरती के बाद गांव में घनश्याम सेन के घर के बाहर बैठा था। इसी दौरान करीब 11 वर्षीय एक बालक ने उनकी ओर पत्थर फेंका। पत्थर से किसी को चोट नहीं आई। इस पर राहुल और उसके साथियों ने बालक को समझाते हुए कहा कि पत्थर फेंकने से किसी को चोट लग सकती है।

आरोप है कि इसी बात पर बालक के परिजन और अन्य लोग वहां पहुंचे तथा फ रियादी और उसके साथियों के साथ गाली-गलौज करने लगे। विवाद बढ? पर मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय संबंधित लोगों ने भविष्य में उनके परिवार के बालक को कुछ कहने पर जान से खत्म करने की धमकी दी।

पेट्रोल कम डालने के शक में पंप कर्मचारियों से मारपीट में दो घायल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भौंरासा

भौंरासा स्थित एक पेट्रोल पंप पर पेट्रोल कम डालने की बात को लेकर विवाद हो गया। मंगलवार रात हुए विवाद में कुछ लोगों ने पंप के दो कर्मचारियों के साथ मारपीट कर दी।

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग पंप के केबिन में घुसकर कर्मचारियों को डंडों से पीटते नजर आ रहे हैं। मारपीट में एक कर्मचारी को चोट आई है। पुलिस ने मामले में एक आरोपी को हिरासत में लिया है।

भौंरासा थाना प्रभारी अनीता सिंह ने बताया कि पेट्रोल कम डालने की बात को लेकर विवाद हुआ था।

तीन दिन से पेट्रोल भरवा रहा था

जानकारी के अनुसार, मनोहर नाम का व्यक्ति लगातार तीन दिन से पेट्रोल पंप से बाइक में पेट्रोल भरवा रहा था। मंगलवार को भी उसने 510 रुपए का पेट्रोल भरवाया तो उसे आशंका हुई कि पेट्रोल कम है, इसी को लेकर विवाद हुआ। इसी को लेकर कर्मचारियों से विवाद हुआ और मनोहर और उसके बेटे सागर और लोकेश ने मिलकर कर्मचारियों के साथ मारपीट की। घटना में कर्मचारी रोहित और रवि के साथ मारपीट की गई थी। दोनों का मेडिकल करवाया गया

बाईहेड़ा में 122 बोरियों से किया बोरी बंधान, किसानों को फायदा

अवन्तिका ▸▸ शाजापुर

जल संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समीपस्थ ग्राम बाईहेड़ा में 122 बोरियों की सहायता से बोरी बंधान किया गया। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बाईहेड़ा, नवांकुर संस्था कंचन वेलफेयर एंड एजुकेशनल सोसाइटी, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों एवं सामाजिक कार्यकताओं के संयुक्त प्रयास से यह कार्य संपन्न हुआ। मंगलवार को ग्राम के बाहर स्थित पानी के बहाव वाले नाले पर किए गए इस बोरी बंधान का मुख्य उद्देश्य बहते हुए पानी को रोककर उसका संरक्षण करना और कृषि कार्यों के लिए जल की उपलब्धता बढ़ाना रहा।

कांग्रेस सांसद के खिलाफ आगर में प्रदर्शन

दिल्ली की छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए, भाजपा महिला मोर्चा ने कहा- राहुल गांधी चुप क्यों हैं?

अवन्तिका ▸▸ आगर-मालवा

भाजपा महिला मोर्चा ने छावनी स्थित झंडा चौक पर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर और मणिपुर से सांसद अंगोमचा बिमोल अकोइजम से जुड़े छात्राओं के यौन उत्पीड़न के मामले को लेकर था।



महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष साक्षी सकलेचा के नेतृत्व में कार्यकताओं ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला जलाया।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकताओं ने पुतले की चप्पलों से पिटाई कर अपना विरोध जताया।

प्रदर्शनकारी महिलाओं ने मामले में राहुल गांधी की चुप्पी पर सवाल उठाए और कांग्रेस के रुख पर नाराजगी जताई। महिला मोर्चा ने मांग की कि राहुल गांधी को गिरफ्तार किया जाए और पद से हटाया जाए।

कार्यालय जनपद पंचायत तराना जिला उज्जैन

क्रमांक/4497/मत्स्य तालाब पट्टा/विज्ञप्ति/ तराना, दिनांक 14-10-2026

विज्ञप्ति

त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था अंनतर्गत म.प्र. शासन मछली पालन विभाग की पुस्तिका क्रमांक 1548/2008/36 भोपाल दिनांक 8 अक्टूबर 08 अनुसार जनपद पंचायत तराना जिला उज्जैन अधिकार क्षेत्र के निम्नांकित तालाब को नियमानुसार मछली पालन के लिए दस वर्ष के लिये पट्टे पर दिया जाना है।

क्रमांक	सिंचाई जलाशय/तालाब	औसत जलक्षेत्र हेक्टेयर	अवधि
1	2	3	4
1	नैनावद सिंचाई जलाशय	16.00	दस वर्ष
2	कड़ोदिया सिंचाई जलाशय	12.00	दस वर्ष
3.	करंज	17.83	दस वर्ष

उपरोक्त तालाबो को पट्टे पर देने हेतु निम्न प्राथमिकताएं रहेगी।

1 वंशानुगत मछुआ/अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति तालाब के कार्यक्षेत्र की मत्स्य सहकारी समितियाँ।
2 वंशानुगत मछुआ/अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति के समूह / मछुआ व्यक्ति विशेष
3 समिति पंजीयन/सदस्य सूची/आडिट रिपोर्ट/जाति प्रमाण पत्र/राशनकार्ड की फोटोकॉपी एवं आधार कार्ड, बैंक खाता पासबुक की फोटोकॉपी, एवं एक पासपोर्ट फोटो।

अतः उपरोक्त अनुसार इच्छुक व्यक्ति/समूह / समिति अपना आवेदन पत्र विज्ञप्ति जारी होने के दिनांक 14/10/26 से 15 दिवस के अन्दर दिनांक 30/10/26 तक मय आवश्यक दस्तावेज के जनपद पंचायत तराना के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रो पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मुख्य कार्यपालन, अधिकारी
जनपद पंचायत तराना

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी बडनगर (रा.), जिला उज्जैन,, म.प्र.

प्रकरण क्रं. 0070/अपील/2026-27 प्रो.र.न... 1.246/09.10.2026

पक्षकारों की तारीख पेशी और स्थान की सूचना

गोकुलसिंह पिता नागुसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बलेडी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

- अपीलार्थी

विरूद्ध

राहुलसिंह पिता ईश्वरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बलेडी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

--गैर अपीलार्थी

बनाम :- राहुलसिंह पिता ईश्वरसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बलेडी, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन, म.प्र.

द्वारा- समाचार पत्र

एतद द्वारा आपको सूचना दी जाती है कि अपीलार्थी गोकुलसिंह पिता नागुसिंह जाति राजपूत निवासी ग्राम बलेडी के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार टप्पा इंगोरिया, तहसील बड़नगर के न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 0032/अ-70/2025-26 में पारित आदेश दिनांक 24/04/2026 ग्राम बलेडी से असंतुष्ट एवं क्षुब्ध होकर अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील की सुनवाई दिनांक 27.10.2026 को दिन के 11:00 बजे अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय बडनगर पर होगी। यदि निश्चित तारीख को आप स्वंय व न्यायालय की अनुमति से आपका मुख्त्यार या वकील की अनुपस्थिति में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

मेरे हस्ताक्षर द्वारा तथा न्यायालय की मुहर के अधीन आज तारीख 09/10/2026 को जारी किया गया ।

(धीरेन्द्र पाराशर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.) बड़नगर जिला उज्जैन

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती पार्वती बाई पति रमेशचंद्रजी, निवासी-75, सिंहपुरी उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन पुराना म्युनिसिपल कमांक 3/355 नया नंबर 75, सिंहपुरी आताल पाताल भेरव के पास, उज्जैन में स्थित भवन जो कि तीन मंजिला बना होकर के जिसकी लंबाई चौडाई उत्तर दक्षिण बतरफ पूर्व 16 फीट 11 इंच, उत्तर दक्षिण बतरफ पश्चिम 17 फीट 4 इंच, लंबाई पूर्व पश्चिम बतरफ उत्तर 29 फीट 7 इंच लंबाई पूर्व पश्चिम बतरफ दक्षिण 29 फीट 9 इंच जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में बंद गली, पश्चिम में बाडा वासुदेव, उत्तर में बंद गली, दक्षिण में मकान रामविलास का विक्रय अनुबंध पत्र संपादित एवं निष्पादित किया है जिसका विक्रय पत्र का संपादन शीघ्र होना है।

यह कि, उक्त संपत्ति के बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, बैंक आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित, भार सुखाधिकार, ऋण, विक्रय अनुबंध पत्र या किसी भी प्रकार का कोई वैधानिक दायित्व हो तो वह इस जाहिर सूचना के 7 दिवस के अन्दर मेरे कार्यालय में मय प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त संपत्ति बाबत विक्रय पत्र का संपादन कर लिया जावेगा व किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य ना होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 14.10.2026

दिलीप वेद एडवोकेट
कार्यालय-167, आर्य समाज मार्ग, मालीपुरा उज्जैन (म.प्र.)
मो. नंबर 9826988911

जाहिर सूचना

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरी पक्षकरा हसीना बी पति मुमताज अली. निवासी कस्बा उन्हैल, तहसील उन्हेल जिला उज्जैन म.प्र. के स्वामित्व एवं आधिपत्य से कृषि भूमि ग्राम पगारा, तहसील उन्हैल में सर्वे नंबर 314/2 रकबा 0.430 हे.. सर्वे नं. 315 रकबा 1.250 हे. व सर्वे नं. 316/1 रकबा 0.300 हे. अर्थात कुल किता 3 कुल रकबा 1.980 हे. भूमि स्थित हैं, जिसे विक्रय करने का अनुबंध (1) रौनक बोहरा पिता पवन बोहरा, निवासी 18 मेघदूत परिसर, फाजलपुरा उज्जैन (2) नेमीचंद जैन पिता भैरुलाल जैन, निवासी 105 कंठाल उज्जैन के साथ दिनांक 24.02.2024 को करते हुए आंशिक बयाना राशि प्राप्त की गई थी। उक्त अनुबंध अनुसार नियत दिनांक 23.02.2025 तक विक्रय मूल्य की शेष राशि अदा कर अनुबंधित भूमि की रजिस्ट्री करवाई जानी थी।

अनुबंध पत्र अनुसार नियत समयावधि में विक्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान मेरी पक्षकारा को प्रदान नहीं किया गया, तत्पश्चात अनुबंध अवधि में वृद्धि की गई, किंतु अवधि वृद्धि के उपरांत भी विक्रय मूल्य की शेष राशि का भुगतान मेरी पक्षकारा को प्रदान नहीं किया गया और ना ही भूमि की रजिस्ट्री करवाने में कोई तत्परता दिखाई गई, कई बार अवसर प्रदान करने के उपरांत भी रौनक बोहरा व नेमीचंद जैन द्वारा अपने पक्ष का पालन नही किया गया, इस कारण मेरी पक्षकारा द्वारा समयावधि व्यतित होने के उपरांत अनुबंध दिनांक 24.02.2024 को समाप्त कर निरस्त करते हुए सूचना पत्र दिनांक 06.10.2026 को रौनक बोहरा व नेमीचंद जैन को प्रेषित किया गया, इस प्रकार अनुबंधित भूमि के संबंध में किया गया अनुबंध दिनांक 24.02.2024 निरस्त होकर समाप्त हो चुका हैं।

इस जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि, उपरोक्त वर्णित भूमि के संबंध में रौनक बोहरा व नेमीचंद जैन से किसी भी प्रकार से कोई क्रय- विक्रय, अंतरण या संव्यवहार नहीं करें, उक्त व्यक्तियों से किया गया कोई संव्यवहार मेरी पक्षकार पर किसी भी रुप से बंधनकारी नहीं रहेगा। मेरी पक्षकारा अपनी उपरोक्त वर्णित भूमि को अपनी इच्छानुसार उपयोग करने एवं अन्यत्र विकित या अंतरित करने हेतु पूर्ण रुप से स्वतंत्र हैं। सो सूचित हो। दिनांक 13.10.2026

भूपेश शर्मा, अभिभाषक
कार्यालय - 244, जवाहर मार्ग,
नागदा जिला उज्जैन (म.प्र.)

In The Court Of V Additional District Judge, District Court, Ujjain Presiding Officer:

श्री राकेश कुमार शर्मा
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(EX B/0800013/2014)

मध्य प्रदेश एग्रो केमिकल्स, सोल एकमेव प्रो. नीरजा---- वादी

Vs

मेसर्स परिहार ट्रेडर्स प्रो. जगदीश परिहार----- प्रतिवादी

Process Id-/2026

पेशी दिनांकः 26/10/2026

प्रेषिती

(1) सुपुर्दगीदार रोहित सिंह पिता जगदीश परिहार आयु 32 वर्ष पता मकान नं 4 कार्तिक चौक उज्जैन मो नं 9171302351

यह कि प्रार्थी मध्य प्रदेश एग्रो केमिकल्स, सोल एकमेव प्रो. नीरजा पति भंवरलाल सिंघल, उम्र-46 वर्ष, धंधा-व्यापार, पता-77/78 श्रद्धानंद मार्ग 208 देवधर काम्पलेक्स (नासिक पेट्रोल पंप के पास) इंदौर म प्र द्वारा न्यायालय द्वतीय अपर जिला जज, इंदौर के बजावरी प्रकरण क्रमांक 13 बीब/2013 में पारित डिक्री के निष्पादन हेतु अंतरण प्रमाण पत्र दिनांक 13/09/2013 के द्वारा न्यायालय जिला न्यायाधीच, उज्जैन को अंतरण प्रमाण पत्र के साथ निष्पादन हेतु आपके विरुद्ध प्रवर्तन बी संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 05 अक्टूबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

राकेश कुमार शर्मा
पंचम जिला न्यायाधीश
जिला उज्जैन म.प्र.

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर-मालवा (म.प्र.)

दूरभाष नं. (07361) 233430 | ई-मेल - cmosusner@mpurban.gov.in

क्रमांक/लो.नि./2026/1517 **सुसनेर, दिनांक 12/10/2026**

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

नगर परिषद सुसनेर के अंतर्गत निम्नलिखित कार्य की निविदा सूचना ई-टेण्डरिंग पद्धति से प्रोक्योरमेंट पोर्टल वेबसाईड http://mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:-

क्र.	ऑनलाईन टेण्डर नंबर	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू.)	अमानत राशि (रू.)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.)	समयावधि
1	2026_UAD_542377_1	वार्ड न. 01 में गंगादास मंदीर मन्सूरी मोहल्ला में सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	1440849/-	10806/-	2000/-	6 माह
2	2026_UAD_542373_1	वार्ड न. 02 में इतवारिया यादव गली में सी.सी.रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	2010915/-	15082/-	5000/-	6 माह
3	2026_UAD_542375_1	वार्ड न. 04 मराठा गली, रावला गली, नईम भाई वाली गली में सी.सी.रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	2393740/-	17953/-	5000/-	6 माह
4	2026_UAD_542376_1	वार्ड न. 05 चोसट माता मंदिर से नदी तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य	1720967/-	12907/-	2000/-	6 माह
5	2026_UAD_542378_1	वार्ड न. 06 महावीर जैन एवं बबलु लोहार वाली गली में सी.सी. रोड़ निर्माण कार्य	208533/-	2085/-	2000/-	1 माह
6	2026_UAD_542379_1	वार्ड क्र. 7 में गुडडु आपा के घर से अली सर के घर तक सी. सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	4162435/-	31218/-	5000/-	6 माह
7	2026_UAD_542380_1	वार्ड क्रं. 8 में भरत जी राणा वाली गली में सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	3521042/-	26408/-	5000/-	6 माह
8	2026_UAD_542381_1	वार्ड न 9 में गायरी समाज धर्मशाला से कंकाली माता मंदिर तक सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	3602552/-	27019/-	5000/-	6 माह
9	2026_UAD_542382_1	वार्ड न 11 में मंगतु भाई के घर से तेजुलाल के घर तक नाली निर्माण कार्य	458677/-	4587/-	2000/-	3 माह
10	2026_UAD_542383_1	वार्ड न 12 में तिवारी के घर से सुमन मैरीज गार्डन तक सी.सी. रोड़ एवं नाली निर्माण कार्य	4568180/-	34261/-	5000/-	6 माह
11	2026_UAD_542384_1	वार्ड न 13 में दिनेश के घर से राजेन्द्र के घर तक सी.सी. रोड एवं नाली निर्माण कार्य	2505048/-	18788/-	5000/-	6 माह
12	2026_UAD_542386_1	वार्ड न 12 में जामुनिया रोड़ से बैक वाली गली तक नाली निर्माण कार्य	2431350/-	18235/-	5000/-	6 माह

समय सारणी:-

- **01. निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने का प्रारंभ दिनांक: 12/10/2026**
- **02. निविदा ऑनलाईन क्रय / बीड सबमिशन की अंतिम दिनांक: 10/11/2026**
- **03. निविदा खोलने का दिनांक: 12/11/2026**

नोट- निविदा में कोई संशोधन होता है तो वह ऑनलाईन पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। इसके लिए पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा। तथा अन्य शर्तें एवं नियम टेण्डर डाक्यूमेंट अनुसार रहेगी।

प्रदीप सोनी
अध्यक्ष
नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर-मालवा

हरिओम शर्मा
मुख्य नगर पालिक अधिकारी
नगर परिषद् सुसनेर जिला आगर-मालवा

सांदीपनि विद्यालय में करियर काउंसिलिग का आयोजन किया

दैनिक अवन्तिका » गुना

सेवा संकल्प अभियान अन्तर्गत कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देशन में कौशल विकास एवं रोजगार विभाग द्वारा संदीपनी विद्यालय फतेहगढ़ में प्राचार्य भागवत प्रसाद झा के मार्गदर्शन में आज कैरियर काउंसलिंग का आयोजन किया गया।



जिला रोजगार अधिकारी बीएस मीना ने उपस्थित छात्र छात्राओं को सार्वजनिक क्षेत्र में रोजगार, निजी क्षेत्र में रोजगार और शासन द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने केंद्र एवं प्रदेश स्तर पर आयोजित महत्वपूर्ण परीक्षाएं, निजी क्षेत्र में रोजगार और स्वरोजगार आदि के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अभी से अपनी रुचि और अपनी क्षमता अनुसार लक्ष्य निर्धारित करें उसी अनुरूप योजना बनाकर कार्य करें ऐसा कोई काम नहीं है जो आप नहीं कर सकते बस इच्छा शक्ति होना चाहिए, निश्चित रूप से सफल हो सकते हो। हमारी मप्र सरकार युवाओं को रोज़गार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए कई प्रयास कर रही हैं निजी क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार के लिए जिले में निर्धारित दिवस पर युवा संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है इसी क्रम में आगामी 28 अक्टूबर 2026 को आपके फतेहगढ़ सांदीपनी विद्यालय परिसर में ही युवा संगम कार्यक्रम करने जा रहे हैं। आप अपने नजदीक परिचितों को इस कार्यकम के बारे में अवश्य बताये सभी उसका लाभ उठाएं। उन्होंने भारत सरकार द्वारा संचालित स्किल इंडिया योजना का लाभ लेने की अपील करते हुए कहां कि आप कौशल विकसित करे आपको जॉब मिलने में आसानी होगी कैरियर मार्गदर्शन का मुख्य उद्देश्य छात्रों को जॉब के लिए जागृत करने का रहा।

कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य भागवत प्रसाद झा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सार्वजनिक सेवा में अपने 25 वर्ष पूरे कर लिए हैं. इस अवसर पर उन्होंने एक नया और बेहद प्रभावशाली नारा दिया है. आमतौर पर पीएम मोदी अपने नारे हिंदी में देते हैं, लेकिन इस बार उन्होंने अंग्रेजी में वी विल डू इट का नारा दिया। इसका सीधा और सरल अर्थ है कि हम इसे कर दिखाएंगे या हम यह कर देंगे बच्चों ऐसा कोई कार्य नहीं जिसे आप नहीं कर सकते,बस आपके अंदर जुनून होना चाहिए। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक सहित बड़ी संख्या में युवक युवतियां उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने केएस ऑयल प्लांट का किया निरीक्षण

गुना। कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने आज सिलावटी स्थित केएस ऑयल लिमिटेड प्लांट का निरीक्षण कर सरसों के तेल की उत्पादन प्रक्रिया, कच्चे माल की गुणवत्ता जांच तथा तेल की शुद्धता परखने के लिए अपनाई जाने वाली तकनीकों की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उत्पादन के विभिन्न चरणों और गुणवत्ता परीक्षण की प्रक्रिया को समझा। कृषि उप संचालक संजीव शर्मा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी अवधेश पाण्डेय उपस्थित रहे। कलेक्टर ने कच्चे माल में नमी सहित अन्य घटकों की जांच और तेल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने की तकनीकों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान प्लांट संचालक ने भविष्य में सोयाबीन प्रसंस्करण के विस्तार की संभावनाओं से भी अवगत कराया। इससे स्थानीय स्तर पर किसानों की उपज के प्रसंस्करण, उन्हें बेहतर मूल्य मिलने की संभावनाओं तथा रोजगार के अवसरों को बढ़ावा मिल सकता है।

ट्राई के उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम में दूरसंचार सेवाओं

धार। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई), क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल द्वारा बुधवार को धार में उपभोक्ता संपर्क कार्यक्रम (सीओपी) आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों, ट्राई के नवीनतम निर्देशों, परामर्शों एवं विनियमों, शिकायत निवारण व्यवस्था तथा साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में विभिन्न उपभोक्ता संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) के सदस्यों, धार पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं, राज्य शासन के अधिकारियों, दूरसंचार सेवा प्रदाताओं के प्रतिनिधियों, मल्टी सिस्टम ऑपरेटरों (एमएसओ), स्थानीय केबल ऑपरेटरों (एलसीओ) तथा स्थानीय नागरिकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को दूरसंचार एवं प्रसारण सेवाओं के उपयोग, उपभोक्ता हितों के संरक्षण और डिजिटल माध्यमों पर सुरक्षित रहने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

आपदा निवारण दिवस पर छात्राओं को दी जानकारी

धार। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के 'मेरा युवा भारत धार के तत्वावधान में जिला युवा अधिकारी दीर्घा राजावत के मार्गदर्शन में विकासखंड तिरला स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास में आपदा निवारण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के प्रति जागरूक करना, आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के उपायों की जानकारी देना तथा संकट के समय धैर्य और सतर्कता के साथ निर्णय लेने के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन प्रभारी एवं यातायात पुलिस अधिकारी श्री दिलीप डावर तथा आपदा मित्र हरीराम कुमावत ने छात्राओं को आपदा प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, सुरक्षित स्थानों तक पहुंचने के उपायों और संकट की स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्य करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

अवैध रूप से बबूल की लकड़ी का परिवहन किया

धार। वन मंडल धार अंतर्गत वन विभाग की टीम ने रात्रि गश्त के दौरान अवैध रूप से बबूल की लकड़ी का परिवहन करते हुए एक संदिग्ध पिकअप वाहन को पकड़कर कार्यवाही की। वन विभाग की सतर्कता से अवैध वनोपज परिवहन का मामला सामने आया। कार्यवाही वन मंडलाधिकारी धार के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्र अधिकारी धार एवं उप वन मंडल अधिकारी के मार्गदर्शन में की गई।वन विभाग ने बताया कि 13 अक्टूबर 2026 को रात्रि लगभग 9:30 बजे स्टाफ द्वारा रात्रि गश्त के दौरान नागदा फाटा पर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान इंदौर की ओर जा रहे एक संदिग्ध वाहन क्रमांक 2233 को रोककर तलाशी ली गई। जांच के दौरान वाहन में अवैध रूप से भरी ताजी कटी बबूल की लकड़ी पाई गई। वन विभाग की टीम ने वाहन चालक से लकड़ी के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन चालक कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में वाहन चालक ने अपना नाम मुंशी, पिता नत्थू राम, निवासी सरवानिया, पोस्ट केसर, तहसील धार बताया। चालक ने बताया कि उक्त लकड़ी गुटके बेरखा गांव के पास सड़क किनारे से भरकर मुसावदा के ढाबे पर ले जाई जा रही थी।

कर्ज चुकाने के बाद भी 2.50 लाख की अतिरिक्त मांग

गुना। जिले के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत नानाखेड़ी निवासी राजाबेटी आदिवासी पत्नी मुकेश झावा ने रामप्रसाद पारदी एवं उनके परिवार के सदस्यों पर गाली-गलौज करने, मकान पर कब्जा करने और घर से बाहर निकालने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उन्होंने 10 अक्टूबर 2026 को कैंट थाना प्रभारी, जिला गुना के नाम आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में राजाबेटी ने उल्लेख किया है कि उन्होंने वर्ष 2023 में रामप्रसाद पारदी से 1 लाख 90 हजार रुपये उधार लिए थे। इसके बदले वह प्रतिमाह 9,500 रुपये की किस्त देती थीं। आवेदिका का दावा है कि वह उधार की पूरी राशि चुका चुकी हैं, इसके बावजूद उनसे कथित तौर पर 2 लाख 50 हजार रुपये की अतिरिक्त मांग की जा रही है। आवेदन के अनुसार, 10 अक्टूबर 2026 की सुबह करीब 9:30 बजे रामप्रसाद पारदी और उनके परिवार के लोग उनके घर पहुंचे। आवेदिका ने आरोप लगाया कि इस दौरान उनके साथ गाली-गलौज की गई और उन्हें घर से बाहर निकाल दिया गया। साथ ही मकान पर कब्जा करने की धमकी देने की बात भी आवेदन में कही गई है।

चांदी में बड़ी गिरावट से बाजार में हलचल, वायदा भाव 8,400 से ज्यादा टूटा



नई दिल्ली। चांदी की कीमतों में बुधवार को भारी उतार-चढ़ाव देखने को मिला। घरेलू वायदा बाजार में चांदी का भाव पिछले कारोबारी सत्र के बंद स्तर से ?8,400 से अधिक नीचे आ गया। वैश्विक बाजार में चांदी की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी महंगाई के आंकड़ों से ब्याज दरों को लेकर बढ़ी चिंताओं ने कीमती धातु पर दबाव बनाया। द इकोनॉमिक टाइम्स की 14 अक्टूबर की रिपोर्ट के अनुसार, मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (स्ष्टङ्क) पर दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी का वायदा भाव पिछले बंद स्तर ?2,19,217 प्रति किलोग्राम से गिरकर कारोबार के दौरान ?2,10,817 प्रति किलोग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गया। इस तरह वायदा भाव में ?8,400 प्रति किलोग्राम की गिरावट दर्ज हुई। बाद के कारोबारी अपडेट में भाव ?2,11,143 प्रति किलोग्राम बताया गया। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर चांदी की कीमत 5.6 प्रतिशत गिरकर 56.13 डॉलर प्रति ट्रॉय औंस पर पहुंच गई। सोने, प्लैटिनम और पैलेडियम की कीमतों में भी कमजोरी देखने को मिली। इससे कीमती धातुओं के बाजार में बिकवाली का दबाव स्पष्ट हुआ। अमेरिका में सितंबर के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में मासिक आधार पर 0.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि अगस्त में यह वृद्धि 0.4 प्रतिशत थी। महंगाई के अपेक्षा से अधिक रहने के कारण अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति को लेकर बाजार की चिंताएं बढ़ीं। मजबूत अमेरिकी डॉलर और बढ़ती बॉन्ड यील्ड ने भी चांदी की कीमतों पर दबाव डाला। चांदी की कीमतों में गिरावट से खरीदारी की योजना बना रहे ग्राहकों को राहत मिल सकती है। हालांकि, वायदा बाजार और स्थानीय सर्राफा बाजार के भाव अलग-अलग होते हैं। शहरों में खुदरा कीमतों पर शुद्धता, कर और स्थानीय कारोबारी परिस्थितियों का भी असर पड़ता है। बाजार में आगे की दिशा अमेरिकी ब्याज दरों, डॉलर की चाल और औद्योगिक मांग पर निर्भर करेगी। निवेशकों और खरीदारों को लेन-देन से पहले ताजा भाव की पुष्टि करनी चाहिए।

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन स्वामी 1) गोपाल अग्रवाल पिता श्री राजेन्द्र अग्रवाल, निवासी 11/3, गली नं. 02, चौबीस खम्बा मार्ग, महाकाल थाना के पास, उज्जैन व 2) अजीत कुमार मेहता पिता श्री मोहन लाल मेहता, निवासी 84, स्टेशन रोड, मेहता सदन, रतलाम म.प्र., 3) आशीष चोपड़ा पिता श्री हिरालाल चोपड़ा, निवासी 7, धनजी बाई का नोहरा, रतलाम म.प्र., के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड/भूमि म्यु. क्रमांक 17/2 (पुराना 17) स्थित चौबीस खम्बा मार्ग, हरसिद्धी रोड, उज्जैन म.प्र. जिसका कुल क्षेत्रफल 130.72 वर्गमीटर या 1407 वर्गफीट जिसके पूर्व में डॉ. अचरजलाल का मकान, पश्चिम में मकान मोहनलाल का, उत्तर में सड़क सरकारी, दक्षिण में शामलाती गली हैं। उक्त वर्णित संपूर्ण भवन को मय तल भूमि के मेरे पक्षकार चन्द्र प्रकाश गुप्ता पिता श्री ब्रहम प्रकाश गुप्ता, निवासी अलवर, राजस्थान ने भवन स्वामी से क्रय करने का तय कर जल्द ही दस्तावज विक्रय अनुबंध पत्र/दस्तावेज विक्रय-पत्र का संपादन व पंजीकरण होना हैं। उक्त संपूर्ण भवन के सम्बंध में यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी आदि का कोई हक, हिस्सा, स्वत्व, स्वामित्व, क्लेम, अधिकार, सुखाधिकार, राईट्स, दावा, झगड़ा आदि हो या उक्त वर्णित संपूर्ण भवन कहीं पर रहन, बय, विक्रय, दान, मार्टगेज या अन्य किसी भी प्रकार से अनुबंध, अन्तरण, हस्तान्तरण किया हुआ हो या किसी शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, सोसायटी, कार्यालय, बैंक, वित्तीय संस्था या साहुकारी आदि का कोई ऋण, भार, क्लेम आदि बाकी हो या किसी न्यायालय / कार्यालय में उक्त वर्णित संपूर्ण भवन से सम्बंधित कोई आपत्ति / वाद विचाराधीन हो या स्थगन हो तो वह इस ज़ाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 सात दिवस की अवधि में मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में अपनी आपत्ति या क्लेम प्रस्तुत करें अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त वर्णित संपूर्ण भूखण्ड की रजिस्ट्री विक्रय-पत्र करा किया जायेगा। उसके बाद कोई आपत्ति दावा झगड़ा क्लेम आदि मान्य नहीं होगा। इस सूचना के पश्चात उक्त संपूर्ण भवन को खरीदने का कोई अनुबंध, रजिस्ट्री विक्रय-पत्र या उसके सम्बंध में कोई व्यवहार आदि नहीं करें। सूचित हो।

इति दिनांक 13/10/2026, स्थान: उज्जैन

शकील एहमद एडवोकेट सुहाना पैलेस
34, शू मार्केट लखेरवाड़ी उज्जैन
मो. 87707-18997

जाहिर सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1 अशोक उर्फ अरूण पिता श्री नाथुलाल, 2- नाथुलाल पिता श्री हीरालाल 3 विमल पिता श्री नाथुलाल, निवासीगण ग्राम जगोटी तहसील महिदपुर जिला उज्जैन कृषक ग्राम खुरचन्या प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन से अनुबन्धकर्ता क्रमांक 1 से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 283/2/1/2 रकबा 0.11 हेक्टेअर एवं अनुबन्धकर्ता क्रमांक 2 से अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 169/2 रकबा 0.88 हेक्टेअर मे से 0.44 हेक्टेअर तथा अनुबन्धकर्ता क्रमांक 3 से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 277 रकबा 0.23 हेक्टेअर में से 0.07 हेक्टेअर कुल किता 3 कुल रकबा 0.62 हेक्टेअर अर्थात 2 बीघा 12 बीसंवा स्थित ग्राम खुरचन्या प्रताप तहसील महिदपुर जिला उज्जैन में है को क्रय करने का सौदा किया है और इसके सम्बन्ध में आशिंक बयाना राशि प्राप्त कर अनुबंध पत्र मेरे पक्षकार के हित में निष्पादित किया है। उक्त अनुबंध पत्र के पालन में मेरे पक्षकार उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का निष्पादन व पंजीयन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त भूमि में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भूमि पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मुझे सूचित करें और लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमियों का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

दिनांक 14/10/2026

अखिलेश बाफना, एडवोकेट
कार्यालय-111, प्रथम तल, हर्शदीप टॉवर, नानाखेडा पेट्रोल पम्प के पास, उज्जैन मो. 9826266570

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री अन्नपूर्णा कंस्ट्रक्शन, पता वि.डि.एस. प्राईम प्लाजा, प्रथम तल, फ्रीगंज उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि एक भूखण्ड क्रमांक 116 स्थित सांवरिया ग्रीन कॉलोनी ग्राम ढंडिया तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट है। जो रसीद क्रमांक 195 के माध्यम से हुकूम जी जैन को आवंटित किया गया था। उक्त रसीद कही गुम हो चूकी है तथा भूखण्ड स्वामी के आग्रह पर मेरे पक्षकार के द्वारा भूखण्ड स्वामी को नई रसीद जारी की जा रही है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त रसीद के माध्यम से उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूखण्ड पर किसी प्रकार का कोई ऋण प्राप्त किया गया हो या उक्त मुल रसीद किसी भी व्यक्ति के पास गिरवी हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड स्वामी को उक्त भूखण्ड की नवीन रसीद प्रदान की जावेगी तथा वह नवीन रसीद ही मान्य होगी एवं पुरानी रसीद स्वत: समाप्त मानी जावेगी एवं नवीन रसीद के आधार पर ही विक्रय पत्र का निष्पादन किया जावेगा। बाद समयावधि किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

दिनांक 13/10/2026

अनंत यादव एडवोकेट
टाईम हेडक्वाटर, महाकाल समपन्न फोर्थ फ्लोर, वराह मिहिर मार्ग, टावर चौक फ्रीगंज उज्जैन
मो. 9669675551

जाहिर-सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भवनस्वामी कुतबुद्दीन नलवाला पिता श्री फखरूद्दीन नलवाला निवासी-46, डग्गरवाडी रामप्रसाद भर्गव मार्ग, गली नं.-02 उज्जैन के स्वामित्व स्वत्व एवं आधिपत्य का भवन 47 एवं 47/1 डग्गरवाडी पं रामप्रसाद भार्गव मार्ग, गली नं.-2 उज्जैन में स्थित है। उक्त दोनो भवन दो मंजिला गार्डर फर्शी का निर्मित है। भवन क्रमांक-47 का कुल क्षेत्रफल-147.67 वर्गमीटर है एवं भवन क्रमांक-47/1 का कुल क्षेत्रफल-130.60 वर्गमीटर है। उक्त दोनो भवन फ्रीहोल्ड है। मेरे पक्षकार ने अनुबंधित स्वामी आरिफ खान पिता श्री साबिर खान से उक्त वर्णित संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध किया होकर विक्रय मुल्य की राशि में से बयाना राशि का भुगतान भी अनुबंधित स्वामी को कर दिया है, अब विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष रहा है। उक्त संपत्ति पर भवन स्वामी एवं अनुबंधित स्वामी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था, वित्तीय निकाय, बैंक, पेढ़ी, शासकीय या अर्द्धशासकीय संस्था आदि का किसी भी प्रकार का कोई स्वत्व, हित व अधिकार अथवा भार, बोझ, दान, विक्रय, बक्षीस, अनुबंध आदि हो अथवा किसी भी प्रकार का कोई सुखाधिकार हो अथवा इस विक्रय व्यवहार मे किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 7 (सात) दिन मे अपनी आपत्ति मय लेखी प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा उक्त अवधि पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित मे उक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन करा लेंगे व उसके पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी, न ही मेरे पक्षकार पर बंधनकारक होगी। सूचित हो। इति दिनांक 15/10/2026

भूपेन्द्र उपाध्याय एडवोकेट
कार्या- सी-2, भरतपुरी कॉम्पलेक्स
उज्जैन, मो. 89891-45770

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार अरसलान अली पिता शाकिर अली, निवासी बेगमबाग कॉलोनी उज्जैन ने श्रीमती रुकसाना पति मो. नफीस कुरैशी, निवासी 545 का भाग स्थित सेठी नगर कॉलोनी उज्जैन व इमरान बेग पिता रशीद बेग निवासी शाही जामा मस्जिद के पास बड़ा खाराकुंआ सारंगपुर जिला राजगढ़ म. प्र. से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्र. 545 का उत्तर-दक्षिण मध्य का भाग जिसका नया म्यु. क्रमांक 545/1. सेठी नगर उज्जैन जिसके पूर्व में कॉलोनी की सड़क पश्चिम में भवन कमांक 495, उत्तर में भवन क. 545 का शेष भाग जो रईस शेख का है व दक्षिण में भवन कमांक 545 का शेष भाग जो भय्यु भाई का होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 46.51 वर्गमीटर है, लम्बाई 15.24 मीटर व चौड़ाई 3.05 मीटर को कय करने का अनुबंध करके विक्रय मूल्य पेटे बयाना राशि अदाकर दी है व विकय पत्र का पंजीयन शीघ्र करवाने वाले हैं। विक्रय अनुबंधित भवन दो मंजिला होकर पक्का बना हुआ है जिसमें किसी अन्य व्यक्ति को कोई सुखाधिकार या स्वत्व प्राप्त नहीं है। अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि किसी भी व्यक्ति / वित्तीय संस्थान या बैंक आदि का कोई ऋण बाकि हो या स्वत्व से संबंधित कोई विवाद हो तो उसकी सूचना मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय सोमवार से शुकवार किसी भी दिन सायं 5:30 से 7:30 के मध्य व रविवार को दोपहर 12:30 से 3:30 के मध्य जाहिर सूचना प्रकाश से 7 दिवस की अवधि में प्रस्तुत करें, किसी भी प्रकार की आपत्ति प्रस्तुत न होने की स्थिति में मेरे पक्षकार विक्रय अनुबंधित भवन भाग का विक्रय पत्र अपने पक्ष में करवा लेंगे व समयावधि व्यतीत होने के उपरांत किसी कि आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी। अत: सूचित हो।

दिनांक- 14/10/2006

सत्यनारायण ए.व्यास एडवोकेट
कार्यालय 39/1, सनराईज प्लाजा महामार्ग उज्जैनम.प्र.)
456001 फोन नं. 07343566165

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी सिकंदर खॉ शरीफ खॉ साबीर खॉ पिता सलीम खॉ फरीदा बी विधवा सलीम खॉ हबीब खॉ मेहबुब खॉ पिता वहीद खॉ जाति मेवाती भूखण्ड ग्राम घौंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य का भूखण्ड सर्वे नम्बर 806/2 रकबा 0.01 हैक्टर जिसका क्षेत्रफल 27 बाय 50 जिसका कुल क्षेत्रफल 1350 वर्गफीट भूखण्ड स्थिति ग्राम घोंसला तहसील महिदपुर जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूखण्ड को विक्रय करने का सौदा चिट्टी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूखण्ड विक्रय पंजीयन क्रेता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूखण्ड पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋणदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूखण्ड का विक्रय पत्र क्रेता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो । इति दिनांक - 13-10-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड
ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन मो. 8719997462, 9584898788

/ जाहिर सूचना का खण्डन //

एतद् खण्डन के द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दैनिक अवंतिका दैनिक समाचार पत्र, उज्जैन दिनांक 13/10/2026 में अभिभाषक श्री भूपेंद्र उपाध्याय , कार्यालय- सी -2 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, उज्जैन मो. - 89891-45770 के द्वारा उनके पक्षकार की ओर से 1. श्री योगेश पिता स्व. श्री गणपति शंकर जी, 2. श्रीमती सविता शर्मा पति श्री पवन शर्मा, 3. श्रीमती नेहा शर्मा पति श्री राज कुमार शर्मा, 4. श्रीमती राजकुमारी पति श्री पवित्र शर्मा निवासीगण हालमुकाम - 107, खुर्रमशाहजहां मार्ग, वार्ड नं- 29, उज्जैन से उनके स्वामित्व, स्वत्व तथा आधिपत्य के भवन क्रमांक 107, खुर्रमशाहजहां मार्ग, वार्ड नं- 29, उज्जैन को क्रय कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया जाना दर्षित करते हुए जाहिर सूचना का प्रकाशन करवाया गया है। उक्त मकान मेरे पक्षकार के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 08/05/2026 पंजीकरण संख्या MP17IGR क्र18842026ए100541525 के माध्यम से 1. स्व. श्रीमती जयश्री शर्मा पति स्व. श्री गणपति शंकर शर्मा उम्र 76 वर्ष 2. श्री योगेश शर्मा पिता स्व. श्री गणपति शंकर शर्मा उम्र 44 वर्ष निवासीगण 107, खुर्रमशाहजहां मार्ग, बेगमपुरा, उज्जैन से उनके भाग को क्रय कर लिया गया है और विक्रय मूल्य की सम्पूर्ण राशि अदा की जा चुकी है। विक्रय पश्चात् विक्रेतागण का कोई भी स्वत्व विक्रय किये गए मकान में शेष नहीं रहा है। इस कारण भवन क्रमांक 107, खुर्रमशाहजहां मार्ग, बेगमपुरा, उज्जैन के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार श्री योगेश शर्मा पिता स्व. श्री गणपति शंकर शर्मा उम्र 44 वर्ष निवासी 107, खुर्रमशाहजहां मार्ग, बेगमपुरा, उज्जैन से किया जाना अवैधानिक हैं। श्री योगेश शर्मा को उक्त भवन के संबंध में विक्रय पश्चात् कोई स्वत्व एवं अधिकार शेष नहीं है। अत: उक्त खण्डन जाहिर सूचना के माध्यम से सर्वसाधारण प्रायवेट व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था एवं वृहत्ताकार सोसाइटी, शासन आदि किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन, क्रय-विक्रय, या किसी भी प्रकार का कोई भी संव्यवहार ना करें और ना ही अन्य किसी प्रकार से कोई अधिकार उत्पन्न करे। इति दिनांक 14/10/2026

चंचल सेठिया एडव्होकेट
चैंबर नं 68, न्यू कोर्ट बिल्डिंग, उज्जैन
मो.नं. 9770442789

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड श्रीमाया स्क्वेयर 62 क्षपणक मार्ग माधवनगर अस्पताल के सामने उज्जैन की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन क्रमांक 18 स्थित गीता कॉलोनी बुधवारिया उज्जैन तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 146.30 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- भूखण्ड क्रमांक 17, पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक 19, उत्तर में- 30 फिट रोड़, दक्षिण मे- शासकीय आवासीय भवन स्थित है। उक्त संपत्ति लक्ष्मी देवी पति श्री महेश कुमार खेमानी ने इसके पूर्वस्वामी कन्हैयालाल पिता चंचलदास से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1756 दिनांक 06/07/1995 के माध्यम से क्रय कि। एवं लक्ष्मीदेवी का स्वर्गवास दिनांक 27/05/1996 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी महेश कुमार खेमानी पिता परमानंद खेमानी एवं जितेश खेमानी पुत्र महेश कुमार खेमानी, निकता कुकरैजा, भुमिका, रिया पुत्रीगण महेश कुमार खेमानी ने अपना नामातंरण उज्जैन विकास प्राधिकरण उज्जैन में प्रकरण क्रमांक 363/78/4/3064 दिनांक 02/06/2023 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा महेश कुमार खेमानी आदि ने उक्त संपत्ति को विक्रय करने का अनुबंध निलेश यादव पिता शंकरजी यादव से किया है तथा निलेश यादव ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार मेरे पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई. होम फायनेन्स कम्पनी लिमिटेड का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी । सूचित हो ।

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर
चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9301860352

न्यूज-कॉलम

अघोषित विद्युत कटौती से उपभोक्ताओं को समय से अवगत कराए

मन्दसौर। म.प्र. विद्युत कंपनी कर्मचारी संघ फेडरेशन के प्रांतीय महामंत्री डी. एस. चंद्रावत ने प्रदेश के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को एक पत्र लिखकर मांग की है कि वर्तमान में प्रदेश में हुई कम वर्षा और थर्मल पावर प्लांट की मरम्मत के चलते बिजली उत्पादन में कमी आई है। इसके कारण राज्य में हो रही अघोषित विद्युत कटौती की स्थिति से ऊर्जा विभाग को सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर वस्तुस्थिति से सम्माननीय उपभोक्ताओं को अवगत कराना चाहिए। फेडरेशन का कहना है कि जमीनी स्तर पर स्थिति यह है कि अघोषित कटौती के कारण उपभोक्ताओं की नाराजगी का सामना सीधे तौर पर ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में कार्यरत ग्रिड ऑपरेटरों व उपकेंद्र प्रभारियों को करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें अनावश्यक जनाक्रोश झेलना पड़ता है।

जिले की लाडली बहनों के बैंक खातों में आये 39 करोड़ रुपये

मन्दसौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश की बहनों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत सहायता राशि अंतरित की। बहनों को माह अक्टूबर की 1500 रुपये आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर मंदसौर जिले की 26 हजार से अधिक लाडली बहनों को 39 करोड चार लाख रू. की सहायता राशि का लाभ मिला। जिले के सभी गांव, वार्डों में वेबकास्ट के माध्यम से कार्यक्रम देखा सुना गया।

नीमच के कांग्रेस नेता प्रदर्शन में हुए शामिल

नीमच। वोट चोरी के आरोपों, विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया पर रोक लगाने और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर सोमवार 12 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित सुप्रीम कोर्ट तक के मार्च में नीमच क्षेत्र के कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती के नेतृत्व में अनेक कार्यकताओं ने दिल्ली पहुंचकर चुनाव आयोग के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करी। जिला कांग्रेस प्रवक्ता भगत वर्मा एवं मनोहर अंब ने बताया कि इस मार्च में शामिल होने के लिए सभी नेता सोमवार को दिल्ली पहुंचे और निर्धारित कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी नेताओं ने वोट चोरी के आरोपों की जांच और कार्रवाई, एसआईआर प्रक्रिया पर रोक तथा मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे की मांग उठाई।

प्रेम प्रसंग के चलते पति ने पत्नी पर किया चाकू से जानलेवा हमला

घायल महिला जिला चिकित्सालय में भर्ती, आरोपी पति पुलिस हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

जिले के जावरा शहर स्थित औद्योगिक थाना परिसर के भीतर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक पति ने अपनी पत्नी पर ताबड़तोड़ चाकू से प्राणघातक हमला कर दिया। इस गंभीर घटना में महिला बुरी तरह घायल हो गई, जिसे पुलिस ने तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया है। वहीं, त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

थाना प्रभारी सुमित मिश्रा से मिली जानकारी के अनुसार, आरोपी जीवन सिंह राठौड़, निवासी बहादुरपुर जागीर ने करीब आठ दिन पूर्व अपनी पत्नी की गुमशुदगी की रिपोर्ट औद्योगिक क्षेत्र थाने में दर्ज कराई थी। दोनों की शादी ढाई वर्ष पूर्व आपसी रजामंदी से हुई थी। हालांकि, महिला का किसी अन्य युवक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था और वह शादी के कुछ समय बाद ही उसी युवक के साथ चली गई थी।

पुलिस ने बताया कि सोमवार को यह महिला सामाजिक और पारिवारिक दबाव के चलते अपने बयान दर्ज कराने औद्योगिक क्षेत्र थाने पहुँची थी। बयानों के दौरान महिला ने स्पष्ट किया कि वह अपने पति के साथ नहीं रहना चाहती और अपने प्रेमी के साथ ही रहना चाहती है। पुलिस उसे नियमानुसार 'वन स्टॉप सेंटर' भेजने की प्रक्रिया कर रही थी।

इसी बीच, जैसे ही महिला थाने से बाहर निकली, घात लगाए बैठे आरोपी पति जीवन सिंह राठौड़ ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर दिए। इस अचानक हुए हमले से थाना परिसर में हड़कंप मच गया।

घटना की गंभीरता को देखते हुए वहाँ मौजूद पुलिस कर्मियों ने तुरंत बीच-बचाव किया और लहूलुहान अवस्था में महिला को तत्काल जिला चिकित्सालय पहुँचाया, जहाँ उसका इलाज जारी है। पुलिस ने आरोपी पति जीवन को मौके से ही हिरासत में ले लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

बिना नंबर की स्कॉर्पियों कार में तहखाना बनाकर छुपाई गई 1.29 करोड़ की नगदी जब्त

सरपंच सहित उ.प्र. के दो गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर।



जिले के शामगढ़ थाना पुलिस ने एक बिना नंबर की महिंद्रा स्कॉर्पियो एन कार में बेहद शातिर तरीके से बनाई गई स्कीम (गुप्त स्थान) से एक करोड़ 29 लाख रु. की भारी-भरकम नगदी राशि बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने तीन संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है।

जानकारी अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम बरखेड़ा उदा के सरपंच भवानीशंकर मीणा के घर के पीछे बाड़े में उत्तर प्रदेश से आए दो व्यक्ति बिना नंबर की काली स्कॉर्पियो कार के साथ रुके हुए हैं और उन्होंने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी से अर्जित भारी नगदी कार के गुप्त हिस्सों में छिपाई है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने सरपंच के निवास पर दबिश दी और मौके पर मौजूद तीन व्यक्तियों सरपंच भवानी शंकर (49) पिता प्रभुलाल मीणानिवासी बरखेड़ा उदा थाना शामगढ़, मोहम्मद इस्लाम (47) पिता मोहम्मद वसीम जाति पठान निवासी प्रतापपुर जीवनसहाय थाना नगर जिला बरेली उ.प्र. एवं सूर्य प्रकाश (59) पिता कृष्ण सरूप गंगवाड जाति कुर्मी निवासी सेंट्रल इस्टेट कॉलोनी थाना इज्जत जिला बरेली म.प्र. को हिरासत में लिया।

इसके बाद कार को थाना शामगढ़ लाया गया और मैकेनिक की मदद से कार की बॉडी खोलकर तलाशी ली गई, जहाँ से यह 1 करोड़ 29 लाख रू. नगदी राशि बरामद हुई। इस संबंध में आयकर विभाग को सूचित कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

उत्तराखंड के चारों धाम की पैदल यात्रा पूरी कर बद्रीनाथ धाम पहुँचे पोरवाल दंपत्ति



मंदसौर। मंदसौर शहर के निवासी जगदीश पोरवाल ने अपनी पत्नी डॉलर पोरवाल के साथ मिलकर हरिद्वार से अपनी पैदल यात्रा प्रारंभ की और यमुनोत्री, गंगोत्री व केदारनाथ के दर्शन करते हुए सफलतापूर्वक बद्रीनाथ धाम पहुँच गए। उत्तराखंड में इस रोमांचक और चुनौतीपूर्ण सफर के दौरान उन्होंने लगभग 1073 किलोमीटर की लंबी पैदल यात्रा संपन्न की, जिसे पूरा करने में उन्हें 36 दिन का समय लगा। पोरवाल दंपत्ति ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि वे प्रतिदिन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक लगातार 12 घंटे पैदल चलते थे और रोज लगभग 30 से 35 किलोमीटर की दूरी तय करते थे। पहाड़ों के सुनसान रास्तों पर जंगली जानवरों से सावधान रहने के चेतावनी बोर्ड और बारिश के दौरान पहाड़ों से गिरते पत्थरों के बीच चलना काफी डरावना और जोखिमभरा था, लेकिन ईश्वर की कृपा से उनकी यात्रा पूरी तरह निर्विघ्न संपन्न हुई। उन्होंने बताया कि इस यात्रा के दौरान वहाँ के स्थानीय लोगों की शांत जीवनशैली, पहाड़ों की प्राकृतिक सुंदरता, प्रदूषण मुक्त वातावरण औरकलकल बहते झरनों का आनंद उनके जीवनभर की एक अनमोल याद बन गया है।

अवैध जुआ-सट्टा खेलते 27 आरोपी गिरफ्तार, लाखों का मश्रुका जब्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

जिले की पुलिस थाना भानपुरा को अवैध जुआ और सट्टा पकड़ने में बड़ी सफलता हासिल हुई है। पुलिस ने मौके से कुल 27 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि ३ आरोपी मौके से फरार होने में सफल रहे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 37 हजार 610 रुपये नगद, करीब 20 लाख रुपये का हिसाब लिखी हुई 288 सट्टा अंक पर्चियाँ, 52 ताश के पत्ते, 24 मोबाइल फोन, 2 कैलकुलेटर, 8 डायरियाँ और मौके से 20 मोटरसाइकिलें जब्त की हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 10 लाख रुपये है। इसके अलावा, आरोपियों द्वारा ऑनलाइन ट्रांजैक्शन कर जुआ और सट्टा खेलने के सबूत भी मिले हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि श्याम सिंह चंदेल के बाड़े, ग्राम भैसोदामंडी में कुछ लोग अवैध लाभ अर्जित करने के लिए जुआ और सट्टा खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने तुरंत दबिश दी और घेराबंदी कर आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए 27 आरोपियों में देवीलाल, साहिल मोहम्मद, जितेन्द्र सिंह, माँगीलाल, प्रकाश, राजेश, बद्रीलाल, ओमप्रकाश, भगवान सिंह, लखन, योगेन्द्र, अरशद, फुलचन्द्र, नारायण, रामेश्वर, रमेश, बृजेश, राजेन्द्र, मांगीलाल, हितेश कुमार, सत्यनारायण, सुरेन्द्र सिंह, मांगीलाल, मांगीलाल, बहादुर सिंह, रामप्रसाद और शिवलाल शामिल हैं। इसके अलावा तीन आरोपी थानसिंह, रईस और हेमन्त गुर्जर मौके से फरार होने में सफल रहे, जिनकी तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है।

खाद्य पदार्थों के अमानक नमूनों पर सख्त कार्रवाई, लाइसेंस होंगे निरस्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



जिले में आमजन के स्वास्थ्य और सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जिला सलाहकार समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कलेक्टर श्री दिव्यांक सिंह ने अशुद्ध खाद्य पदार्थों के निर्माण और बिक्री पर पूरी तरह अंकुश लगाने के कड़े निर्देश दिए।

आमजन के स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए एक विशेष निगरानी दल का गठन किया गया है, जिसमें खाद्य सुरक्षा, दुग्ध महासंघ, पुलिस विभाग, नापतोल और खाद्य आपूर्ति विभाग को शामिल किया गया है। यह दल जिले भर में आकस्मिक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की लगातार जांच करेगा।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि खाद्य पदार्थों की त्वरित जांच के लिए जिले में एक चलित लैब भ्रमण करेगी, जो मौके पर ही नमूने लेकर तुरंत जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराएगी। इस चलित लैब की व्यवस्था जनभागीदारी या शासन स्तर पर सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही, जिले में खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण के लिए ब्लॉक स्तरीय रोस्टर तैयार करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्यानम सिंह रावत द्वारा निदेर्शों के पालन में लापरवाही बरतने और आमजन के स्वास्थ्य को ताक पर रखकर नमूने प्राप्त करने में कोताही बरतने पर उनके निलंबन के लिए शासन स्तर पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

कलेक्टर ने कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि 1 अप्रैल 2026 से अक्टूबर 2026 तक जिन खाद्य पदार्थों के नमूने लैब रिपोर्ट में अमानक, मिथ्याचारी और असुरक्षित पाए गए हैं, ऐसे 15 पंजीयन और लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाएं। बैठक में सीएमएचओ डॉ. आर. के. द्विवेदी, जिला खाद्य एवं आपूर्ति अधिकारी नारायण सिंह चंद्रावत आदि उपस्थित रहे।

1 करोड़ 95 लाख की पुलिया शीघ्र जनता को अटल सेतु समर्पित होंगी

नपा अध्यक्ष ने सीएमओ व पार्षद के साथ किया अटल सेतु का निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



स्थानीय हेडगेवार बस स्टैंड (प्राइवेट बस स्टैंड) पर जर्जर पुलिया (रपट)के स्थान पर नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति गौरव चोपड़ा के मार्गदर्शन में जारी विकास श्रृंखला के तहत 1 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत से नवीन पुलिया (अटल सेतु) का निर्माण कराया गया है।

निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है छोटे -मोटे शेष कार्य के बाद जल्द ही यह अटल सेतु जनता को समर्पित कर आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। बुधवार 14 अक्टूबर को नपा अध्यक्ष श्रीमती चोपड़ा ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती दुर्गा बामनिया एवं वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद श्रीमती किरण शर्मा के साथ नवनिर्मित पुलिया का निरीक्षण किया और शेष कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान प्राइवेट बस स्टैंड क्षेत्र एवं वैभव नगर के रहवासी श्री ओम प्रकाश चौधरी, श्री सगरावत जी सहित अनेक क्षेत्रवासी भी उपस्थित थे। सामर्पित होंगी

श्रीमती चोपड़ा ने बताया कि इस नवनिर्मित पुलिया को परिषद से प्रस्ताव पारित कर अटल सेतु नाम दिया गया है। एक करोड़ 95 लाख की लागत से 47 मीटर लंबी और 8 मीटर चौड़ी यह पुलिया मात्र 7 माह में बनकर तैयार हो गई है।

पुलिया पर लाइट के लिए पोल लग गए हैं, दोनों तरफ रेलिंग लग गई है, शीघ्र ही पोल पर लाइट लगवा कर एवं रेलिंग पर जाली लगवाने के साथ ही अन्य जो छोटे-मोटे कार्य रह गए हैं उन्हें पूर्ण कर यह अटल सेतु जनता को समर्पित कर दीया जाएगा। यह काम मात्र 7 माह में पूर्ण करवाया गया है ताकि नागरिकों को आवागमन में परेशानी ना हो।

आतिशबाजी सामग्री पर ना हो देवी देवताओं के फोटो, प्रशासन और व्यापारी रखें ध्यान - विहिप

नीमच। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए नीमच मंदसौर जिला प्रशासन और पटाखा कारोबारियों से आतिशबाजी सामग्री पर देवी-देवताओं के चित्र न लगाने की सख्त अपील की है। विश्व हिंदू परिषद के नीमच मंदसौर विभाग मंत्री अनुपाल सिंह झाला ने बताया कि पटाखों के आवरण, पैकेटों और रैपर्स पर भगवान श्री गणेश, माता लक्ष्मी, भगवान श्रीराम, हनुमान जी अथवा अन्य किसी भी हिंदू देवी-देवता और पूज्य प्रतीकों की तस्वीरें छापना पूरी तरह से अनुचित है। जब इन पटाखों को जलाया जाता है, तो उनके पैकेट और आवरण फटकर जमीन पर बिखर जाते हैं, जिससे वे लोगों के पैरों तले आते हैं और कचरे के ढेरों में तब्दील हो जाते हैं। इससे करोड़ों श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं और आस्था गहराई से आहत होती हैं।विहिप ने जिला प्रशासन और पुलिस तंत्र से इस दिशा में प्रभावी निगरानी तंत्र विकसित करने का आग्रह किया है। उन्होंने मांग की है कि थोक और खुदरा पटाखा बाजारों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाए ताकि ऐसे उत्पादों के भंडारण और विपणन पर रोक लगाई जा सके। इसके साथ ही विहिप ने पटाखा निमार्ताओं और व्यापारियों से भी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया है। कारोबारियों से कहा गया है कि वे व्यापारिक लाभ कमाने के चक्कर में धार्मिक संवेदनाओं की अनदेखी न करें।

न्यूज कालम



लायंस के बीएमडी जाँच शिविर का 53 मरीजों ने लिया लाभ

मंदसौर। लायंस क्लब मंदसौर द्वारा डॉ. के. सी. श्रीमाल ऑथोपेडिक क्लिनिक में निःशुल्क बीएमडी (अस्थि घनत्व) जाँच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 53 मरीजों की हड्डियों के घनत्व की जाँच की गई और उन्हें उचित स्वास्थ्य परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. के. सी. श्रीमाल ने बताया कि बदलती जीवनशैली, संतुलित खान-पान की कमी और शारीरिक गतिविधियों का अभाव हड्डियों को कमजोर बनाता है, जिससे ऑस्टियोपोरोसिस जैसी बीमारियों का खतरा काफी बढ़ जाता है। नियमित जाँच, कैल्शियम एवं विटामिन-डी युक्त आहार, रोजाना धूप का सेवन और नियमित व्यायाम से हड्डियों को स्वस्थ व मजबूत रखा जा सकता है। इस अवसर पर लायंस क्लब के सचिव मयूर सुराणा, डॉ. देवेंद्र पुराणिक, सुभाष बग्गा, सुरेश धनोतिया और पंकज पोरवाल आदि भी उपस्थित रहे।

कुं. शक्तावत ने नवरात्रि पर्व पर माता की पूजा अर्चना का धर्म लाभ लिया



पिपलिया मंडी। नवरात्रि के पावन पर्व पर मल्हारगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गांव तुरकिया सहित विभिन्न गांवों गाँव में स्थापित गरबोत्सव में उपस्थिति होकर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष,ग्राम पंचायत मुंदेड़ी सरपंच प्रतिनिधि एवं पश्चिम रेलवे एम्पलाई यूनियन के पुर्व अध्यक्ष कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी ने पूजा अर्चना करते हुए धर्म लाभ लिया एवं उपस्थित गाँव के गणमान्य नागरिकों एवं माताओं बहनों को धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत शब्दों से संबोधित करते हुए गांव में सुख,शांति एवं समृद्धि का वातावरण निर्मित हो इस प्रकार की मातेश्वरी से प्रार्थना की।

पत्रकार निलेश शुक्ला बने मल्हारगढ़ आईटीआई कॉलेज में सांसद प्रतिनिधि



पिपलिया मंडी । मंदसौर संसदीय क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने बालागुड़ा निवासी पत्रकार निलेश शुक्ला को मल्हारगढ़ स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कॉलेज में अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस नियुक्ति से क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। शुक्ला को सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किए जाने पर उनके इष्ट-मित्रों एवं शुभचिंतकों ने बधाई देते हुए सांसद सुधीर गुप्ता का आभार व्यक्त किया। शुभचिंतकों ने विश्वास जताया कि शुक्ला अपनी जिम्मेदारी का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संस्थान से जुड़े कार्यों एवं क्षेत्र के हितों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

धार्मिक यात्रा कर पिपलीया पहुंचे अनिल शर्मा का किया स्वागत



पिपलीया स्टेशन।जिला कांग्रेस के महासचिव अनिल शर्मा का धार्मिक यात्रा देवदर्शन कर पिपलीया पहुचने पर नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष किशोर उणियारा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिनेश गुप्ता काचरिया,भेरूपप्पू गुर्जर,अनिल मुलासिया, जिला कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष लियाकत मेव आदि ने रेलवे स्टेशन पर शर्मा का पुष्पमाला पहनाकर जोरदार स्वागत किया।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मृत्यु

मंदसौर। जिले के नारायणगढ़ झार्डा रोड़ ग्राम बंड पिपल्या पुलिया के पास एक सड़क हादसे में बाइक सवार मोहनलाल पिता नारायण बंजारा निवासी गोपालपुरा की मौत हो गई। पुलिस इस प्रकरण में कार नं. एमपी 43 सीए 6077 के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया। यह हादसा 13 अक्टूबर की शाम को हुआ। जिसकी रिपोर्ट विजय पिता रतनसिंह चन्द्रावत निवासी तुमड़ी ने की है। पुलिस ने इस रिपोर्ट पर उक्त कार के अज्ञात चालक के विरूद्ध प्रकरण दर्ज किया।



महिला स्वास्थ्य व स्वच्छता शिविर का आयोजन

जगोटी। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिला आयुष अधिकारी डॉ मनीषा पाठक के मार्गदर्शन में मंगलवार को आयुष्मान आरोग्य मंदिर जगोटी के द्वारा आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 01 में महिला स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई एवं निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया` कार्यक्रम के दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ प्रिया पान्टेल व डॉ टीना सेंगर द्वारा महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं महिला स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने में पोषण और स्वच्छता की उपयोगिता के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।

स्वामित्व योजना के कार्यों का किया निरीक्षण



ब्यावरा-राजगढ़। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने नरसिंहगढ़ तहसील अंतर्गत ग्राम जमुनिया चौहान एवं ग्राम मोईलीकला में स्वामित्व योजना के तहत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने योजना के क्रियान्वयन की प्रक्रिया को मौके पर समझते हुए विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से की जाने वाली कार्यवाही का स्वयं परीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने एमपी ई-सेवा ऐप के माध्यम से आवेदन करने की प्रक्रिया का अवलोकन किया। साथ ही, पटवारी द्वारा सारा ऐप के माध्यम से किए जाने वाले सत्यापन, गवाहों को जोड़ने तथा प्रकरण को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया को भी चरणबद्ध तरीके से देखा।

खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, लिए मिठाइयों के नमूने



ब्यावरा-राजगढ़। वरिष्ठ कार्यालय खाद्य सुरक्षा प्रशासन मध्यप्रदेश के निदेर्शानुसार एवं कलेक्टर डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण एवं खाद्य पदार्थों के नमूना संग्रहण की कार्यवाही निरंतर जारी है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी एस.एस. खत्री द्वारा खिलचीपुर बस स्टैंड स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मनीष स्वीट्स से मावा बर्फी एवं बूंदी लड्डू तथा रतलामी सेव भंडार से मावा लड्डू एवं कलाकंद के नमूने लिए गए। नमूनों को जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने के उपरांत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता व्यवस्था, खाद्य पदार्थों के सुरक्षित भंडारण, खाद्य अनुज्ञप्ति तथा खाद्य सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की गई।

अकोदिया में शारदीय नवरात्रि की धूम

अकोदिया। नगर में शारदीय नवरात्रि को लेकर भारी उत्साह है। यहाँ 18 से अधिक स्थानों पर मां दुर्गा के भव्य पंडाल सजाए गए हैं। आकर्षक विद्युत सज्जा, कलात्मक मंच और मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रही हैं। विशेष रूप से एकता युवा मंच पर कालका मां की प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसके अलावा सब्जी बाजार, टप्पा चौराहा झंडा, झीन कॉलोनी, जाटपूरा कंगन बाजार, रेलवे स्टेशन, संजय कॉलोनी, राठी कॉलोनी, थाना परिसर, अकोदिया गांव रोड, बाजार चौक और फुलेन समिति सहित पूरे नगर में भव्य रोशनी और साज-सज्जा की गई है, जिससे पूरा कस्बा जगमगा उठा है।



पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर ने जनप्रतिनिधियों की जवाबदेही पर उठाए सवाल

ग्रामीण क्षेत्रों में अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में ढाबला जोड़ पर चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित विद्युत कटौती के विरोध में पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर, हेमराज कल्पोनी, प्रेम सिंह परिहार, भोजपुर कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने ग्रामीणजनों के साथ ढाबला जोड़ पर चक्काजाम कर विरोध दर्ज कराया। इस दौरान विद्युत विभाग के जिला अधिकारी से चर्चा कर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती की समस्या के समाधान की मांग की गई। लेकिन अधिकारी द्वारा यह कह दिया गया कि हमारे हाथ में कुछ नहीं है। इस जवाब ने विद्युत व्यवस्था और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

पूर्व विधायक बापू सिंह तंवर ने कहा कि राजगढ़ जिले में भाजपा के पाँच विधायक, दो कैबिनेट मंत्री और भाजपा के सांसद हैं। प्रदेश से लेकर केंद्र तक भाजपा की सरकार है। इसके बावजूद जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बिजली जैसी बुनियादी सुविधा के लिए परेशान होना पड़ रहा है। यह स्थिति जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी और जवाबदेही पर सवाल खड़े करती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से किसानों, विद्यार्थियों, छोटे व्यापारियों और आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों की कृषि गतिविधियां प्रभावित होती हैं तथा ग्रामीण परिवारों की दिनचर्या भी बाधित होती है। इसके बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होना चिंताजनक है।

तंवर ने कहा कि जनता ने जनप्रतिनिधियों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए चुना है। इसलिए यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे ग्रामीणों की आवाज सरकार तक पहुंचाएं, संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित करें और बिजली कटौती की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित कराएं। ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना आवश्यक है, ताकि किसानों और आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

पूर्व विधायक ने जन प्रतिनिधियों से मांगा जवाब

श्री तंवर ने ग्रामीणजनों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र के विधायकों, सांसद और संबंधित जनप्रतिनिधियों से मिलकर बिजली कटौती की समस्या पर सवाल पूछें। आवश्यकता पड़ने पर शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से उनके कार्यालयों और निवास पर पहुंचकर यह जानें कि ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उनके द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं और समस्या के समाधान की समय-सीमा क्या है।



केसरिया कपल डांडिया में गायत्री परिवार के आतिथ्य में कपल डांडिया को पुरूस्कृत किया

खाचरौद। नगर में नवरात्रि के पावन पर्व पर गरबो का माहौल अब जमने लगा। आराध्य शक्ति ग्रुप द्वारा द्वितीय वर्ष भी केसरिया कपल डांडिया का भव्य आयोजन किया जा रहा। ग्रुप अध्यक्ष दिशांक जायसवाल द्वारा बताया गया कि नौ दिनों तक जयंत श्री विलास पेलेस पर आकर्षक विद्युत सज्जा, साउंड सिस्टम सुप्रीमो जावरा, भव्य पांडाल, सैल्फी पॉइंट शर्मा इवेंट, भव्य एलिडी एवं फोटोग्राफी चारभुजा स्टूडियो, फूड जोन ओर नो दिन आकर्षक पुरस्कार से प्रतिदिन पुरस्कृत किया जा रहा है। पूरा परिसर सुरक्षित महिलाओं ओर पुरुष वर्ग की बैठक व्यवस्था, परिवार की बैठक व्यवस्था , अतिथि मंच मनमोहित वातावरण से सजा रखा है। डांडिया के तीसरे दिवस नगर के महामृत्युंजय समिति ओर गायत्री परिवार के साथ ग्रुप के सम्मानीय सहयोगी पार्टनर को भी अतिथि के रूप मंचासीन रहे। अतिथियों का स्वागत ग्रुप के सदस्यों द्वारा किया गया। डांडिया में बेस्ट गरबा, बेस्ट ड्रेस, बेस्ट एक्सप्रेशन को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। अतिथियों का आभार खाचरोद मेरी जान के मीडिया पार्टनर द्वारा माना गया।

शाईनिंग क्लब के स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक मरीजों ने लिया लाभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



शाईनिंग क्लब बड़नगर का स्वास्थ्य शिविर मंगलवार को स्थानीय इन्द्रप्रस्थ मेरिज गार्डन में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य शिविर में 250 से अधिक मरीजों का पंजीयन हुआ। जिनकी विभिन्न जांच एवं उपचार किया गया। शिविर में इन्दौर सेवा कुंज अस्पताल के डॉ. विनोद मुद्गल के सफल नेतृत्व में इनकी पुरी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान की।

कार्यक्रम के अतिथि सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक जितेन्द्र उदयसिंह पण्ड्या थे।

मंच पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोग्या, पूर्व विधायक शांतीलाल धबाई, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अंतरसिंह देवड़ा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिता सतीश वर्मा, शाईनिंग क्लब के संरक्षक रतनलाल चौधरी मंचासिन थे। स्वागत भाषण पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सुकमाल जैन ने दिया। सांसद श्री फिरोजिया एवं विधायक पण्ड्या ने शाईनिंग क्लब के स्वास्थ्य शिविर की प्रशन्सा की और उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम का संचालन दिनेश तिवारी ने किया व आभार प्रदर्शन सुरेशचन्द्र माहेश्वरी ने व्यक्त किया। अतिथियों का स्वागत शाईंनिंग क्लब के अध्यक्ष जगदीश चौहान, विरेन्द्रसिंह चौहान, हेमन्त माथुर, सुभाष गुप्ते, राधेश्याम गेहलोत, सतीष नीमा, उमाशंकर मेहता, ओमप्रकाश चोरमा, जेपी यादव, मनीष ओरा, राजकुमार माथुर, पुनीत छाजेड़, मुकेश मोरवाल, अंबाराम सिरवी, संतोष भंडारे, प्रदीप अजमेरा, तस्दुक हुसेन बोहरा ने किया।

नवोदय स्कूल में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचार और शोध कार्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में नवोदय विद्यालय समिति, क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल के तत्वावधान में 32वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस (एनसीएससी) का क्षेत्रीय स्तरीय आयोजन किया गया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, नवाचार, अनुसंधान की भावना और समस्या समाधान की क्षमता विकसित करना रहा।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक परियोजनाओं के माध्यम से विभिन्न विषयों पर आधारित शोध कार्य और नवीन विचार प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का नेतृत्व जवाहर नवोदय विद्यालय, बुरहानपुर के प्राचार्य डॉ. के. जैन तथा जवाहर नवोदय विद्यालय, कटनी के उपप्राचार्य आदित्य प्रताप सिंह ने किया। मूल्यांकनकर्ता के रूप में शासकीय महाविद्यालय, आगर मालवा के प्रदीप शर्मा एवं आकांक्षा उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों की वैज्ञानिक परियोजनाओं का अवलोकन कर उनके शोध कार्य, विषय की समझ, नवीन विचारों तथा परियोजनाओं की व्यावहारिक उपयोगिता का मूल्यांकन किया।

आयोजन के मेजबान विद्यालय के उपप्राचार्य ए.के. पाठक ने कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन में विद्यालय के शिक्षक दल ने आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

उत्कृष्ट उमावि में उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत किशोरावस्था पर जागरूकता सत्र आयोजित



बडौद। सांदीपनि शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बड़ोद में मंगलवार को मासिक उमंग कार्यक्रम के अंतर्गत कक्षा 9वीं के उमंग मॉड्यूल-5 के सत्र-2 किशोरावस्था से परिचय विषय पर जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षक श्री श्याम विश्वकर्मा द्वारा किशोरावस्था का परिचय एवं किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक परिवर्तनों की जानकारियाँ विद्यार्थियों को प्रदान कीं। शिक्षक हितेश शर्मा द्वारा सत्र में गतिविधियों एवं केस स्टडी के माध्यम से विद्यार्थियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक विकास, व्यक्तिगत स्वच्छता तथा मानसिक एवं भावनात्मक बदलावों के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही, इस अवस्था में होने वाले परिवर्तनों को सहज रूप से समझने, अपनी जिज्ञासाओं को साझा करने तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने के महत्व पर चर्चा की गई। प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया।

दो मंदिरों के जीर्णोद्धार का भूमिपूजन संपन्न

सासंद व विधायक ने 15-15 लाख सहयोग देने की घोषणा की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

ये ईश्वरीय कार्य है और ईश्वर जिनसे काम कराना चाहता है उन्हे खुद चुनता है। हम सब तो निमित मात्र है। मंदिर जिर्णोद्धार के संकल्प में राशि की कमी नही आने दी जायेगी।आप जितना मांगोंगे उतना मिलेगा।

यह बात सांसद अनिल फिरोजिया ने स्थानीय पंढरीनाथ कुण्ड परिसर पर श्री त्र्यम्बकेश्वर महादेव मंदिर के पास स्थित श्री गिरिराजधरण और श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर जिर्णोद्धार के भुमिपुजन अवसर पर उपस्थित जन को संबोधित करते हुए कही। वही विधायक जितेंद्र उदयसिंह पण्डया ने श्री त्र्यम्बकेश्वर महादेव मित्र मण्डल न्यास द्वारा मंदिर जिर्णोद्धार संकल्प पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रारंभिक तौर पर अपनी और से व सांसद अनिल फिरोजीया की और से 15 -15 लाख रू निधि से देने की घोषणा की गई।

स्वागत भाषण व मंदिर के बारे में

जानकारी अंकित त्रिवदी व हरिकिशन जी मेलवाणी ने दी। मंदिर जिर्णोद्धार समिति द्वारा समस्त भक्तो से मंदिर जिर्णोद्धार में तन मन धन से सहयोग की अपील की गई। कार्यक्रम स्थल पर कई दानदाताओं द्वारा सहयोग राशी की घोषणा भी की गई। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री श्याम शर्मा, एल्डरमेन सत्यनारायण भाटी, मधुसुदन गुर्जर, किशोर पांचाल मौजूद रहे।

जनपद पंचायत की समीक्षा बैठक में सचिव के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बडौद



जनपद पंचायत बड़ौद अंतर्गत ग्राम पंचायतों में संचालित शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु मंगलवार को मांगलिक भवन, मेला ग्राउंड बड़ौद में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में बी.एस. सोलंकी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत आगर मालवा द्वारा योजनावार प्रगति की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत खेड़ानरेला के सचिव सुरेश लबाना बिना पूर्व सूचना के बैठक में अनुपस्थित पाए गए। साथ ही, ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यों की प्रगति अत्यंत न्यून पाई गई।

उक्त स्थिति को गंभीरता से लेते हुए बी.एस. सोलंकी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत आगर मालवा द्वारा सुरेश लबाना, सचिव ग्राम पंचायत खेड़ानरेला को तत्काल प्रभाव से निलंबित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक में अमृतराज सिसोदिया सहित जनपद से अधिकारी मौजूद रहे।

विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास पूर्णता एवं लेबर नियोजन, स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत शौचालय विहीन परिवारों का चिन्हांकन, वॉश ऑन व्हील, स्वच्छ सर्वेक्षण, कर वसूली, संबल योजना अंतर्गत हितग्राही सत्यापन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन एवं समग्र आईडी की ई-केवाईसी सहित विभिन्न कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई।

कालिका माता नवरात्रि मेला - महिला कबड्डी विजेता टीम हुई पुरस्कृत



बड़नगर। नगर पालिका द्वारा नवरात्रि महोत्सव के अंतर्गत आयोजित नव दिवसीय नवरात्रि मेले की शुरूआत रविवार को महिला कबड्डी स्पर्धा के साथ हो गई है। मेले के दूसरे दिन सोमवार को पुरुष राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ एवं मंगलवार को प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता में प्रदेश की नामी कबड्डी टीमों ने दमखम दिखाया। बड़ी संख्या में दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। महिला कबड्डी प्रतियोगिता की विजेता टीम को विधायक जितेंद्र उदय सिंह पंड्या, पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, मेला अध्यक्ष नर्मदा राजेश परमार द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में विधायक पंड्या ने कहा कि मेले में खेल के साथ-साथ साहित्य और संस्कृति का भी संगम देखने को मिलेगा।

फ्री रजिस्ट्री शुरू लेकिन बढ़ेगे विवाद

सारंगपुर। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस) की धारा 218 के तहत मुकदमा (अभियोजन स्वीकृति) से सुरक्षा के आश्वासन और बर्खास्त प्रोबेशनर पटवारियों की बहाली के वादे के बाद आखिरकार पटवारियों ने अपनी प्रदेशस्तरीय हड़ताल समाप्त कर दी है। हडताल खत्म होने से फ्री रजिस्ट्री का काम तो दोबारा शुरू हो गया है, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में जमीन के रिकॉर्ड दुरुस्त न होने से संपत्ति मालिकों की चिंता बढ़ गई है। पटवारियों ने मुकदमों के डर से अपने लिए तो सुरक्षा गारंटी मांग ली, लेकिन अभिलेखों में मौजूद गंभीर त्रुटियों के सुधार के बिना हो रही रजिस्ट्री से भविष्य में विवाद गहराने की पूरी आशंका है।

प्रशासनिक निर्णय के अनुसार पटवारी केवल उन्हीं संपत्तियों की फ्री रजिस्ट्री का काम करेंगे जो पूरी तरह से निर्विवादित हैं। जिन अभिलेखों में त्रुटियां, आपत्तियां या रिकॉर्ड सही नहीं हैं।

संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में हजारों बच्चों ने लिया भाग

ब्यावरा। धर्म, संस्कृति तथा महापुरुषों के चरित्र से अवगत कराने के उद्देश्य से श्रीअंजनीलाल मंदिर धाम पर नवरात्रि महोत्सव में मंदिर ट्रस्ट द्वारा आयोजित संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में विभिन्न शासकीय-अशासकीय विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों का उत्साह इतना अधिक था कि मंदिर ट्रस्ट को अतिरिक्त बैठक व्यवस्था करना पड़ी। पहले दिन संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में सैकड़ो की संख्या में स्कूलों के बच्चे शामिल हुए. दशकों पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी श्रीअंजनीलाल मंदिर ट्रस्ट द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को संपन्न हुई भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता में बच्चें अपने धर्म, संस्कृति और महापुरुषों से जुड़े प्रश्नपत्र को हल कर रोमांचित और हर्षित हुए।

भारतीय संस्कृति ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के सैकड़ो की संख्या में बच्चे शामिल हुए। बच्चों का उत्साह इतना अधिक था कि मंदिर ट्रस्ट परिवार की अपेक्षा और स्कूल प्रबंधन द्वारा बताई गई संख्या से अधिक प्रतियोगी शामिल होने से बैठक व्यवस्था कम पड़ गई. प्रतियोगिता में रामायण, महापुरुषों, हमारी संस्कृति से जुड़े 100 प्रश्न पूछे गये। प्रतियोगिता के समापन पर प्रतिभागी बच्चों को ट्रस्ट परिवार की और से बिस्किट के पैकेट वितरित किए गये।

भद्रकाली माता मंदिर में परशुराम सेना महिला मंडल ने की महाआरती



नागदा। नवरात्रि की द्वितीया पर सोमवार रात चंबल मार्ग स्थित मां भद्रकाली शक्ति पीठ पर श्री राष्ट्रीय परशुराम सेना युवा वाहिनी महिला मंडल के तत्वावधान में भव्य महाआरती का आयोजन किया गया। शंखध्वनि के साथ प्रारंभ हुई महाआरती में ढोल-ताशों की गूंज और माता के जयकारों से मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। नवरात्र में माता का विशेष श्रृंगार तथा मंदिर परिसर में आकर्षक विद्युत सज्जा की गई। इस अवसर पर सकल हिंदू समाज की ओर से बजरंग चौहान ने नगरवासियों से 15 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक माहेश्वरी धर्मशाला में आयोजित होने वाले शस्त्र पूजन कार्यक्रम में अधिकाधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया।

खाचरोद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद

सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल खाचरोद में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

14 अक्टूबर को पी.सी. गुप्ता जी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निदेर्शानुसार एवं प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद नीतूकांता वर्मा के मार्गदर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा शासकीय सांदीपनी हायर सेकेंडरी स्कूल खाचरौद में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम जिला नीतू कांता वर्मा, अपर लोक अभियोजन रजनीश उपाध्याय, अधिवक्ता मनीष शर्मा, अधिवक्ता हर्षित चौरडिया द्वारा बच्चों को विधिक रूप से साक्षर किया गया।

आयोजित शिविर में सर्वप्रथम स्कूल के स्कूल के प्राचार्य जुझारसिंह राठौर एवं अन्य शिक्षकगण द्वारा उपस्थित अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ भेंट कर किया गया। हर्षित चौरडिया अभिभाषक द्वारा



विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका को देश का विशेष स्तंभ बताते हुए मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी गई। अधिवक्ता मनीष शर्मा द्वारा बच्चों को साइबर क्राइम के बारे मे जानकारी दी गई।अपर लोक अभियोजक रजनीश उपाध्याय द्वारा बच्चों को यातायात के नियम के बारे में विस्तृत रुप से जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य जुझारसिंह राठौर द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त कर उपस्थित अतिथिगण ने दी।

प्रथम जिला न्यायाधीश

नीतूकांता वर्मा द्वारा बताया गया कि बच्चों को अपने जीवन को सुदृढ़ कैसे बनाये तथा देश हित, समाज हित में किस प्रकार से कार्य करना चाहिए एवं अपने जीवन को उंचाईयों तक पहुचाने के किस प्रकार से प्रयास करें और लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ऐसे अपराधों से बचाव, अपराध के दुष्परिणाम और अपराध से मिलने वाली सजा का किस प्रकार का परिणाम प्राप्त होता हैं।

वृद्धाश्रम में गिरने से वृद्ध महिला की मौत

शुजालपुर। जटाशंकर मार्ग स्थित घर संसार वृद्धाश्रम में रह रहीं तुलसीबाई राठौड़ 80 की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले वृद्धाश्रम की सीढि ?ों से गिरने के कारण वे घायल हो गई थीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे मूल रूप से कालापीपल क्षेत्र की निवासी थीं। करीब सात महीने पहले तुलसीबाई शुजालपुर रेलवे स्टेशन पर लावारिस हालत में मिली थीं। शुजालपुर निवासी रितेश परमार ने उन्हें स्टेशन पर घूमते देखा था। इसके बाद लोगों की मदद से उन्हें पुलिस तक पहुंचाया गया और देखरेख के लिए घर संसार वृद्धाश्रम भेजा गया।

क्षीरसागर में समुद्र मंथन से हुआ था मां लक्ष्मी का प्राकट्य

पौराणिक कथा के अनुसार महर्षि दुर्वासा के शाप से स्वर्ग का वैभव खोने के बाद देवताओं और असुरों ने मिलकर क्षीरसागर में समुद्र मंथन किया। इस महामंथन से हलाहल विष, कामधेनु और ऐरावत समेत कुल 14 दिव्य रत्न निकले। शरद पूर्णिमा के दिन समुद्र मंथन से प्रकट होकर मां लक्ष्मी ने भगवान विष्णु को अपने पति के रूप में चुना।



14 दिव्य रत्नों में थीं शामिल

मां लक्ष्मी को धन, ऐश्वर्य और सुख-समृद्धि की देवी माना जाता है। माना जाता है कि मां लक्ष्मी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और व्रत करने से आर्थिक तंगी दूर होती है और कभी धन संबंधी समस्या नहीं होती है। इसके साथ ही दीपावली पर भी मां लक्ष्मी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि मां लक्ष्मी के प्रकट होने की कथा क्या है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि मां लक्ष्मी का जन्म कैसे हुआ।

सनातन धर्म में मां लक्ष्मी को वैभव, धन, सुख-समृद्धि की देवी माना जाता है। पौराणिक कथाओं और धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक मां लक्ष्मी का जन्म साधारण माता-पिता के कोख से नहीं बल्कि उनका प्राकट्य ब्रह्मांड के सबसे बड़े और प्रसिद्ध 'समुद्र मंथन' से हुआ था। जब देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र मंथन किया था, तो समुद्र में से 14 बहुमूल्य रत्न और दिव्य वस्तुएं निकली थीं। समुद्र मंथन के दौरान शरद पूर्णिमा के दिन क्षीरसागर से मां लक्ष्मी का प्राकट्य हुआ था। इसके बाद उन्होंने जगत के पालनहार श्री विष्णु को अपने पति के रूप में चुना था। मां लक्ष्मी की उत्पत्ति सृष्टि में ऊर्जा, धन और सकारात्मकता के संतुलन को स्थापित करने के लिए थी।

समुद्र मंथन से निकले 14 रत्न

इस अद्भुत प्रक्रिया में समुद्र मंथन से एक-एक करके कुल चौहद दिव्य और शक्तिशाली रत्न प्रकट हुए। समुद्र मंथन की शुरूआत में सबसे पहले विष हलाहल निकला। जोकि बेहद घातक और विषैला था। सृष्टि की रक्षा के लिए महादेव ने विष को अपने कंठ में धारण किया और वह नीलकंठ बन गए। समुद्र मंधन से सभी की इच्छाएं पूरी करने वाली कामधेनु गाय निकली। इसके बाद सात मुख वाला सफेद रंग का चमकीला और उड़ने वाला उच्चैःश्रवा घोड़ा समुद्र मंथन से निकला। इंद्रदेव का वाहन ऐरावत हाथी समुद्र मंथन से निकला। यह हाथी सफेद रंग का और ऐश्वर्य का प्रतीक था। समुद्र मंथन से भगवान विष्णु के वक्ष स्थल पर शोभा पाने वाली सबसे मूल्यवान और जादुई कौस्तुभ मणि निकली। हर मनोकामना को पूरी करने वाला कल्पवृक्ष समुद्र मंथन से निकला। समुद्र मंथन से रंभा और मेनका आदि अप्सराएं निकलीं, जोकि सुंदर और कला में निपुण थीं। समुद्र मंथन से धन, ऐश्वर्य और सौंदर्य की देवी मां लक्ष्मी निकलीं। मदिरा की देवी वरुणी देवी समुद्र मंथन से निकलीं। शीतलता और प्रेम के प्रतीक भगवान चंद्रमा का समुद्र मंथन से प्राकट्य हुआ। जिसकी खुशबू से पूरा लोक महक उठता है, वह पारिजात वृक्ष भी समुद्र मंथन से निकला। विजय और पवित्रता का प्रतीक दिव्य पाञ्चजन्य शंख भी समुद्र मंथन से निकला। आयुर्वेद के जनक और देवताओं के चिकित्सक धन्वंतरि हाथ में अमृत कलश लेकर प्रकट हुए। समुद्र मंथन से दिव्य अमृत कलश निकला, जिसको पीने से देवता अमर हो गए।

समुद्र मंथन की कथा

पौराणिक कथा के मुताबिक देवराज इंद्र और सभी देवता महर्षि दुर्वासा के शाप के कारण अपनी शक्ति और वैभव खो बैठे थे। जिसके बाद स्वर्ग पर असुरों का राज हो गया। ऐसे में इस संकट से उबरने के लिए सभी देवताओं ने भगवान श्रीहरि विष्णु से मदद मांगी। तब श्रीहरि ने देवताओं को क्षीरसागर मंथन करने का उपाय बताया। इस महामंथन के लिए मंदाचल पर्वत को मथानी और वासुकी नाग को रस्सी के रूप में इस्तेमाल किया गया। समुद्र मंथन में मदद पाने के लिए देवताओं ने असुरों से समझौता किया। जिसके बाद देवताओं और असुरों ने मिलकर समुद्र की गहराई को मथना शुरू किया।

मां मुंडेश्वरी मंदिर में होती है बिना खून बहाए सात्विक बलि



बिहार के कैमूर जिले के पवरा पहाड़ी पर मां मुंडेश्वरी मंदिर है। जोकि अद्भुत शक्तिपीठ होने के अलावा भारत का सबसे पुराना जीवित मंदिर है। इस मंदिर का निर्माण करीब 108 ईस्वी में किया गया था। स्थापत्य और आस्था दोनों के नजरिए से यह मंदिर बेहद खास है। मंदिर में मां मुंडेश्वरी की अष्टभुजा वाली प्रतिमा स्थापित है। सुरक्षा और सिद्धि प्राप्ति के लिए मां मुंडेश्वरी की पूजा-अर्चना की जाती है। वहीं मंदिर में एक शिवलिंग भी स्थापित है, जिस वजह से यह शैव और शक्त दोनों संप्रदायों के लिए बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है।

यह एक अष्टकोणीय मंदिर है और इसकी वास्तुकला, शिल्पकला और पहाड़ पर बसे होने की वजह से इसके दर्शन करना काफी मनोरम लगता है। बसंत पंचमी, नवरात्रि और महाशिवरात्रि के मौके पर मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिलती है। मां मुंडेश्वरी मंदिर अपनी प्राचीनता के अलावा बलि देने के अनोखे तरीके के लिए भी जाना जाता है। यहां पर खासतौर पर बिना खून बहाए बकरे की सात्विक बलि भी दी जाती है। इसके बाद बकरे को जीवित छोड़ दिया जाता है। वहीं इस मंदिर में स्थित पंचमुखी शिवलिंग को लेकर भी यह मान्यता है कि इसका रंग हमेशा बदलता रहता है। वहीं यह दुनिया के पुराने चालू मंदिरों में से एक है। मंदिर तक पैदल जाने के लिए सीढ़ियों की भी व्यवस्था है। वहीं मंदिर तक पहुंचने के लिए करीब 500-600 सीढ़ियां चढ़नी होती हैं। वहीं मंदिर पहाड़ी पर स्थित है जोकि करीब 608 फीट ऊपर है।

सीढ़ियों के अलावा ऊपर जाने के लिए वाहन और सड़क मार्ग की भी व्यवस्था है। मां मुंडेश्वरी का वाहन महिष है, क्योंकि मां मुंडेश्वरी को वाराही देवी के रूप में पूजा जाता है।

Sport

श्रीलंका ने पाकिस्तान को क्लीन स्वीप से रोका

एजेंसी ▸▸ रावलपिंडी

श्रीलंका ने मंगलवार को तीसरे टी-20 मैच में पाकिस्तान को 8 विकेट से हराया। इसी के साथ उसने पाकिस्तान को 3 मैचों की सीरीज में क्लीन स्वीप करने से रोक लिया। रावलपिंडी में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। पाकिस्तान के 20 ओवर में 8 विकेट पर 168 रन का स्कोर बनाया। जवाब में श्रीलंका ने 17.1 ओवर में 2 विकेट पर लक्ष्य हासिल करके जीत दर्ज की। श्रीलंकाई कप्तान कुसल मेंडिस ने 48 गेंदों पर नाबाद 87 रन बनाए। जबकि, गेंदबाज दासुन शनाका ने 3 विकेट झटके। मेंडिस प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए।

नटराजन सनराइजर्स हैदराबाद में लौटे

स्पिनर जीशान अंसारी दिल्ली कैपिटल्स से जुड़े

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आईपीएल 2027 के ऑक्शन से पहले सनराइजर्स हैदराबाद और दिल्ली कैपिटल्स ने ट्रेड किया है। मंगलवार को हुए इस सौदे में टी नटराजन सनराइजर्स हैदराबाद में वापस लौटे हैं, जबकि उनके बदले लेग स्पिनर जीशान अंसारी दिल्ली से जुड़ गए हैं। नटराजन को हैदराबाद ने 5 करोड़ रुपए की राशि पर टीम में शामिल किया। जीशान अंसारी मौजूदा 40 लाख रुपए की फीस पर ही दिल्ली से खेलेंगे। उन्होंने आईपीएल 2025 में हैदराबाद के लिए 10 मैच खेले थे। इसमें उन्होंने 6 विकेट लिए थे।

नटराजन 2020 से 2024 तक पांच सीजन में हैदराबाद की टीम का हिस्सा रहे थे। उनका सबसे सफल सीजन 2024 रहा। तब उन्होंने टीम के लिए सबसे ज्यादा 19 विकेट चटकाए थे। 2025 के ऑक्शन में दिल्ली ने नटराजन को 10.75 करोड़ रुपए में खरीदा था। अब वह संशोधित 5 करोड़ रुपए की फीस पर अगला आईपीएल खेलेंगे। 2027 सीजन से पहले यह इकलौता प्लेयर ट्रेड नहीं है। जून में भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत और रिस्ट स्पिनर कुलदीप यादव को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली के बीच भी ट्रेड हुआ था। पंत दो सीजन बाद अपनी पुरानी फ्रेंचाइजी में लौटे। उन्होंने पहले लखनऊ सुपर जायंट्स छोड़ने की इच्छा जताई थी।





हर्षित, पंत की फिटनेस से अटका सिलेक्शन

तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा और ऋषभ पंत की फिटनेस के कारण न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारत की टेस्ट और वनडे टीम का सिलेक्शन अटका हुआ है। दावा किया है कि सिलेक्टर्स इन प्लेयर्स की फिटनेस रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। चयन समिति टीम घोषित करने में आखिरी समय तक इंतजार कर सकती है। दोनों टीमों को 28 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के लिए रवाना होना है। वनडे सीरीज 4 नवंबर से शुरू होगी। दो टेस्ट की सीरीज 19 नवंबर से खेली जाएगी। बता दें 22 अक्टूबर से शुरू हो रहे दौरे के लिए भारतीय टी-20 टीम का ऐलान किया जा चुका है।

वैभव सूर्यवंशी ने सोशल मीडिया पर लिखा- इंतजार करिए

नई दिल्ली। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टी-20 मैच से पहले इंस्टाग्राम पर लिखा, इंतजार करिए। उन्होंने बवंडर और रेत घड़ी के इमोजी भी लगाए। वैभव की इस पोस्ट को 8 लाख 96 हजार यूजर्स लाइक कर चुके हैं। वैभव को वेस्टइंडीज सीरीज में अब तक खेलने का मौका नहीं मिला है। उनकी पोस्ट के बाद फैंस को लगा कि शायद वे वेस्टइंडीज के खिलाफ बुधवार को चौथे टी-20 में खेलेंगे। हालांकि उन्हें इस मुकाबले में भी प्लेइंग-11 में शामिल नहीं किया गया। वैभव सूर्यवंशी ने 4 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ मैनचेस्टर में टी-20 इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **रणजी पदार्पण पर विहान का शतक-** भारतीय अंडर-19 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य विहान मल्होत्रा ने रणजी ट्रॉफी पदार्पण में असम के खिलाफ शतक लगाकर सीनियर क्रिकेट में शानदार शुरूआत की।
- **मध्यप्रदेश और जम्मू-कश्मीर का मैच बारिश से प्रभावित-** रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मध्यप्रदेश और जम्मू-कश्मीर के बीच तीसरे दिन बारिश के कारण खेल सीमित रहा। दोनों टीमों के लिए बचे हुए समय में पहली पारी का प्रदर्शन महत्वपूर्ण रहेगा।
- **लक्ष्य सेन के सामने कड़ी चुनौती-** डेनमार्क ओपन बैडमिंटन में भारतीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन का मुकाबला चीनी ताइपे के चौउ तिएन-चेन से निर्धारित है। टूर्नामेंट में भारतीय खिलाड़ियों की आगे की राह इस मुकाबले से प्रभावित होगी।
- **भारतीय क्रिकेट टीम में फिटनेस पर नजर-** न्यूजीलैंड दौरे से पहले तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा और ऑलराउंडर हर्षित राणा की फिटनेस को लेकर चयनकर्ताओं की नजर बनी हुई है। दोनों खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार टीम संयोजन तय किया जाएगा।
- **रणजी में बंगाल की दिल्ली पर बढ़त-** रणजी ट्रॉफी मुकाबले में बंगाल ने दिल्ली के खिलाफ पहली पारी में बढ़त बनाई। तीसरे दिन के खेल के बाद बंगाल की टीम दिल्ली से 88 रन आगे थी, जिससे मुकाबले में उसकी स्थिति मजबूत हुई।

अय्यर टी-20 बैटर्स की रैंकिंग में चौथे नंबर पर आए

शतक लगाने का फायदा मिला, अब टॉप-4 में 3 भारतीय; पाकिस्तानी कप्तान नंबर-3 पर हैं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय टी-20 कप्तान श्रेयस अय्यर आईसीसी की ताजा टी-20 बैटर्स रैंकिंग में चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। उन्होंने 3 स्थान की छलांग लगाई है।

31 साल के अय्यर वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के पहले मैच में शतक लगाने का फायदा मिला। अय्यर ने लखनऊ में टी-20 इंटरनेशनल करियर का पहला शतक लगाया था। वहीं, ईशान किशन रैंकिंग में पहले और अभिषेक शर्मा दूसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के साहिबजादा फरहान तीसरे स्थान पर हैं। इस तरह टॉप-4 में भारत के 3 बल्लेबाज शामिल हैं टी-20 बॉलिंग रैंकिंग में भारत के अक्षर पटेल 649 रेटिंग पॉइंट्स के साथ 9वें नंबर पर हैं। वे टॉप-10 में शामिल इकलौते भारतीय गेंदबाज हैं। अफगानिस्तान के राशिद खान 720 पॉइंट्स के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। ऑस्ट्रेलिया के एडम जंपा 700 पॉइंट्स के साथ दूसरे और इंग्लैंड के आदिल राशिद 695 पॉइंट्स के साथ तीसरे नंबर पर हैं। पाकिस्तान के अबरार अहमद भी 695 पॉइंट्स के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर हैं। वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को टी-20 इंटरनेशनल गेंदबाजों और ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में फायदा हुआ है। वे गेंदबाजों की रैंकिंग में 24 स्थान ऊपर चढ़कर 23वें नंबर पर पहुंच गए हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में 2 स्थान की छलांग लगाकर तीसरे नंबर पर



टेस्ट रैंकिंग में रेनशॉ को फायदा

ऑस्ट्रेलिया ने डरबन में साउथ अफ्रीका को पहले टेस्ट में 214 रन से हराया। इसके बाद टेस्ट रैंकिंग में कई खिलाड़ियों को फायदा हुआ। ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू रेनशॉ ने पहली पारी में 190 और दूसरी पारी में 82 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस प्रदर्शन के दम पर वह बल्लेबाजों की रैंकिंग में संयुक्त रूप से 49वें नंबर पर पहुंच गए। इससे पहले वह टॉप-100 से बाहर थे।

हेजलवुड 7वें नंबर पर पहुंचे

ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड को भी फायदा हुआ है। उन्होंने दूसरी पारी में 49 रन देकर 6 विकेट लिए। इसके बाद वह 2 स्थान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गए। मिचेल स्टार्क गेंदबाजों की रैंकिंग में पहले स्थान पर बने हुए हैं।

न्यूज कॉलम

धार में कम पानी वाली फसलों पर रखेंगे फोकस

धार। जिले में अल्प वर्षा को देखते हुए जल संरक्षण और पेयजल आपूर्ति की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को जिला पंचायत सभागार में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद सावित्री ठाकुर ने जल जीवन मिशन के कार्यों और जिले में जल उपलब्धता की समीक्षा की। बैठक में सिंचाई जल, आदिवासी क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति, जल संरचनाओं के संरक्षण और नहरों के रखरखाव पर चर्चा हुई। केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पानी की बचत और उपलब्ध जल का सही उपयोग जरूरी है।

सीएम का पुतला जलाने पर 11 कांग्रेसियों पर एफआईआर

आलीराजपुर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का पुतला जलाने पर पुलिस ने कार्रवाई की है। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेश पटेल और नगर पालिका उपाध्यक्ष साबिर बाबा समेत 11 लोगों पर एफआईआर दर्ज की। कांग्रेस ने मंगलवार, 13 अक्टूबर को बिजली-पानी की समस्या को लेकर प्रदर्शन किया था। यह प्रदर्शन महेश पटेल के नेतृत्व में सिनेमा टॉकीज चौराहे पर हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने ग्रामीण इलाकों में बिजली कटौती, कम वोल्टेज और पानी की समस्या पर विरोध जताया।

टीआई ने आदिवासियों से अभद्रता की, एससी/एसटी एक्ट की मांग

झाबुआ। आम आदमी पार्टी (आप) ने भोपाल में प्रदर्शन के दौरान मिसरोद थाना प्रभारी पर आदिवासी युवकों से अभद्रता का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। पार्टी की झाबुआ इकाई ने मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन एडिशनल एसपी प्रतिपाल सिंह महोबिया को सौंपा। इसमें 'जय जोहार' बोलने पर पुलिसकर्मियों के बुरे बर्ताव पर नाराजगी जताते हुए एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज करने की मांग की है। हालांकि, मामले में अभद्र टिप्पणी और गाली-गलौज करने वाले मिसरोद थाना प्रभारी रतन सिंह परिहार को बुधवार को निलंबित कर दिया गया है।

सरदारपुर में सीईसी के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



ज्ञानेश कुमार का इस्तीफा मांगा, तहसीलदार को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा

धार। धार जिले के सरदारपुर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। विधायक प्रताप ग्रेवाल के निर्देश पर सौंपा गया यह ज्ञापन नायब तहसीलदार प्रशस्तिसिंह जमरा को दिया गया। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग की कार्यप्रणाली, निष्पक्षता और पारदर्शिता को लेकर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस ने ज्ञापन में कहा कि भारतीय लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की महत्वपूर्ण भूमिका है। निर्वाचन आयोग एक संवैधानिक संस्था है, जिसकी निष्पक्षता और विश्वसनीयता लोकतंत्र की मजबूती के लिए आवश्यक है। आयोग की जिम्मेदारी है कि चुनाव प्रक्रिया में आम जनता का विश्वास बना रहे। ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों पर निष्पक्षता से विचार करने की मांग की गई। कांग्रेस ने निर्वाचन आयोग की स्वतंत्रता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग भी की।

नैनो न्यूज

- **इंदौर में सोया उद्योग का सम्मेलन-** इंदौर में 16 और 17 अक्टूबर को इंटरनेशनल सोया कॉन्क्लेव आयोजित होगा। ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में सोया और खाद्य तेल कारोबार से जुड़े उद्यमी जुटेंगे।
- **प्लास्ट पैक मेले की तैयारी तेज-** इंदौर में 27 नवंबर से प्लास्ट पैक मेला आयोजित होगा। इसमें देशभर के निवेशकों और प्लास्टिक पैकेजिंग उद्योग से जुड़े कारोबारियों के शामिल होने की संभावना है।
- **व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर लाइसेंस जांच-** नगर निगम ने विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों में जांच के दौरान वैध ट्रेड लाइसेंस के बिना चल रही चार दुकानों को सील किया। कारोबारियों से लाइसेंस बनवाने और समय पर नवीनीकरण कराने को कहा गया।
- **इंदौर के स्टार्टअप को फंडिंग का रास्ता-** आईआईटी इंदौर की डीआरआईएसएचटीआई सीपीएस फाउंडेशन ने आईएफसीआई वेंचर कैपिटल के साथ साझेदारी की है।
- **प्रॉपर्टी बाजार में बढ़ी खरीदारी-** इंदौर में अप्रैल से जुलाई 2026 के दौरान 58,549 संपत्ति दस्तावेजों का पंजीयन हुआ। पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले पंजीयन में 8.5 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई।
- **कारोबारियों में डिजिटल भुगतान शुल्क की चिंता-** इंदौर के 125 व्यापारिक संगठनों ने यूपीआई लेनदेन पर प्रस्तावित शुल्क का विरोध किया है। संगठनों का कहना है कि अतिरिक्त लागत से व्यापारियों का खर्च बढ़ सकता है और डिजिटल भुगतान प्रभावित हो सकता है।

लोकायुक्त पुलिस की इंदौर के पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई

इंदौर के हेड कॉन्स्टेबल के पास मिली 6.26 करोड़ रुपये की प्रॉपर्टी

सैलरी से 223% ज्यादा, परिचित महिला के नाम भी संपत्ति, 15 ठिकानों पर लोकायुक्त की रेड

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर/देवास

लोकायुक्त पुलिस ने इंदौर के पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय (पीटीसी) में पदस्थ हेड कॉन्स्टेबल (ड्राइवर) फिरोज खान के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में कार्रवाई की। लोकायुक्त इंदौर और उज्जैन की संयुक्त टीम ने सुबह 6 बजे से देवास स्थित उसके निवास समेत इंदौर और देवास के 15 ठिकानों पर सर्चिंग शुरू की।

शुरूआती जांच में आरोपी के पास करीब 6.26 करोड़ रुपए की अनुपातहीन संपत्ति मिली है। लोकायुक्त के अनुसार, यह उसकी आंकी गई आय से करीब 223% ज्यादा है।

शिकायत में आरोप लगाया गया था कि फिरोज खान पुलिस विभाग में होने का प्रभाव दिखाकर देवास क्षेत्र में विवादित जमीनों और प्लॉटों के मामलों में हस्तक्षेप करता है। उस पर अन्य लोगों के माध्यम से जमीनों का लेन-देन करने, संपत्ति में निवेश करने, परिवार के सदस्यों और एक परिचित महिला के नाम पर संपत्तियां खरीदने, कई वाहन रखने और लकड़ी का कारोबार करने के आरोप भी हैं। एसपी राजेश सहाय के मुताबिक, फिरोज खान को वेतन से करीब 75 लाख रुपए की आय होना अनुमानित किया गया है। अन्य स्त्रोतों से होने वाली आय जोड़कर उसकी कुल आय 1.93 करोड़ रुपए आंकी गई है।



सांवेर में 21.75 बीघा जमीन के सौदे की भी जांच

जांच में सांवेर तहसील के ग्राम गुरान में करीब 21.75 बीघा कृषि भूमि से जुड़ा मामला भी सामने आया है। इस जमीन को लेकर शिकायतकर्ता के पुत्र और उसके पिता के बीच विवाद है। आरोप है कि इस विवाद का फायदा उठाकर फिरोज खान ने अपनी परिचित रोशनी वर्मा के नाम पर शिकायतकर्ता के पिता से कृषि भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवाया।

मां-पत्नी के नाम पर साहिल ट्रेडिंग नाम की कंपनी

शुरूआती जांच में सामने आया कि आरोपी की मां और पत्नी के नाम पर साहिल ट्रेडिंग कंपनी नाम की फर्म है। इस फर्म के खाते में करोड़ों रुपए का लेन-देन हुआ है। वहीं, आरोपी की परिचित रोशनी वर्मा द्वारा रोशनी सेल्स एंड सर्विस नाम से फर्म संचालित किए जाने की जानकारी भी मिली है। जमीनों की खरीद में उनकी भूमिका सामने आने के बाद लोकायुक्त ने उन्हें भी आरोपी बनाया है। जांच में यह भी पता चला है कि फिरोज खान ने रॉयल ग्रीन रियल एस्टेट नाम की फर्म के माध्यम से रियल एस्टेट में निवेश किया है।

वीआईपी नंबर वाली स्कॉर्पियो भी जांच के दायरे में

जांच के दायरे में इंदौर में एक काले रंग की स्कॉर्पियो भी है, जिसका वीआईपी नंबर 9000 है। इसके लिए बड़ी रकम दी गई थी।इंदौर में लोकायुक्त की एक टीम बाणगंगा क्षेत्र के एक ठिकाने पर छानबीन कर रही है। इसके बाद टीम श्रीनगर स्थित एक फ्लैट पर जाएगी। इंदौर की तुलना में देवास और आसपास के ठिकानों पर ज्यादा छानबीन चल रही है।

परिवार के ही किसी व्यक्ति ने शिकायत की थी- खास बात यह है कि फिरोज खान की करोड़ों की प्रॉपर्टी की शिकायत उनके परिवार के ही एक व्यक्ति ने लोकायुक्त पुलिस से की थी। इसके बाद बुधवार सुबह करीब 6:00 बजे लोकल पुलिस की आठ टीमों ने एक साथ 15 स्थानों पर छापेमारी शुरू की।

आठ अधिकारियों की टीम कर रही जांच- देवास में चल रही कार्रवाई में डीएसपी सुनील तालान और दीपक सेजवार सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल हैं। इंदौर में डीएसपी आनंद चौहान और दिनेशचंद्र पटेल के नेतृत्व में टीम सर्चिंग कर रही है। लोकायुक्त की टीम बैंक खातों, फर्मों के लेन-देन, निवेश और संपत्तियों से जुड़े दस्तावेज की जांच कर रही है। सर्चिंग पूरी होने के बाद बरामद दस्तावेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

देवास में 11 और इंदौर में 4 ठिकानों पर कार्रवाई

लोकायुक्त की टीम देवास में 11 और इंदौर में 4 ठिकानों पर मकान, फ्लैट, कृषि भूमि, प्लॉट और व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं। देवास में आदर्श नगर स्थित आरोपी के निवास के अलावा पुष्पकुंज कॉलोनी, विजय नगर कॉलोनी, इंदिरा गांधी नगर, राधागंज और अन्य क्षेत्रों की संपत्तियों की जांच की जा रही है। इंदौर में बाणगंगा क्षेत्र स्थित रोशनी वर्मा के निवास, स्कीम नंबर 94 के मनोरमा अपार्टमेंट और श्रीनगर कॉलोनी के श्रीदेवी अपार्टमेंट स्थित फ्लैट सहित अन्य संपत्तियों पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा, देवास जिले के गजीपुरा, जेतपुरा और गद्दूखेड़ी तथा इंदौर जिले की सांवेर तहसील के ग्राम गुरान में स्थित कृषि भूमि और अन्य संपत्तियों को भी जांच में शामिल किया गया है।

बंगले के एक हिस्से से मोटा किराया मिल रहा- हेड कॉन्स्टेबल फिरोज खान वर्तमान में पुलिस ट्रेनिंग कॉलेज में ड्राइवर के पद पर हैं। इससे पहले वह देवास औद्योगिक थाना और बागली में पदस्थ रहे। पिता भी पुलिस विभाग में रहे थे। फिरोज देवास में ही रहता हैं। उनकी अब तक 20 साल की सरकारी सर्विस हुई है। इंदौर में स्कीम 94 स्थित बड़े बंगले पर लोकायुक्त की एक टीम जांच कर रही है। वहां फिरोज खान की नजदीकी दोस्त रोशनी वर्मा रहती हैं, जबकि बंगले का निचला हिस्सा किराए से दिया गया है। इससे अच्छी-खासी आय होती है।

छात्रों की भूख हड़ताल के दौरान दो की तबीयत बिगड़ी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

अपनी विभिन्न मांगों को लेकर श्री राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के पदाधिकारी व छात्र होलकर कॉलेज में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर है। सोमवार को ही ये भूख हड़ताल शुरू की गई है और मंगलवार को भूख हड़ताल का दूसरा दिन था।



इस दौरान छात्र की तबीतय बिगड़ गई, जबकि एक युवती बेहोश हो गई थी। दरअसल 25 सितंबर को कॉलेज में गणेश विसर्जन के दौरान हुए विवाद के चलते कुछ स्टूडेंट्स को टीसी दे दी थी।

भूख हड़ताल पर राजपूत करणी सेना छात्र संगठन के होलकर कॉलेज के उपाध्यक्ष व स्टूडेंट हर्ष तिवारी के मुताबिक 25 सितंबर को दो गुटों में विवाद हुआ था, जिसमें उन्हें और उनके सात साथियों को टीसी दे दी और एफआईआर भी दर्ज करा दी।

टीसी उन्हें 25 सितंबर को हुए विवाद के लिए दी, लेकिन सस्पेंशन लेटर वेबसाइट में 24 सितंबर को ही तैयार कर दिया। लेटर में 24 तारीख डली हुई है और उसमें ऑफिशियल सील साइन भी है। यहां अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे हैं।

युवक-युवती को एयरपोर्ट पर उतारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

देवी अहिल्याबाई होलकर अंतरराष्ट्रीय विमानतल पर मंगलवार रात उस समय हलचल मच गई, जब जोबट पुलिस और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की टीम ने मुंबई जाने वाली फ्लाइट में सवार होने जा रहे एक युवक और युवती को हिरासत में ले लिया। युवती के लापता होने की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने यह कार्रवाई की। दोनों इंडिगो की फ्लाइट से मुंबई जाने वाले थे और बोर्डिंग पास लेकर एरोब्रिज तक पहुंच चुके थे। सूचना मिलने पर सीआईएसएफ ने उन्हें वापस बुलाया और बाद में मौके पर पहुंची जोबट पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, अलीराजपुर जिले के जोबट थाने में सोमवार को एक युवती के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

सड़क हादसों में सब्जी व्यापारी और बस चालक की मौत

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

जूनी इंदौर और तेजाजी नगर थाना क्षेत्र में हुए दो अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों में एक सब्जी व्यापारी और एक निजी ट्रेवल्स का बस चालक शामिल है।

दोनों हादसों में घायलों को इलाज के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां बुधवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों मामलों में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। टक्कर मारकर फरार हुए वाहन चालकों की तलाश की जा रही है। पहली घटना मंगलवार रात जूनी इंदौर थाने के पास हुई। आलापुरा निवासी मनीष (42) पिता रवींद्र बिजवा सोनकर धर्मशाला के सामने सब्जी की दुकान लगाते थे। मंगलवार रात वे सड़क पार कर रहे थे, तभी तेज रफ्तार बाइक सवार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल मनीष को राहगीरों और पुलिस की मदद से एमवाय अस्पताल पहुंचाया गया। यहां इलाज के दौरान बुधवार सुबह उनकी मौत हो गई।

फॉर्च्यूनर ने 100 की रफ्तार में बाइक सवारों को रौंदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

व्हाइट चर्च चौराहे पर सोमवार देर रात 3 बजे तेज रफ्तार सफेद फॉर्च्यूनर कार ने एक बाइक पर सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हैं। टक्कर मारने के बाद वह सड़क पर लगी रेलिंग में जा घुसी। उसके एयर बलून फूलकर बाहर आ गए थे। चालक गिरफ्तार कर लिया गया है। संयोगितागंज टीआई केपी यादव ने बताया, आरोपी चालक का नाम यश (21) पिता धर्मेंद्र कुनवानी पता चला है। हादसे में आदिल (21) पिता अब्बास निवासी आजाद नगर की मौत हो गई, वह मैकेनिक था।

प्लॉट बेचने के नाम पर 7.80 लाख की ठगी: ब्रोकर समेत दो पर एफआईआर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

एरोड्रम थाना पुलिस ने प्लॉट बेचने के नाम पर धोखाधड़ी के मामले में ब्रोकर और प्लॉट बेचने वाले के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आरोप है कि दोनों ने प्लॉट का सौदा करने के बाद फरियादी से 7 लाख 80 हजार रुपए ले लिए, लेकिन न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही कब्जा दिया। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने नंदकिशोर मनावत और धर्मेंद्र ठाकुर के खिलाफ केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक नंदबाग कॉलोनी निवासी विजय चौहान ने शिकायत में बताया कि उन्होंने नंदबाग में एक प्लॉट का सौदा 9 लाख 30 हजार रुपए में तय किया था। इस सौदे के लिए एग्रीमेंट भी किया गया था। फरियादी ने 7 लाख 80 हजार रुपए नकद और ऑनलाइन माध्यम से दिए थे। इसके बावजूद उन्हें प्लॉट का कब्जा नहीं मिला और रजिस्ट्री भी नहीं कराई गई।

विजय चौहान के अनुसार, धर्मेंद्र ठाकुर ने उन्हें बताया था कि नंदकिशोर मनावत उसका परिचित है और वह अपना प्लॉट बेचना चाहता है। प्लॉट के सौदे में धर्मेंद्र ने ब्रोकर की भूमिका निभाई और इसके लिए 10 हजार रुपए लिए थे। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि बाद में प्लॉट की रजिस्ट्री और कब्जे की मांग करने पर उन्हें टालमटोल का सामना करना पड़ा।

फरियादी ने पुलिस को बताया कि जब उन्होंने रजिस्ट्री और कब्जे के लिए दबाव बनाया, तो धर्मेंद्र ने कथित तौर पर धमकाते हुए कहा कि उसके खिलाफ 25 से ज्यादा केस चल रहे हैं। साथ ही, उसके या नंदकिशोर के पास आने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी दी। शिकायत के मुताबिक, पुलिस में शिकायत करने की बात कहने के बाद नंदकिशोर ने 2 लाख 50 हजार रुपए नकद और 30 हजार रुपए ऑनलाइन वापस किए।

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री के ओएसडी डॉ. रोकड़े के खिलाफ शिकायत

45 लाख के भुगतान की जांच के लिए कमेटी गठित, अटैच टैक्सी के उपयोग का आरोप

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय (एमजीएम) में डॉ. राहुल रोकड़े के कार-टैक्सी उपयोग पर हुए करीब 40 से 45 लाख रुपए के भुगतान को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। मामले में कॉलेज प्रबंधन ने चार सदस्यीय जांच समिति गठित की है।

आरोप है कि भोपाल और इंदौर के बीच आने-जाने के लिए इस्तेमाल किए गए वाहन का भुगतान कॉलेज के स्वशासी मद से किया गया, लेकिन इस राशि का अब तक ऑडिट नहीं हुआ और न ही कार्यकारिणी की बैठक में भुगतान को मंजूरी दिए जाने की जानकारी सामने आई है। समिति को तीन दिन में जांच रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए गए हैं।

आॅल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक राधेश्याम मुवेल ने 16 सितंबर 2026 को इस संबंध में कॉलेज के डीन को शिकायत की थी। शिकायत में आरोप लगाया गया कि भोपाल-इंदौर यात्रा के लिए टैक्सी का भुगतान निर्धारित नियमों के विपरीत किया गया। शिकायत के बाद कॉलेज प्रबंधन ने मामले की जांच कराने का निर्णय लिया।

सालाना 14 से 15 लाख रुपए का भुगतान- कॉलेज प्रबंधन के दस्तावेजों के अनुसार तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री के निजी स्थापना से भेजे गए पत्रों के आधार पर ट्रैवल एजेंसी को वर्ष 2021, 2022 और 2023 के दौरान करीब 14 से 15 लाख रुपए सालाना भुगतान किया गया। तीन वर्षों में कुल राशि लगभग 40 से 45 लाख रुपए बताई गई है। जानकारी के मुताबिक कोरोना काल के दौरान मंत्री के नाम पर वाहन अटैच किया गया था। इसका भुगतान एमजीएम मेडिकल कॉलेज के स्वशासी मद से किया गया। कॉलेज के अनुसार संबंधित वाहन का उपयोग डॉ. राहुल रोकड़े कर रहे थे, जो पूर्व में तत्कालीन चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग के ओएसडी रह चुके हैं और वर्तमान में एमजीएम मेडिकल कॉलेज में एमटीए के अध्यक्ष हैं।

भुगतान की स्वीकृति और ऑडिट की होगी जांच

जांच समिति यह पता लगाएगी कि वाहन के भुगतान के लिए किन आदेशों और नियमों का पालन किया गया था। साथ ही, भुगतान के लिए आवश्यक स्वीकृतियां ली गई थीं या नहीं और वित्तीय प्रक्रिया में किसी तरह की अनियमितता हुई या नहीं, इसकी भी पड़ताल की जाएगी। शिकायत में भुगतान का ऑडिट नहीं होने और कार्यकारिणी की बैठक में इसे अनुमोदित नहीं कराए जाने का मुद्दा उठाया गया है। ऐसे में जांच के दौरान संबंधित दस्तावेजों, आदेशों, स्वीकृतियों और भुगतान संबंधी रिकॉर्ड की पड़ताल महत्वपूर्ण होगी।

चार सदस्यीय समिति गठित, तीन दिन में देनी होगी रिपोर्ट- एमजीएम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति गठित की है। एनाटॉमी विभाग की सह प्राध्यापक डॉ. शीनू मलिक सूरी को समिति का अध्यक्ष बनाया गया है। माइक्रोबायोलॉजी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपक गवली और प्रशासनिक अधिकारी टीएस बघेल को सदस्य नियुक्त किया गया है।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com